# परिवहन विभाग में 18 लाख के पेंट-पुट्टी घोटाले ने पकड़ा तूल

## परिवहन अधिकारी अनपा खान और कम्प्यूटर आपरेटर अरविंद सिंह की मिलीभगत से चल रहा गंदा खेल

### आरटीओ अधिकारी का ऑडियो हुआ वायरल

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

जिले से एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में लगभग 18 लाख रुपये के पेंट-पुट्टी और मरम्मत कार्य को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनपा खान ने कुछ अखबारों को दिए बयान में कहा कि वे ठेकेदार शिवम गुप्ता को नहीं जानतीं और यह कार्य सहयोग के आधार पर कराया गया। लेकिन इस बयान के बाद विवाद और गहरा गया है। ठेकेदार शिवम गुप्ता का दावा है कि उन्होंने त्ज्व् कार्यालय में पेंट-पुट्टी और अन्य मरम्मत कार्य कराया गया। कार्य पूरा होने के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं किया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि अधिकारी ठेकेदार को नहीं जानतीं, तो दोनों के बीच कई बार फोन पर बातचीत कैसे हुई? ठेकेदार ने दावा किया है कि उनके पास कॉल रिकॉर्ड, ऑडियो रिकॉर्डिंग और कार्य से संबंधित





तस्वीरें मौजूद हैं, जो पूरे मामले की सच्चाई सामने ला सकती हैं। अब सवाल यह है कि क्या ऑडियो और कॉल रिकॉर्ड इस पूरे मामले का सच उजागर करेंगे? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो पाएगी और क्या युवा ठेकेदार को उसका हक मिल पाएगा।

**आरटीओ कार्यालय के सामने पेंट-पुट्टी का ठेकेदार देगा धरना, परिवहन अधिकारी की कार्यशैली पर उठाए सवाल** - क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय आरटीओ शहडोल में कराए गए पेंट-पुट्टी एवं मरम्मत कार्य के भुगतान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। संबंधित ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि लाखों रुपये का कार्य पूरा करने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में ठेकेदार ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ठेकेदार का कहना है कि अधिकारियों के निर्देश पर कार्यालय परिसर में पेंट-पुट्टी और अन्य मरम्मत कार्य कराया गया था। कार्य पूरा होने के बाद भुगतान के लिए कई बार अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार अलग-अलग कारण बताकर भुगतान टाल दिया गया।

ठेकेदार ने आरोप लगाया कि अधिकारी मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं और उनकी मेहनत की राशि रोककर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया, तो वे आरटीओ कार्यालय के सामने धरना देकर न्याय की मांग करेंगे। मामले के सामने आने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ठेकेदार द्वारा किए गए कार्य का भुगतान समय पर नहीं किया जाता, तो यह प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ठेकेदार ने बताया कि इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और भुगतान कब तक किया जाता है।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में कौशल विकास हेतु महत्वपूर्ण एमओयू संपन्न

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर एवं के मध्य कौशल विकास एवं उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ।

यह समझौता विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव आशिष तिवारी, इन्क्यूबेशन सेंटर के प्रमुख प्रो. प्रवीण शर्मा तथा इन्क्यूबेशन सेंटर की सदस्य डॉ. मौशमी कर एवं डॉ. वंदना राम उपस्थित रहीं। समझौता ज्ञापन के उपरांत कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस, वेब टेक्नोलॉजी एवं अन्य उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण प्रदान करने पर चर्चा हुई। बैठक में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट, इंडस्ट्रियल एक्सपोजर एवं प्लेसमेंट अवसर विकसित करने पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। इसके पश्चात कुलपति के साथ आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष बनाने हेतु दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की गई।

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में आयुष सिंह 80.4 प्रतिशत आर्यन गुप्ता 75.8 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय एवं माता पिता का नाम किया रोशन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** सेन्ट्रल बोर्ड सेकेण्डरी ऐजुकेशन की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में सेंट अलासियस विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र आयुष सिंह, पिता रवींद्र प्रताप सिंह, ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं छात्र आर्यन गुप्ता, पिता रामखेलावन गुप्ता, ने 75.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। अभिभावकों ने भी बच्चों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकों के प्रति आभार जताया।

# सीईओ जिला पंचायत ने की जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति की उपस्थिति में जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सभागार में जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाएं जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय जन भागीदारी अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उददेश्य से बैठक आयोजित की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जयसिंहनगर अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए। उन्होंने कहा कि जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों की फोटो पोर्टल में अपलोड़ करें। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए किए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न विभागों को जो दायित्व सौंपे गए है। संबंधित विभाग जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करें। ग्रामीण क्षेत्रों में जल चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व की जानकारी देकर सहभागी बनाएं। ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। जल निर्मित जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में अनिवार्य रूप से दर्ज कराया जाए। अभियान को गति देने हेतु रैलियों, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर शिवानी जैन ने बताया कि जनप्रतिनिधियो, अधिकारियो एवं स्थानीय जनमानस के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बोरी बंधान, नवीन खेत तालाब, पुराने जल स्त्रोतो के जीर्णोद्वार एवं जनपद पंचायत कार्यालयो में वाटर हार्वेस्टिंग जैसे अन्य कार्य किये गए है तथा जन-जन को जल की एक-एक बूंद सहेजने हेतु निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में एपीओ अनुराग निगम, इंजीनियर्स, सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# 45 दिवसीय शौर्य संकल्प प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

## किस्मत वहीं साथ देती है जहां मेहनत होती है : कलेक्टर

### युवा, सेना में जुड़कर समाज और देश की करें सेवा : विधायक



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** विधायक मनीषा सिंह एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए संचालित शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक मनीषा सिंह ने प्रशिक्षणर्थियो को सम्बोंधित करते हुए कहा कि शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के माध्यम से युवाओ को आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है। शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत चिन्हित अभ्यर्थी मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करें, यह प्रशिक्षण होमगार्ड भर्ती, आर्मी, पुलिस भर्ती जैसे अन्य भर्ती के लिए मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि सेना में भर्ती होकर अपने देश और समाज की सेवा करें। शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना युवाओ को अनुशासन, आत्म विश्वास एवं शारीरिक क्षमता को दक्ष बनाने की पहल है। कार्यक्रम को अध्यक्ष नगरपालिका घनश्याम जायसवाल ने भी सम्बोंधित किया।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने प्रशिक्षण में चयनित अभ्यर्थियो को सम्बोंधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग रूचि होती है और रूचि के अनुसार कार्य करने से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि युवाओ को कभी किश्मत के भरोसे नही रहना चाहिए, किश्मत उन्हीं लोगो का साथ देती है जो कड़ी मेहनत, लगन और समपर्ण के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करते है। उन्होंने युवाओ को प्रतियोगी परीक्षाओ में सफल होने के गुर सिखाते हुए कहा कि परीक्षार्थियो को किताबो से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियो को अपने स्वयं के नोट्स में लिखे और रटने के बजाय उन चीजो को समझ-समझ कर याद करे तो वे चीजे हमेशा याद रहती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में प्रसारित झूठी खबरो से बचे एवं मोबाइल का सकारात्मक उपयोग कर अपने समय का सदुपयोग करें। निरीक्षक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आशा द्विवेदी ने बताया कि म.प्र. शासन, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के 20 जिला मुख्यालयों पर पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 अंतर्गत पृथक-पृथक नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण संचालित किया जाएगा। जिसमें अनूपपुर सहित भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर, ग्वालियर, शहडोल, रीवा, नर्मदापुरम, मुरैना, रायसेन, खण्डवा, मंदसौर, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा, गुना, सतना, बैतूल एवं भिण्ड जिला मुख्यालय शामिल है। प्रशिक्षण अवधि 45 दिवस निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु प्रशिक्षण केंद्र शासकीय पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल निर्धारित किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रात: 6 बजे से 7:30 बजे तक शारीरिक प्रशिक्षण, प्रात: 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं अपरान्ह 11:45 बजे से दोपहर 1:45 बजे तक सैद्वांतिक विषय अध्यापन कक्षा, सांय 5 बजे से प्रात: 6:30 बजे तक खेलकूद की गतिविधियां एवं 6:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक स्वाध्याय हेतु समय-सारणी निर्धारित की गई है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तीरथ गरमे सहित अन्य अधिकारी एवं शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत चिन्हित अभ्यर्थी उपस्थित रहें।

# बिजौरा जलाशय निर्माण कार्य में लापरवाही पर कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने बिजौरा जलाशय निर्माण कार्य में अत्यंत धीमी प्रगति एवं शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एस.के. शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

जारी नोटिस के अनुसार बिजौरा जलाशय निर्माण कार्य 2022-23 अंतर्गत आवंटित किया गया था, जिसकी मूल एवं समयावृद्धि अवधि 20 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित थी। कार्य की कुल स्वीकृत राशि 1111.07 लाख रुपये के विरुद्ध केवल 281.25 लाख रुपये का कार्य ही पूर्ण किया गया है। कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए 21 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2026 तक द्वितीय समयावृद्धि प्रदान की गई थी।



कलेक्टर द्वारा 23 अप्रैल 2026 को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में निर्माण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी एवं असंतोषजनक पाई गई। समीक्षा में यह भी सामने आया कि विभाग द्वारा अब तक पुनरीक्षित कार्य योजना एवं माइलस्टोन प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण होने की संभावना भी कम बताई गई है। कार्यपालन यंत्री द्वारा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन, विभागीय निर्देशों की अवहेलना तथा परियोजना के प्रति गंभीर लापरवाही प्रदर्शित की गई है, जिससे कमाण्ड क्षेत्र के कृषकों को सिंचाई सुविधा मिलने में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

कलेक्टर ने इसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 का उल्लंघन मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने के संबंध में 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा में उत्तर प्रस्तुत नहीं करने

# आंधी ने खोली प्रशासनिक लापरवाही की पोल, जबलपुर-अमरकंटक मार्ग पर गिरे विशालकाय नीलगिरि के पेड़

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले में देर देर शाम तेज आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। जबलपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर विशालकाय नीलगिरि के पेड़ धराशायी हो गए, जिससे सड़क पर आवागमन प्रभावित रहा और क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, अन्यथा जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था।

करंजिया विकासखंड अंतर्गत मोहतरा ग्राम पंचायत,धवाड़ोंगरी ग्राम पंचायत एवं मुसमुंडी पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से सड़क किनारे खड़े जर्जर और खतरनाक नीलगिरि के पेड़ों को हटाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत से लेकर संबंधित विभागों तक कई बार आवेदन और शिकायतें दी गईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर कोई गंभीर पहल नहीं की।



स्थानीय लोगों के मुताबिक मुख्य मार्ग के दोनों ओर कई मकान बने हुए हैं, जहां रहने वाले परिवार हर बारिश और आंधी-तूफान के दौरान भय के साये में रात बिताने को मजबूर हैं। लोगों को लगातार इस बात का डर बना रहता है कि कहीं कोई विशाल पेड़ मकानों पर न गिर जाए। वहीं इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए भी यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि नीलगिरि के कई पेड़ अंदर से खोखले और कमजोर हो चुके हैं। तेज हवा चलते ही इनके गिरने का खतरा बढ़ जाता है। बावजूद इसके संबंधित विभाग केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आ रहे हैं।

बीती रात आए तूफान के बाद सड़क पर गिरे पेड़ों के कारण कुछ समय तक यातायात भी बाधित रहा। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से किसी तरह रास्ता साफ कराया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। अब बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहे हैं? जब लगातार शिकायतें और आवेदन दिए जा चुके हैं, तो फिर इन खतरनाक पेड़ों की कटाई या छंटाई अब तक क्यों नहीं कराई गई? यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# बारात की खुशियां मातम में बदलीं ! भाई की शादी से पहले बहन की मौत, घर में गूंजती शहनाइयां बनीं चीख-पुकार

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिले के ग्राम पंचायत पड़रिया कला के भद्दू टोला में गुरुवार की शाम एक ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने खुशियों से भरे घर को पलभर में मातम में बदल दिया। जिस आंगन में भाई की बारात निकलने की तैयारियां चल रही थीं, जहां ढोल-नगाड़ों और शहनाइयों की गूंज थी, उसी घर में कुछ देर बाद चीख-पुकार और मातम छा गया। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवती प्रियंका परस्ते की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतका प्रियंका परस्ते पिता रघुवर परस्ते अपने भाई की शादी की तैयारियों में जुटी हुई थी। घर में रिश्तेदारों का जमावड़ा था, महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं और परिवार बारात की खुशियों में डूबा हुआ था। तभी अचानक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर लोगों के बीच जा घुसी और देखते ही देखते खुशियों का माहौल दर्दनाक हादसे में बदल गया।

हादसा इतना भयावह था कि प्रियंका ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों की चीखें सुन हर किसी की आंखें नम हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल 112 वाहन और एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को जिला चिकित्सालय डिंडौरी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

बताया जा रहा है कि कुछ ही देर में प्रियंका के भाई की बारात निकलने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही घर में बेटी की मौत की खबर ने सबको तोड़कर रख दिया। जिस घर से खुशियों के गीत सुनाई दे रहे थे, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। मां-बाप और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है।

# 166 जोड़ों ने थामा जीवनभर का साथ, अमरपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बना खुशियों का महोत्सव

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग के तत्वावधान में सीएम राइज विद्यालय प्रांगण अमरपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जनपद पंचायत समनापुर एवं अमरपुर क्षेत्र के कुल 166 वर-वधु वैवाहिक बंधन में बंधे। कार्यक्रम पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ, जिसमें लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम सहित कई जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में नवविवाहित जोड़ों को प्रशासन द्वारा टोकन वितरण की व्यवस्था की गई थी। वधुओं को सीएम राइज स्कूल अमरपुर से मुख्य समारोह स्थल तक लाया गया, वहीं मॉडल छात्रावास से बारात नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए विवाह स्थल पहुंची। समारोह के दौरान गुदुम बाजा और पारंपरिक लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। सांसद फग्गन सिंह



कुलस्ते, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रत्येक नवदंपत्ति को पांच बर्तन, पांच जोड़ी कपड़े और अंगूठी भेंट स्वरूप प्रदान की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन एवं नल-जल योजना के तहत घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने की बात भी कही।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि इस योजना से हजारों परिवारों को आर्थिक संबल मिला है और सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं विधायक ओमकार मरकाम ने नवदंपत्तियों से प्रेम, विश्वास और सामाजिक मूल्यों के साथ जीवनयापन करने का आह्वान करते हुए नशे से दूर रहने की अपील की।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति प्रकाश धुर्वे ने नवविवाहित बेटियों को परिवार में सम्मान और सामंजस्य बनाए रखने की सीख देते हुए सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में सभी वर-वधुओं को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 49 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन उनके बैंक खातों में प्रदान की गई। समारोह में दोनों पक्षों के परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिनके लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

# भीषण गर्मी के बीच बार-बार बदल रहा मौसम, बीमारियों ने दी दस्तक

### आंधी और बौछारों के साथ उमस ने बढ़ाई बेचैनी

जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

संस्कारधानी में पिछले कुछ दिनों से जारी प्रचंड गर्मी और तीखी धूप के बीच मौसम ने अचानक करवट ली । दिनभर की तपिश और लू के थपेड़ों से बेहाल शहरवासियों को देर रात हुई झमाझम बारिश ने बड़ी राहत दी है। हालांकि, इस अचानक आए बदलाव के बाद हवा में नमी बढ़ने से शहर में उमस का असर काफी बढ़ गया है। इधर बार-बार मौसम के परिवर्तन होने से घर-घर बीमारियों ने अपनी दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.8 तो वहीँ न्यूनतम तापमान 28.2 दर्ज किया गया। इसके साथ ही पिछले चौबीस घंटों में स्थानीय स्तर पर बने सिस्टम के कारण मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। दिन के समय जहां सूरज आग उगल रहा था और लोग घरों में



दुबकने को मजबूर थे, वहीं देर रात अचानक आसमान में काले बादलों का डेरा जमा और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस बेमौसम बरसात से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे रात के समय लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस की।

बारिश जहां अपने साथ कुछ समय की ठंडक लेकर आई, वहीं सुबह होते ही इसने एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है। तेज धूप और जमीन से उठने वाली भाप के कारण हवा में आर्द्रता का स्तर काफी बढ़ गया है। इसके चलते शहरवासी अब भारी उमस और चिपचिपी गर्मी से परेशान हैं। कूलर और पंखे भी इस उमस के सामने बेअसर साबित हो रहे हैं, जिससे लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं।

### आगामी कुछ दिनों तक ऐसा ही रहेगा मिजाज

जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में अभी दो से तीन दिनों तक मौसम का यह रुख बरकरार रह सकता है। इस दौरान दोपहर या शाम के समय तेज आंधी चलने, गरज-चमक की स्थिति बनने और हल्की बूंदाबांदी या बौछारें गिरने के आसार बने हुए हैं। प्री-मानसून की इस सक्रियता ने नौतपा से पहले गर्मी के तेवरों को कुछ समय के लिए धीमा जरूर किया है, लेकिन उमस के रूप में जनता की परीक्षा अभी जारी रहेगी।

### मौसम विभाग की किसानों को सलाह

मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले 16-20 मई को जबलपुर ज़िले में दिन(43-44 डिग्री) एवं रात (28-30 डिग्री) के बढ़ने के साथ गर्म हवा (लू ) चलने की संभावना है। कुछ जगहों पर आँधी के साथ हल्की वर्षा भी आ सकती है। दीर्घवादी पूर्वानुमान में पूर्वी मध्य प्रदेश मे आने वाले दो हफ्तों मे दिन एवं रात के तापमान में बढ़ने की संभावना है। 21-28 मई को हल्की वर्षा की भी संभावना है। फसलों, फलो एवं सब्जियों के खेतों में कम अंतराल पर सिंचाई करें। कटी हुई रबी की फसलों की उपज को धूप में सुखाकर नमी मात्रा 12 प्रतिशत रखें। बोरी को भी सुखाकर अनाज भरे। मिट्टी का परीक्षण प्रमाणित संस्था से करवाये एवं आवयतानुसार खेतो में लेज़र लेवलिंग करवाएं। खाली पड़े खेतों में 3 वर्ष में एक बार गहरी जुताई करें। अरहर की बुवाई हेतु खेत की तैयारी करें, एवं प्रमाणित संस्था से गुणवक्ता बीज ले। पशुओं को हरा चारा सुबह या शाम के समय दे।

# पूर्व सीएमएचओ के खिलाफ आरोप तय, विभागीय जांच तेज

### करोड़ों का घोटाला कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिले के तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. संजय मिश्रा के खिलाफ गंभीर वित्तीय अनियमितताओं को लेकर विभागीय जांच की प्रक्रिया तेज कर दी गई। भोपाल संभाग के क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय द्वारा जारी पत्र में शासन की ओर से तैयार आरोप पत्र डॉ. मिश्रा को तामील कराया गया है। आरोप है कि बिना सामग्री प्राप्त हुए ही करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया, जिससे शासन को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा। आयुक्त की मंजूरी के बाद जारी नोटिस में डॉ. मिश्रा से 15 दिनों के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### तत्काल जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश

विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा में प्रतिवाद



प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनके खिलाफ एकपक्षीय दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि डॉ. मिश्रा फिलहाल निलंबित हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 14(3) के तहत प्रस्तावित विभागीय जांच के अंतर्गत की जा रही है। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं कार्यालय, भोपाल ने निर्देश दिए हैं कि नोटिस प्राप्त होने के बाद डॉ. मिश्रा तत्काल अपना जवाब प्रस्तुत करें, ताकि आगे की कार्यवाही के लिए संचालनालय को जानकारी भेजी जा सके।

### आइपीएल पर दांव लगाते पकड़ा गया सटोरिया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिविल लाइन थाना प्रभारी पूर्व चौरसिया ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कल्चुरी होटल के गेट के पास एक व्यक्ति मोबाइल द्वारा आईपीएल मैच पर जीत हार का दाव लगते हुए सट्टा खेल रहा है। सूचना पर दबिश दी गई जहां 34 वर्षीय शिवा जार्ज निवासी जमुनिया सिंह का बाड़ा गुरूद्वारा के पीछे गोरखपुर पकड़ा गया। जिसने पूछताछ पर आईपीएल टीमों में दाव सटोरिये बाबी निवासी बिलहरी के माध्यम से अपने रेडमी नोटप्रो मोबाइल से आईपीएल का सट्टा वेवसाईट पर लगाना बताया, आईपीएल सट्टा के नगद 1700 रूपये व पूर्व में आईपीएल टीम में लगाये पैसे का रिकार्ड हिसाब किताब मोबाइल में रखा मिला। उसने आइपीएल टीम पंजाब एवं मुम्बई में लगभग 1 लाख 23 हजार रूपये का सट्टा लगाया है।



### हाईकोर्ट के निर्णय पर बड़ा फुहारा में हुआ मिष्ठान वितरण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट के द्वारा धार स्थित भोजशाला पर हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय पर खुशी जाहिर करते बड़े फुहारा में मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की गयी। इस दौरान हरे कृष्णा आश्रम आश्रम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग प्रचारक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने कहा सत्य की जीत हुई है। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ,सह संकीर्तनाचार्य श्याम मनोहर पटेल ,संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, विनोद दीवान, मनोज गुलाबबानी, छन्नू राम पटेल, विनोद विश्वकर्मा, दुर्गा पटेल, गुड्डू नेता, शिवकुमार पटेल, कैलाश विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# ट्रेनों के स्टॉपेज और बेहतर रेल कनेक्विटी पर हुई चर्चा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शुक्रवार को सर्किट हाउस क्रमांक 01 में सांसद लोकसभा आशीष दुबे की पमरे महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जबलपुर मंडल एवं क्षेत्रीय रेल विकास से जुड़े विभिन्न यात्री सुविधाओं, अधोसंरचना विकास तथा रेल परिचालन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में जबलपुर रेलवे स्टेशन की हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने, कोचिंग मेंटेनेंस सुविधाओं के विकास तथा यात्रियों से संबंधित पूर्ण एवं प्रस्तावित कार्यों की सूची तैयार कर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। सांसद ने मदन महल एवं जबलपुर रेलवे स्टेशनों पर ओपन एरिया में टीन शेड एवं पर्याप्त



कवरिंग की व्यवस्था किए जाने, पार्किंग व्यवस्था में सुधार हेतु एंट्री एवं एग्जिट मार्ग पृथक किए जाने तथा यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में शहपुरा के समीप रोड ओवर ब्रिज मरम्मत कार्य के कारण उत्पन्न यातायात समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने पर सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त जबलपुर स्टेशन से गरीब रथ ट्रेनों की संख्या एवं स्टॉपेज बढ़ाने, जबलपुर-दमोह रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने तथा पुणे जाने वाली ट्रेनों के फेरे बढ़ाकर नियमित संचालन किए जाने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संबंधित विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शराब तस्करी में लिप्त एक युवक को पुलिस ने पकड़ा है। थाना प्रभारी पाटन गोपिन्द्र सिंह ने बताया की चौकी नुनसर में सूचना मिली कि काले रंग की मोटर साइकिल में एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब लेकर पाटन तरफ जा रहा है। सूचना पर कंतोरा तिराहा पर बेरिकेडिंग लगाकर वाहन चैकिंग की गई कुछ समय बाद बाइक से एक व्यक्ति आते दिखा जिसे रोकने का प्रयास करने पर और तेजी से पाटन की तरफ मोटर सायकल से भागने लगा। जिसका पीछा करते हुए नुनसर पार करके रिंग रोड पर घेराबंदी कर रोका गया। पकड़ा गया व्यक्ति 51 वर्षीय उत्तम सिंह भदौरिया उर्फ परषोत्तम सिंह भदौरिया निवासी ग्राम अहरोरा थाना शहपुरा वर्तमान पता रांझी है । जिसके पास रकि बोरी एवं थैले की तलाशी लेने पर कुल 319 पाव देशी शराब कीमत लगभग 38 हजार 280 रूपये रखी मिली। आरोपी उत्तम सिंह भदोरिया के कब्जे से शराब व शराब परिवहन में प्रयुक्त बाइक जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।



# मंदिर का गेट खुलते ही अंदर छिपा मिला चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कांटी में स्थित प्रसिद्ध ठाकुर बाबा मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई जहां ग्रामीणों की सूझबूझ और एक चोर की मजबूरी के कारण पूरी वारदात का चंद घंटों में खुलासा हो गया। बीती देर रात मंदिर का ताला टूटने की भनक लगते ही जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो उन्हें मंदिर के गेट के पास ही गांव का शातिर चोर 20 वर्षीय नीरज चौधरी छिपा हुआ मिल गया। ग्रामीणों ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी नीरज ने खुलासा किया कि उसने अपने दो साथियों 19 वर्षीय मोहन चौधरी और 20 वर्षीय शनि चौधरी के साथ मिलकर मंदिर का ताला तोड़ा और दानपेटी से नगदी साफ कर दी। चोरी के बाद पैसे आपस में बांटकर मोहन और शनि तो भाग निकले, लेकिन नीरज की आंखों की रोशनी कमजोर होने के कारण भागते समय उसका मोबाइल फोन मंदिर के गेट के पास ही गिर गया था। वह अंधेरे में अपना मोबाइल ढूंढ ही रहा था कि तभी ग्रामीण जाग गए और घेराबंदी कर दी, जिससे बचने के लिए वह वहीं छिपने को मजबूर हो गया। 60 वर्षीय ग्रामीण सुनील सिंह राजपूत की शिकायत पर कटंगी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी नीरज की निशानदेही पर सरगर्मी से तलाश कर फरार साथी शनि और मोहन चौधरी को भी कांटी गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दानपेटी से चुराए गए एक हजार रुपये और मोहन के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड बरामद कर ली है।

**सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर उड़ा ले गए चोर-** विजयनगर थाने में 50 वर्षीय आभा सिंह निवासी शिवनगर कालोनी, विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 अप्रैल को अपने भाई के साथ सुबह घर से बाहर गयी थी और उनकी माँ घर में सो रही थीं, कुछ दिन बाद उनकी माँ ने अपनी पेटी देखी तो पाया की ताला टूटा हुआ था और पेटी में रखी सोने की 1 चैन, 3 जोड़ी टाप्स, 1 अंगूठी गायब थे, उन्हें संदेह है कि गैरमौजूदगी में माँ के सोते समय कोई अज्ञात चोर सामान चोरी कर ले गया है।

# दोस्त के पास गिरवी रखी कार उड़ा ले गए चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाना क्षेत्र के पटेल नगर में कार चोरी का मामला सामने आया है, जहां एक युवक द्वारा अपने दोस्त के पास गिरवी रखी गई मारुति आल्टो कार को आधी रात को कोई अज्ञात चोर उड़ा ले गया। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर अब पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नया मोहल्ला ओमती निवासी 28 वर्षीय साहिल यादव जो पेशे से ऑटो चालक है, ने अपनी मारुति आल्टो 800 कार को पैसों की सख्त जरूरत होने के कारण बीते साल 25 अगस्त 2025 को अपने दोस्त बलराम साहू के पास गिरवी रखा था। बलराम साहू पटेल नगर में पटेल किराना दुकान के पीछे रहता है। दोनों दोस्तों के बीच बकायदा एक लाख रुपये का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी तैयार हुआ था, इसी बीच, बीते 10 मई की सुबह बलराम साहू के बेटे ध्रुव साहू ने उसको फोन पर बताया कि जो आल्टो कार उनके घर के बाहर खड़ी थी, उसे देर रात कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया है। चोरी की खबर मिलते ही साहिल तुरंत अपने दोस्त के घर पटेल नगर पहुंचा। जब उन्होंने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, तो उसमें एक अज्ञात शख्स 10 मई की रात करीब साढ़े तीन बजे कार को स्टार्ट कर ले जाता हुआ साफ दिखाई दिया। पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया।

# मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी में 72 युवाओं को मिले जॉइनिंग लेटर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार का अवसर दिया, कंपनी ने अपनी कार्यक्षमता को मजबूत करने और कुशल युवाओं को मौका देने के लिए चल रही सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत 72 और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए हैं। इन नियुक्तियों में मार्च 2026 में जारी की गई प्रथम प्रतीक्षा सूची के 29 अभ्यर्थी भी शामिल हैं। सितंबर 2025 से लेकर अब तक विभिन्न पदों पर कुल 277 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, इस सीधी भर्ती में कुल 43 नियमित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त किया गया है, जिन्होंने इसी साल फरवरी में कंप्यूटर आधारित परीक्षा पास की थी। इनमें श्रेणी-2 के सहायक अभियंता मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और शिफ्ट केमिस्ट शामिल हैं, जिन्हें जबलपुर के शक्ति भवन में रिपोर्ट करने को कहा गया है। वहीं श्रेणी-3 के कनिष्ठ अभियंता और कार्यालय सहायक ग्रेड-3 के चयनित उम्मीदवारों को उनके आवंटित पदस्थापना स्थलों पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, वेटिंग लिस्ट से आए 29 अभ्यर्थियों को भी दस्तावेज सत्यापन के बाद कनिष्ठ अभियंता, प्लांट असिस्टेंट, चिकित्सा अधिकारी और सुरक्षा गार्ड जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्ति दे दी गई। कार्यालय सहायक ग्रेड-3 के 43 अन्य अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन भी 15 मई को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

### श्याम सोलंकी को मिली कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार पूर्व विधायक विनय सक्सेना के आग्रह पर श्याम सोलंकी को झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में जबलपुर शहर की नियुक्ति की गई। इससे पहले भी वह झुग्गी झोपड़ी कांग्रेस प्रकोष्ठ में मध्य प्रदेश के महामंत्री पद पर कार्य कर चुके हैं। इस दौरान अरुण पवार, अशोक यादव, जितेंद्र यादव, मुन्ना सेन, अनिल गुप्ता, आलोक गुप्ता, प्रिंस सलूजा, सुमन जैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पेट्रोल पंप से सटे ईको हारवेस्ट बायो फ्यूल प्लांट में भड़की आग

### गोसलपुर क्षेत्र का मामला, कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर स्थित ईको बायोमास फ्यूल प्लांट में शुक्रवार की दोपहर भीषण अग्नि हादसा हो गया। प्लांट संचालक संध्या राय पति गोविंद राय और ममता जैन पति सुशील जैन निवासी गोसलपुर खिन्नी रोड के प्लांट में प्रबंधन के द्वारा बड़ी मात्रा में गेहूं की नरवाई से बने रोल गट्ठे खुले रूप में एकत्रित किए गए थे। जिनमे अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया घटना की सूचना मिलते ही कटनी, जबलपुर,



सिहोरा, पनागर, मझौली से लगभग एक दर्जन दमकल वाहन और टैंकरों के माध्यम से आग को काबू में किया गया। बाहर रखे गेंहू नरवाई के गठे पूरे जलकर खाक हो गए आग वेयरहाउस में स्थित प्लांट में भी जा पहुंची जहां पर मशीनों द्वारा बने प्लेट्स जलकर खाक हो गए मशीनों को भी काफी नुकसान हुआ है।

### इलाके में मचा हड़कंप

गौरतलब है की प्लांट के चारो ओर लगभग 10 फीट ऊंची बाउंड्रीवाल के साथ इरिगेशन ड्रिप सिस्टम होना चाहिए परंतु यह नहीं था नीचे रख नरवाई के गठठो के ऊपर से विद्युत केबल लाइन भी गुजरी हुई है जिससे सुरक्षा के नियमों की घोर अनदेखी की गई। आपातकालीन स्थिति में आग से निपटने के लिए रेत की बाल्टियां , वाटर कैनन सिस्टम उपलब्ध नहीं था। प्लांट में कोई साइड इंजीनियर नहीं था अप्रशिक्षित लोगों से कार्य कराया जा रहा था। प्लांट प्रबंधन की लापरवाही से घटित अग्नि हादसा से जहां एक और दहशत फैल गई वहीं प्लांट के ठीक बाजू से संचालित पेट्रोल पंप और स्थित गैस गोदाम में भी आग लगने का खतरा पैदा हो गया था। परंतु सतर्कता से गैस गोदाम और पेट्रोल पंप को सुरक्षित बचा लिया गया।

घटना के बाद मौके पर सिहोरा एसडीएम ज्योति परस्ते ,तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजाम, एसडीओपी आदित्य सिंघारिया, टीआई गाजीवती कोसाम, नायब तहसीलदार जयभान सिंह ऊइके मौके में पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई किए।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र)

### (तृतीय निविदा सूचना)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| .1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | TENDER ID- 2026_UAD_507867_1 PRO-188 DATE 15/5/2026 | स्वामी विवेकानंद वार्ड में हरिशंकर उपाध्याय से चंद्रभान दुबे तक सीसी सड़क निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 3 माह 5.92 लाख | 2000.00 5924 | 25/5/2026 |
| 2 | TENDER ID- 2026_UAD_507867_2 PRO-188 DATE 15/5/2026 | कमला नेहरू वार्ड में रेखा चौबे सीमा से दालचंद्र जैन तक सीसी सड़क निर्माण कार्य (CM MONIT A+) | 3 माह 6.81 लाख | 2000.00 6807 | 25/5/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

# डिजिटल निगरानी में होंगे बांधवगढ़ के गिद्ध, पहली बार गरुड़ ऐप से होगी गणना

उमरिया स्वतंत्रमत




जिले के बांधवगढ टाइगर रिजर्व में इस बार गिद्धों की गणना पारंपरिक तरीके से नहीं बल्कि आधुनिक तकनीक की मदद से की जाएगी। 22 से 25 मई तक आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन सर्वे अभियान में पहली बार बड़े स्तर पर गरुड़ ऐप का इस्तेमाल किया जाएगा। वन विभाग का मानना है कि डिजिटल सिस्टम के जरिए गिद्धों की वास्तविक संख्या और उनकी गतिविधियों की ज्यादा सटीक जानकारी मिल सकेगी। अभियान के तहत जंगल के अलग-अलग हिस्सों में विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। ये टीमें गिद्धों के बसेरों, भोजन स्थलों और जल स्त्रोतों पर नजर रखेंगी। सर्वे के दौरान हर लोकेशन की जानकारी सीधे मोबाइल ऐप में दर्ज होगी, जिससे पूरे डेटा की लाइव मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी। विभाग का कहना है कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और आंकड़ों में त्रुटि की संभावना कम होगी। वन विभाग ने अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। फील्ड स्टाफ, वन रक्षकों और स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण में कर्मचारियों को गिद्धों की प्रजातियों की पहचान, उनके व्यवहार और मोबाइल आधारित डेटा एंट्री की प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि सर्वे के दौरान वन्यजीवों की प्राकृतिक गतिविधियों में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि इस अभियान में करीब 250 वनकर्मी और कई स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि गिद्धों की प्रजातिवार गणना बेहद संवेदनशील कार्य है, इसलिए सभी कर्मचारियों को पहले से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उनके मुताबिक इस सर्वे से गिद्ध संरक्षण से जुड़े अहम आंकड़े सामने आएंगे। बांधवगढ़ का जंगल प्रदेश में गिद्धों के प्रमुख आवासों में गिना जाता है। यहां व्हाइट रम्प्ड, लॉन्ग बिल्ड, रेड हेडेड और इजिप्शियन जैसी दुर्लभ प्रजातियों के गिद्ध पाए जाते हैं। पिछली गणना में यहां 700 से अधिक गिद्ध दर्ज किए गए थे। वन विभाग को उम्मीद है कि इस बार डिजिटल तकनीक के जरिए और बेहतर परिणाम सामने आएंगे, जो भविष्य की संरक्षण योजनाओं में मददगार साबित होंगे।

## खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में लगातार कार्यवाही जारी

### तीन वाहन सहित एक जे.सी.बी. मशीन जब्त



उमरिया स्वतंत्रमत

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस.आर्मो की टीम द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम हेतु सतत् भ्रमण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में खनिज अमले की वाहन जॉच में तहसील बांधवगढ़ अंतर्गत सिंगलटोला रेल्वे फाटक के पास उमरिया से शहपुरा रोड पर एक ट्रेक्टर जिसका वाहन क्रमांक एमपी 54 जेड 2014 मय ट्राली वाहन स्वामी मुन्ना यादव पिता रूरू यादव को खनिज मिट्टी के परिवहन करते पाए जाने से रोका गया जिसमें कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने से वाहन को जप्त किया गया।इसी प्रकार 14 मई 2026 को तहसील पाली अंतर्गत बेली-मुदरिया रोड के किनारे निजी भूमि से 1 जे.सी.बी. जिसका क्रमांक एमपी 18 डीए 0473 एवं 2 अन्य मेटाडोर जिनके क्रमांक क्रमशः एमपी 18 जीए 5255 एवं एमपी 18 जीए 4978 के द्वारा अवैधानिक रूप से मिट्टीध्मुरूम का उत्खनन कर निर्माणाधीन मुदरिया प्लेटफार्म के भराई हेतु ले जा रहा था। जिसे उत्खनन एवं परिवहन दौरान जब्त किया जाकर थाना पाली के परिसर में अभिरक्षार्थ रखवाया गया। उक्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के नियमों के तहत कार्यवाही प्रचलन में है तथा संयुक्त अमले द्वारा कलेक्टर के निर्देशन में लगातार सघन जॉच की जा रही है।

## जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न, डेंगू नियंत्रण के लिए उमरिया में जनजागरूकता अभियान शुरू

उमरिया स्वतंत्रमत



राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई 2026 को अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम च्डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी रू जांच करें, सफाई करें और ढकेंज्ज रखी गई है। जिले में डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बैठक,प्रशिक्षण, रैली और नारे लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला मलेरिया कार्यालय उमरिया में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें अर्बन उमरिया एवं अर्बन चंदिया के सुपरवाइजर और स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण एवं शपथ दिलाई गई। ब्लॉक स्तर पर भी बैठक और रैली आयोजित की जा रही है तथा गांव-गांव में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल ने बताया कि डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर व जोड़ों में दर्द, शरीर पर चकत्ते, नाक या मसूड़ों से खून आना तथा आंखों के पीछे दर्द शामिल हैं। ऐसे लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आशा या एएनएम से संपर्क कर जांच और उपचार कराना चाहिए। जिला व्हीबीडी सलाहकार रवि कुमार साहू ने बताया कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है और दिन में काटता है। बचाव के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें, सप्ताह में एक बार कूलर और पानी की टंकी खाली करें तथा मच्छरदानी का उपयोग करें। टूटे बर्तन, टायर और डिब्बों में पानी जमा न होने दें। रुके हुए पानी में जला हुआ ऑयल या केरोसिन डालें।कार्यशाला में मलेरिया निरीक्षक दद्दू चौधरी, सेक्टर सुपरवाइजर विनोद जावरकर,माया शर्मा,नीलेश सोनी, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुष्पेन्द्र सोनी ने जिले में किया टॉप 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया मान

उमरिया स्वतंत्रमत



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के होनहार छात्र पुष्पेन्द्र सोनी (संजू) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। आरसी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उमरिया के छात्र पुष्पेन्द्र ने कॉमर्स संकाय में 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह गौरव हासिल किया। पुष्पेन्द्र श्री दीपनारायण सोनी एवं श्रीमती सुशीला सोनी के सुपुत्र हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार, विद्यालय और जिले में हर्ष का माहौल है। पुष्पेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य के साथ पढ़ाई करने से सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने पुष्पेन्द्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की है। पुष्पेन्द्र की यह सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## जंगल में मिली महिला की सड़ी-गली लाश

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलारी में शुक्रवार की सुबह एक विवाहित महिला का सड़ा-गला शव जंगल में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।



तेंदूपत्ता तोड़ने गए संग्राहकों ने जब लाश देखी तो भय और आशंका का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल सरपंच को सूचना दी और फिर पुलिस को खबर दी गई। ग्राम कोयलारी के तेंदूपत्ता संग्राहक शुक्रवार की सुबह सीतापठोर से कोयलारी के बीच बहने वाली राजीव सागर बांध की नहर के तरफ पत्ते तोड़ने गए थे। इसी दौरान उन्हें एक महिला की लाश दिखाई दी। लाश लगभग पूरी तरह से सड़ चुका थी और आसपास भयंकर दुर्गंध फैली हुई थी। संग्राहक तुरंत गांव लौटे और सरपंच को इसकी जानकारी दी। सरपंच ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तिरोड़ी थाना प्रभारी रूद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक डी.आर. पटले और आरक्षक मौके पर पहुंचे। लाश करीब आठ दिन पुरानी होने का अनुमान लगाया गया है। शरीर पूरी तरह से गल चुका था जिस कारण मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि लाश से एक आर्टिफिशियल मंगलसूत्र बरामद किया गया है जिस कारण महिला के विवाहित होने का अनुमान लगाया गया है।

# खैरलांजी तहसीलदार ने 9 अतिक्रमणकारियों से छुड़ाई 6 एकड़ शासकीय जमीन, भारी पुलिस बल रहा मौजूद

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



खैरलांजी तहसील प्रशासन ने शुक्रवार शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पिंडकेपार में शासकीय घास बीड़ की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। प्रशासन ने जेसीबी मशीन की मदद से करीब 6 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान राजस्व अमला और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार ग्राम पिंडकेपार के खसरा नंबर 233/1 की शासकीय भूमि पर लंबे समय से कुछ ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर खेती किए जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायतकर्ता जितेंद्र अठराहे सहित अन्य ग्रामीणों ने तहसीलदार और कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में बताया गया था कि ओमकार दमाहे, महेंद्र वैध, जयपाल बिरनवार, देवीलाल सोनवाने, सनत लाल लोधी, मंगल प्रसाद लोधी, पन्नालाल, स्वर्ण कुमार और प्रदीप द्वारा शासकीय घास बीड़ की जमीन पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर तलब किया था। जांच और सुनवाई के बाद बेदखली आदेश जारी किए गए। आदेश के तहत शुक्रवार को तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया, नायब तहसीलदार दादूलाल परते, निरीक्षक खेमलाल मर्सकोले, हरिशंकर साकेत, पटवारी आई.एस. सिंगल सहित राजस्व अमला जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। नायब तहसीलदार दादूलाल परते ने बताया कि शासकीय जमीन पर लंबे समय से अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी। बेदखली आदेश के पालन में प्रशासन द्वारा कार्रवाई कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन की पहल की सराहना की।

## एक्सीडेंट करने पर मामला कायम

**उमरिया स्वतंत्रमत।** मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम रिझौहा में वाहन चालक व्दारा वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया गया। जानकारी अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 10 एक्स 3299 के चालक व्दारा वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया गया । शिव पटेल पिता राधेश्याम पटेल निवासी चखनटोला ग्राम कछौहा कि शिकायत पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## पैसे के विवाद को लेकर हुई मारपीट

**उमरिया स्वतंत्रमत।** चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम देवरा पुराने सरपंच के घर के पास पैसे के विवाद को लेकर आरोपियो व्दारा फरियादी से मारपीट की गई। जानकारी अनुसार महेश प्रताप सिंह पिता भैया लाल सिंह उम्र 47 साल कि शिकायत पर आरोपी ओमकार गडारी, फोरन कोल, राहुल गडारी पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## जान से मारने की धमकी देने पर मामला कायम

**उमरिया स्वतंत्रमत।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम घंघरी मे आरोपी वदारा फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार रूपा बाई बर्मन पति गोविंद बर्मन उम्र 28 साल निवासी ग्राम घंघरी की शिकायत पर पुलिस ने गोविंद बर्मन पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## कुएं मे डूबने से युवती की मौत

**उमरिया स्वतंत्रमत।** मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम सिगुडी निवासी महिला की कुएं मे डूबने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतिका का नाम कलावती पटेल पति स्व0 रामसुवांश पटेल निवासी ग्राम सिगुडी है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## आरोपी पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित

**उमरिया स्वतंत्रमत।** पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने थाना मानपुर उमरिया के अपराध क्रमांक 123ध्2026 धारा 137 (2) बी एन एस अपहता ग्राम ताला कि दस्तयाबी पर उद्घोषणा कि है कि जो कोई ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर दस्तयाबी या गिरफ्तारी संभव हो,उसे पांच हजार रूपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक जिला उमरिया का निर्णय अंतिम होगा ।

# अतिक्रमण हटाने दो जिला पंचायत सदस्य आमने-सामने

## खैरलांजी राजस्व विभाग बगैर अतिक्रमण हटाए लौटा, सेवा सहकारी समिति बैंक की भूमि पर अतिक्रमण

बालाघाट(स्वतंत्र मत)





खैरलांजी का राजस्व अमला अचानक खैरलांजी के सेवा सरकारी समिति मर्यादित बैंक की भूमि पर फैले अतिक्रमण को हटाने जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। एक ओर जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला पर अतिक्रमण करने के आरोप लगाते रहे तो वही जिला पंचायत सदस्य सुनीता बहेटवार के द्वारा पूर्णतः अतिक्रमण हटाने को लेकर अड़ी रही, जिसके बाद विवाद बढ़ता चला गया और फिर राजस्व अमला ने मौके का पंचनामा कार्यवाही कर अतिक्रमण की कार्यवाही को टालते हुए बैरंग लौट गए। जानकारी अनुसार, सेवा सरकारी समिति मर्यादित बैंक खैरलांजी के बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला के द्वारा 15 वित्त से 4 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई गई। लेकिन जब सेवा सहकारी मर्यादित बैंक की जमीन पर फैले अतिक्रमण को हटाने राजस्व तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया, नायब तहसीलदार दादूलाल परते अपने अमले के साथ जेसीबी मशीन के साथ पहुंचे। तो अतिक्रमण कार्यों का कहना था कि पहले जमीन को पूर्ण तरह से अतिक्रमण मुक्त किया जाए जिसको लेकर विवाद बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना था की सेवा सरकारी मर्यादित बैंक की जमीन 38 डिसमिल जो मधु ऋषि शुक्ला ने राजनीति के चलते अतिक्रमण किया हुआ है जिसका पहला अतिक्रमण हटाया जाए उसके बाद ही अन्य लोगों का अतिक्रमण हटाया जाए जिसको लेकर विवाद बढ़ता चला गया। वहीं चर्चा रही कि जिला अस्पताल क्रमांक 18 सदस्य मधु ऋषि शुक्ला ने अपने क्षेत्र की राशि को जिला अस्पताल क्रमांक 17 के क्षेत्र में सेवा सहकारी बैंक खैरलांजी के बाउंड्रीवॉल निर्माण में दी गई हैं यह राशि से वह अपने लाभ के लिए राशि खर्च कर रहीं हैं, जो सेवा सहकारी मर्यादित बैंक के सटे मकान से बाउंड्रीवॉल निर्माण होते ही उनके आने-जाने की रास्ता खुल जाएगी, क्योंकि रास्ता भी बैंक की ज़मीन है उसे हड़पने के लिए वह निर्माण पर जोर दे रही हैं।

### दस्तावेज में 38 डेसिमल मौके पर 20 डिसमिल

सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक खैरलांजी की जमीन 38 डेसिमल दस्तावेज में बताया गया है लेकिन जब राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें 20 डिसमिल जमीन मिल पाई जिसको लेकर विवाद बढ़ गया। राजस्व अमला ने कहां की दस्तावेज में विसंगति होने के कारण जमीन की चतुर्थ सीमा नहीं गिनी जा सकती हैं। राजस्व अमला ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई की तो जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला के सामने के कांपलेक्स बैंक की अतिक्रमण के जद में आया है, इससे ही साफ़ दिखाई देता है कि और भी अतिक्रमण किया गया है। जिला पंचायत क्रमांक 17 क्षेत्र की सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार और जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला दोनों आमने सामने आ गए। सुनीता मानसिंह बहेटवार अतिक्रमण पूर्ण रूप से हटाने को लेकर खड़ी नजर आई, और राजस्व अमला को हटाने को लेकर लगातार बोलते रहीं लेकिन जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला भी पहुंची और उनके बीच दो दो बाते होने लगी, तभी आक्रोश बढ़ता देख पुलिस और तहसीलदार साहब ने हस्तक्षेप किया और मामले को शांत कराया।

### अतिक्रमण मुक्त करें सेवा सहकारी बैंक...

जिला पंचायत क्रमांक 17 क्षेत्र की सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार ने कहा कि बैंक परिसर की बाउंड्रीबाल निर्माण कार्य को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई है लेकिन अतिक्रमण चारों ओर से फैला हुआ है, राजस्व विभाग आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष होने के कारण अतिक्रमण किया गया है उसे हटाना चाहिए, राजस्व विभाग जैसे हटाने को पहुंचा है, वैसे ही पहले 38 डिसमिल जमीन बैंक की निकाल कर दे दे। वैसे भी समूह की महिलाओं ने अपना रोजगार के लिए कपड़ा दुकान खोला है, हम अतिक्रमण के पक्ष में नहीं हैं लेकिन पहले पूरी अतिक्रमण तो हटाया जाए। चतुर्थ सीमा की जांच के लिए हमने भी शिकायत किया है।

### अतिक्रमण होना तो हटाए जाए...

जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला ने कहा कि हमने तो बैंक परिसर के लिए जिला अस्पताल निधि से चार लाख रुपए स्वीकृत कराया है, लेकिन जो परिसर के सामने अतिक्रमण कर दुकान चला रहे उसे हटाने के लिए राजस्व अमला पहुंचा था। राजस्व विभाग पूरी जांच कर ले अगर हमारा भी अतिक्रमण होंगा तो हटा दीजिए।

### इनका कहना है...

पंचायत में जिला पंचायत से निधि आई हुई हैं, जिससे सेवा सहकारी मर्यादित बैंक खैरलांजी की बावंड्रीवाला निर्माण कार्य करना है। लेकिन परिसर में अतिक्रमण फैला हुआ हैं, जिसको लेकर चतुर्थ सीमांकन करने के लिए आवेदन किया गया था, पहले सीमांकन हो जाए तो निर्माण कार्य किया जाएगा। लगातार फैले अतिक्रमण को लेकर विवाद होते रहते हैं, ऐसे में विवाद बढ़ने की स्थिति हैं। बगैर सीमांकन के हमारे द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा।

**श्रीमती ज्योति भगत नगपुरे**
**सरपंच, ग्राम पंचायत खैरलांजी**

पहले सभी छः लोगों को नोटिस दिया गया जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की आदेश किए गए, इस आदेश के तहत अतिक्रमण हटाने को लेकर मौके पर पहुंचे लेकिन सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक खैरलांजी की जमीन खसरा नंबर 238 और बांटाकन 158 हो गए लेकिन मूल नक्शा ही है काटे नहीं गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा आदेशित किया गया था की जमीन की नाप कर अतिक्रमण हटाया जाए। मौके पर दस्तावेज नहीं बताए गए इसलिए सीमांकन नहीं हो पाया है। नक्शा बांटाकन होने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**तीरथ प्रसाद अक्षरिया,**
**तहसीलदार खैरलांजी**

# आदि उत्सव अब राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय अस्मिता व संस्कृति के प्रतीक के रूप में बना रहा विशिष्ट पहचान : केन्द्रीय मंत्री

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जिले के रामनगर में आयोजित आदि उत्सव को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से यह आयोजन जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव हमारी प्राकृतिक सांस्कृतिक और वैभवशाली विरासत को सहेजने के साथ-साथ आधुनिक उद्यमिता के माध्यम से उसे नए आयाम देने का सशक्त मंच बन रहा है मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो होली और दीपावली एक साथ आ गई हों। उन्होंने मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, सिवनी, उमरिया और छिंदवाड़ा अंचल से पहुंचे गोंड एवं बैगा समाज के भाई-बहनों का वर्चुअल स्वागत करते हुए आयोजन की भव्यता की सराहना की उन्होंने कहा कि आदि उत्सव प्रधानमंत्री के विरासत से विकास के संकल्प को साकार करने वाला आयोजन है। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन के लिए लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते तथा सभी सहयोगियों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।






### मंत्री जुएल ओरांव ने किया ध्वजारोहण

कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा राज स्तम्भ में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन भी किया गया। साथ ही मोतीमहल परिसर में स्थित शिलालेख पर जनजातीय संस्कृति की परंपरा अनुसार पूजन किया गया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गोंडवाना राजवंश के इस ऐतिहासिक महल का जीर्णोद्धार कराने के बाद वर्ष 2016 से लगातार यह आदि उत्सव आयोजित किया जा रहा है। जनजातीय गौरव को सम्मान देने की पहल सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी जब 1999 में उन्होंने पहली बार जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया। मुझे इस मंत्रालय के कामकाज का जिम्मा सौंपा। इस महल के जीर्णोद्धार के लिए मंत्रालय ने 1.97 करोड़ रुपये स्वीकृत किये। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, प्रधानमंत्री जनमन, आहार अनुदान, विभिन्न छात्रवृतियाँ, जनजातीय बच्चों की उच्च शिक्षा जैसे अनेक काम जनजातीय समाज के कल्याण के लिए किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय का यह कार्यक्रम लोगों के लिये उत्सव है। इस उत्सव में परंपरागत नृत्य-गायन जैसे हमारी संस्कृति की पहचान को बढ़ावा मिलता है।

### पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम

रामनगर में आयोजित आदि उत्सव के दौरान सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर आज तक राज परिवार, पंडा, पुजारी एवं भूमका समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने जनजातीय विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई है सांसद कुलस्ते ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य के महान राजा हृदय शाह और वीरांगना रानी दुर्गावती का इतिहास जनजातीय गौरव और शौर्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती ने मुगलों के विरुद्ध युद्ध लड़कर अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया था। आज आवश्यकता है कि समाज विशेषकर युवा पीढ़ी अपने इतिहास, संस्कृति और वीर गाथाओं को जाने तथा उनसे प्रेरणा ले। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जुएल ओरांव के नेतृत्व में देशभर में जनजातीय वीर नायकों से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों का चयन कर उन्हें नई पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। इन प्रयासों से जनजातीय इतिहास और गौरव को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त हो रहा है।

सांसद श्री कुलस्ते ने बताया कि उत्सव के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें गोंडवाना साम्राज्य, जनजातीय इतिहास, लोक संस्कृति और वीर नायकों के योगदान पर विस्तार से होगी। इसमें आप सब शामिल होकर ऐतिहासिक संस्कृति के बारे में अवश्य जानें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ती है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा राज परिवार के सदस्यों का कोया फूलमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही जनजातीय प्रतिभाओं का भी सम्मान मंच से किया गया। इसमें पद्मश्री से सम्मानित अर्जुन सिंह धुर्वे, भज्जू सिंह श्याम, श्रीमती ऊषा वागले शामिल रहे। इसके अलावा खेलो इंडिया एवं खेलो एमपी, कक्षा दसवी एवं कक्षा बारहवी में प्रदेश के मेरिट में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### मोती महल किला ऐतिहासिक धरोहर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामनगर का आदि उत्सव अब केवल क्षेत्रीय आयोजन नहीं रहा बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय अस्मिता संस्कृति और गौरव के प्रतीक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत गोंडी बोली में करते हुए जनजातीय समाज की भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि रामनगर स्थित मोती महल किला हमारी ऐतिहासिक धरोहर और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। यह स्थल गोंडवाना इतिहास, संस्कृति और शौर्य की अनेक स्मृतियों को अपने भीतर समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि इसी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से यहां आकर्षक एवं भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में अपनी संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज और परंपराओं को संजोकर रखना अत्यंत आवश्यक है। हमारी सांस्कृतिक पहचान ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और आदि उत्सव उसी पहचान को सशक्त करने का माध्यम बन रहा है।

### चौगान मढ़िया में पूजा-अर्चन

केबिनेट मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शुक्रवार को प्राचीन देव मढ़िया चौगान में परंपरागत तरीके से पूजन-अर्चन किया। उन्होंने प्रदेश की जनता के लिए सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। मंत्री श्रीमती उइके एवं सांसद श्री कुलस्ते द्वारा कन्याओं का पूजन भी किया। ग्रामीणों द्वारा सांसद श्री कुलस्ते को पारंपरिक तरीके से साफा भी बांधा गया।

### मेगा हेल्थ कैंप का किया उद्घाटन

रामनगर में आयोजित आदि उत्सव के अंतर्गत लगाए गए मेगा हेल्थ कैंप का शुभारंभ केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का परीक्षण किया गया।

## शनि जयंती पर कार्यक्रम आज

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के बकोरी स्थित नक्खी माई मंदिर परिसर में स्थित शनि भगवान मंदिर में आज शनि जयंती के अवसर पर महाशनि यज्ञ एवं शनि भगवान का नामकरण समारोह बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित किया जाएगा हिंदू धर्म में शनि भगवान को न्याय के देवता माना जाता है जो प्रत्येक व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी पूजा-अर्चना करने से जीवन के कष्ट बाधाएं एवं शनि दोष शांत होते हैं तथा सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है शनि जयंती के दिन पूजा एवं यज्ञ का विशेष महत्व बताया गया है इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रात: 10 बजे से महा शनि यज्ञ एवं विधि-विधान से पूजन प्रारंभ होगा। इसके पश्चात श्रृद्धालुओं के लिए सायं 4 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है वहीं रात्रि 8 बजे भव्य महाआरती संपन्न होगी।

## मस्ती की पाठशाला में योग अभ्यास



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित आरोह-2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर अंतर्गत मस्ती की पाठशाला बच्चों के बीच लगातार लोकप्रिय होती जा रही है। खेल फिटनेस और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर इस शिविर में आज योग गतिविधियों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर बच्चों और अभिभावकों का मन मोह लिया जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित योग सत्र में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया खेल अधिकारी विकास खराडकर ने बताया कि जिले में खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के विशेष मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है अधिकारियों द्वारा बच्चों को खेल फिटनेस और अनुशासित जीवनशैली से जोड़ने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप शिविर में बच्चों और अभिभावकों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है आयोजित योग सत्र का संचालन राष्ट्रीय पदक विजेता योग खिलाड़ी मीना मोय रुबीना द्वारा किया गया उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास सीखे योग सत्र के दौरान बच्चों में अद्भुत ऊर्जा, अनुशासन और उत्साह देखने को मिला बच्चों ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवन में योग के महत्व को समझा शिविर में प्रतिदिन एरोबिक्स, फन गेम्स, फिटनेस एक्टिविटी एवं विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के साथ योग गतिविधियां भी बच्चों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय हो रही हैं।

## कुपोषण नियंत्रण पर समीक्षा

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत परिक्षेत्र बम्हनी बंजर में परियोजना अधिकारी अनूप कुमार नामदेव द्वारा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों एवं निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र खारी एवं वार्ड क्रमांक 3 में आयोजित टीकाकरण दिवस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए सीएचओ एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। साथ ही उपस्थित हितग्राहियों से संवाद कर विभागीय योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई।

## कलेक्टर ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट स्थित गोलमेज सभाकक्ष में जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 शासकीय कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर शैलेन्द्र चौधरी, एसडीएम सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर एवं जनगणना अधिकारी क्षमा सराफ सहित संबंधित उपस्थित थे सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जनगणना मात्र एक प्रक्रिया नहीं बल्कि एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सूक्ष्म कार्य है यह देश और प्रदेश की भविष्य की विकास योजनाओं का मुख्य आधार बनता है। उन्होंने विशेष रूप से बम्हनी बंजर क्षेत्र में तैनात अमले की सराहना करते हुए कहा कि इस टीम ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है जो अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक है कलेक्टर ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा



कि यह सफलता सामूहिक टीम वर्क का परिणाम है। उन्होंने आह्वान किया कि भविष्य में भी इसी जोश और समर्पण के साथ शासकीय कार्यों का निर्वहन करें कर्मचारियों में श्रीमती मीना पटेल सीएमओ, ट्रेनर रोहतास, राकेश हरदहा, अभित्त गुप्ता, संतोष डांडिया,श्रीमती संगीता गुप्ता, संदीप पटेल, निर्जला मर्सकोले, दीपांशु सोनी, मीनाक्षी गुप्ता,वंदना हरदहा, ज्योति खेमानी, पुष्पलता मरावी, संदीप पटेल, प्रदीप सिंगौर, महेंद्र टेकाम, निशा पटेल,सीमा साहू, विद्या मयंक, सुदेश पटेल, सचिन अवधवल, सिद्धार्थ पटेल, सुरेंद्र बैरागी सहित सभी जनगणना कार्य लगे कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंत्री ने काफिला किया सीमित

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री द्वारा डीजल पेट्रोल की बचत एवं मितव्ययिता अपनाने की अपील का असर अब देशभर में देखने को मिल रहा है। केंद्रीय मंत्रियों से लेकर राज्यों के मंत्रियों तक इस पहल को गंभीरता से अपनाया जा रहा है इसी क्रम में मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री ने अपने काफिले में शामिल तीन गाड़ियों में से एक गाड़ी कम कर दी और अब दो गाड़ियों के साथ ही दौरा कर रही हैं आज रामनगर दौरे के दौरान यह सादगीपूर्ण पहल देखने को मिली स्थानीय लोगों ने इसे प्रधानमंत्री की मितव्ययिता और संसाधन बचत अभियान से प्रेरित सकारात्मक कदम बताया।

## सरपंच सचिव गायब, ग्रामीण हो रहे परेशान

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।

आज धरातल में सरकार की अपने योजनाओं का प्रबंध किया गया है और योजनाओं के तहत भिन्न -भिन्न राशियों को ग्राम पंचायत के माध्यम से पहुंचा रही है। हाल के कुछ ही साल पहले ग्राम पंचायत देवरी को बनाया गया है जिसमें सरपंच सचिव नियुक्त भी किए गए है कुछ कार्य योजना सुचारू रूप में और कुछ की जानकारी भोले भाले ग्रामीणों को जानकारी लग ही नहीं पाती है। मंत्री प्रहलाद पटेल ने ग्रामीण विकास को जमीनी स्तर में समझते हुए योजनाओं को जानकारी हेतु विस्तार भी किया साथ ही ग्रामीणों के हित के लिए देखभाल के लिय नीति भी बनाई पर भ्रष्ट और लापरवाह सचिव के चलते यह सब विन पानी सब सून नजर आता है। यहां तो ग्राम पंचायत भवन का आभाव है जिसका फायदा सचिव व रोजगार सचिव उठा रहे ग्राम पंचायत के कार्यक्रम को सुचारू रखने के लिए अतिरिक्त भवन में ग्राम पंचायत संचालित भी की जा रही है। परंतु यह पंचायत के सरपंच-सचिव और रोजगार सचिव अपने मस्ती में मस्त रहते नजर आते है ग्रामीणों की कई बार जनपद नारायणगंज को शिकायत भी किया लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और यह भी बता दे सचिव ग्रामीणों का फोन तक नहीं उठाते है । साथ ही जनपद बोलकर अपने स्वयं का कार्य करते रहते हैं। ग्रामीण लंबे समय से इस पंचायत की कार्य प्रणाली से परेशान से नजर आ रहे है । अभी हाल में गर्म मौसम चल रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम में पानी का आभाव प्रकट हो रहा है इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी जैसी मूल व्यवस्था के लिए भटकना पड़ रहा है। और लाखों के बिल पानी योजना के नाम पर निकल गए है ।ग्रामीण अब भगवान भरोसे पर टिके हुए उच्च अधिकारियों की तत्परता कार्यवाही न होने से अब उनका भी विश्वास उच्च और आला अधिकारी के ऊपर से उठ गया है ।


**कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला**

क्रमांक/न.प./स्टोर./2026/434 बम्हनी बंजर दिनांक 15/05/2026

**प्रथम जेम बिड सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद बम्हनी बंजर द्वारा स्वच्छता विभाग अंतगर्त अति आवश्यक सेवा के लिए मल प्रबंधन हेतु डि-स्लजिंग वाहन मय ट्रेक्टर सहित क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन बिड भारत सरकार के पार्टल https://gem. gov.in/ के माध्यम से क्रय की जा सकती है।

| क्र. | विवरण एंव बिड नम्बर | ऑनलाईन बिड की प्रारंभिक तारीख | ऑनलाईन बिड की अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid.NO.Gem/2026/B/7467164date-15/05/2026 | 15.05.2026 | 15.06.2026 |

जेम बिड की शर्ते-
1. निर्धारित सुरक्षा निधि काटी जावेगी, जो 12 माह पश्चात वापिस की जावेगी।
2. अनुबंध किया जाना आवश्यक होगा। 3. अमानत राशि 2 प्रतिशत देय होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बम्हनी बंजर



**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI NAINPUR DIST. MANDLA**

**Notice Inviting Tender**

N.I.T. No/ Nirman/ 2026-27/ 136 NAINPUR dated: 15/05/2026

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for REPAIRING AND COLOUR WASHING OF OFFICE BUILDING AND CONSTRUCTION OF 01 NOS FEMALE TOILET WORK INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION WORK AT MANDI YARD NAINPUR,Tender Number 2026 MPSAM_507819_1 (PAC amount Rs. 10.63 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 05.06.2026. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.

Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in.

Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti NAINPUR
Distt. MANDLA NAINPUR


## ब्रेक फेल, उल्टी दिशा में दौड़ी बस, टला हादसा

**मण्डल/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** बिछिया के कल्याण आश्रम के पास देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चलती आकाश ट्रेवल्स की बस का अचानक ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने के बाद बस अनियंत्रित होकर करीब आधा किलोमीटर तक उल्टी दिशा में दौड़ती रही। घटना के दौरान सड़क पर मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस अपने नियमित मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान साईं तिराहा के पास अचानक बस के ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया। ब्रेक फेल होते ही बस पीछे की ओर तेज गति से दौड़ने लगी। व्यस्त सड़क पर अचानक अनियंत्रित बस को देख लोगों में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि बस चालक ने पूरे घटनाक्रम के दौरान हिम्मत और सूझबूझ का परिचय दिया। चालक बस छोड़कर भागा नहीं बल्कि लगातार बस को नियंत्रित करने का प्रयास करता रहा। करीब आधा किलोमीटर तक चालक बस को संभाले हुए भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से दूर ले जाने की कोशिश करता रहा। आखिरकार बस कल्याण आश्रम के पास बिजली की लाइन से टकरा गई और सड़क किनारे बने गड्ढे में जा घुसी। टक्कर के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। राहत की बात यह रही कि बस के अंदर कोई यात्री मौजूद नहीं था जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## तालाब में डूबने से मौत

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले के रामनगर क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी द्वारा खोदी गई कथित अवैध पत्थर खदान के तालाब में डूबने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा रामनगर के चौगान स्थित केशर खदान तालाब में हुआ है कि सड़क निर्माण में लगी कंपनी द्वारा नियमों के विरुद्ध पत्थर खदान का संचालन किया जा रहा था जहां गहरे गड्ढे में पानी भर जाने से तालाब जैसी स्थिति बन गई थी। इसी तालाब में डूबने से 7 वर्षीय मासूम बच्ची सुहानी परते की मौत हो गई मृतका सुहानी परते पिता सोनसाय परते निवासी चौगान थाना हृदयनगर चौकी महाराजपुर की रहने वाली थी घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में शोक एवं आक्रोश का माहौल है।

## अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

**मण्डल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन मे जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में मण्डला वृत में दबिश की कार्यवाही की गई जिसमें मण्डला शहर में बाईपास में होटल ढाबो की चेकिंग की गई जिसमे 9 बोतल विदेशी मदिरा, शास्त्री वार्ड में एक घर से 50 नग प्लेन 50 नग विदेशी मदिरा एवम 15 बियर कैन बोतल विदेशी मदिरा बरामद की गई। महाराजपुर संगम में 2 स्थलों से 15 बियर 10 नग विदेशी मदिरा बरामद कर जप्त किया। मदिरा का अवैध रूप से विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध किया।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला- मण्डला**
**Municipal Council Nainpur, District Mandia (MP) Ph. No. 07646-240106 Email ID -cmonanpur@mpurban.gov.in**

क्रमांक -371/न.पा. / स्वा.वि./26 दिनांक /05/2026

**अधिसूचना सार्वजनिक सूचना**
**निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट ) C&D Waste) के पुनः उपयोग संबंधी**

नगर पालिका परिषद नैनपुर क्षेत्र अंतर्गत संचालित समस्त निर्माण एजेंसियों, ठेकेदारों, भवन निर्माताओं एवं संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट ) Construction & Demolition Waste - C&D Waste) का वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। निर्माण कार्यों के उपरांत बची हुई सामग्री तथा विध्वंस) Demolition) से प्राप्त सामग्री जैसे मलबा - ईंट, कंक्रीट, मिट्टी, पत्थर, टाइल्स आदि को खुले में फेंकना, नालियोंसार्वजनिक स्थलों पर डालना अथवा अवैज्ञानिक रूप से निस्तारित करना प्रतिब ंधित रहेगा।
अतः निर्देशित किया जाता है कि समस्त संबंधित ठेकेदारएजेंसियाँ उक्त सामग्री का अधिकतम पुनः उपयोग निम्न / - कार्यों में सुनिश्चित करें
1. निम्न स्तर क्षेत्रों में भराव (Filling) कार्य ।
2. सड़क/मार्ग के सब-बेस अथवा लेवलिंग कार्य ।
3. गड्ढों की भराई एवं भूमि समतलीकरण ।
4. पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का पृथक्करण एवं पुनः उपयोग।
5. अन्य स्वीकृत सार्वजनिक निर्माण कार्यों में उपयोग।
साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण स्वच्छता मानकों एवं प्रचलित नियमों के अनुरूप किया जाए।
निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद नैनपुर



**कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला- मण्डला**
**Municipal Council Nainpur, District Mandia (MP) Ph. No. 07646-240106 Email ID -cmonanpur@mpurban.gov.in**

क्रमांक -372/न.पा. / स्वा.वि./26 दिनांक 7/05/2026

**सार्वजनिक सूचना अपील**
**निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट ) C&D Waste) प्रबंधन एवं धूल नियंत्रण संबंधी**

नगर पालिका परिषद नैनपुर क्षेत्र के समस्त नागरिकों, भवन निर्माताओं, ठेकेदारों, विकासकर्ताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं को सूचित एवं अपील की जाती है कि निर्माण एवं विध्वंस कार्यों के दौरान पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए Construction & Demolition Waste Management Rules 2016 के प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है।
निर्माण एवं विध्वंस कार्यों के दौरान उड़ने वाली धूल एवं मलबे से आमजन को असुविधा, प्रदूषण तथा यातायात बाधा उत्पन्न होती है। अतः समस्त संबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं से अपेक्षा की जाती है कि निर्माण कार्य निम्नानुसार किए जाएँ
आवश्यक निर्देश
1. निर्माण स्थल को चारों ओर से टीन शेड कपड़े आदि से ढँककर कार्य किया जाए। / ग्रीन नेट /
2. निर्माण सामग्री जैसे रेत, सीमेंट, मिट्टी एवं मलबा खुले में न रखा जाए तथा उसे ढँककर रखा जाए।
3. निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट को सड़क, नाली अथवा सार्वजनिक स्थानों पर न फैलाया जाए।
4. धूल नियंत्रण हेतु आवश्यकतानुसार नियमित पानी का छिड़काव किया जाए।
5. निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबे का पृथक संग्रहण कर अधिकृत स्थान पर ही निस्तारण किया जाए।
6. परिवहन के दौरान मलबा ढँककर ले जाया जाए ताकि सड़क पर धूलकचरा न फैले।/
7. निर्माण स्थल के आसपास स्वच्छता एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए।
नगर पालिका परिषद नैनपुर सभी नागरिकों एवं ठेकेदारों से सहयोग की अपेक्षा करता है ताकि स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषणमुक्त शहरी वातावरण बनाए रखा जा सके।
निर्देशों का पालन न किए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद नैनपुर

संपादकीय

## उधर जंग, इधर जेब तंग

प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काफिला कम कर उदाहरण पेश किया है। बुधवार को दो वीडियो सामने आए। एक में काफिले में मात्र दो कारें थीं और दूसरे वीडियो में 4 कारें दिखाई दीं। यह किफायत नहीं, जोखिम है। प्रधानमंत्री से ऐसी कोई अपेक्षा और शिकायत नहीं थी। प्रधानमंत्री एसपीजी के सुरक्षा-कवच में रहते हैं। उस सुरक्षा का अपना प्रोटोकॉल होता है, लिहाजा काफिले में 15 या 20 कारें हैं, इस पर सवाल उठाना ही बेमानी है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से किसी भी किस्म का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री की नजीर का अनुसरण रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, सडक़ परिवहन मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने किया है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और बिहार के 'भगवा मुख्यमंत्री' सम्राट चौधरी अब भी 19-20 कारों के काफिले के साथ घूमते नजर आए हैं। बहरहाल उन्हें भी जल्द ही सद्‌बुद्धि आ जाएगी। काफिलों की किफायत और अन्य व्यवस्थाएं स्थायी होनी चाहिए, भेड़चाल या ढोंग के मायने बेहद खतरनाक होंगे। बचत प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि तक ही अपरिहार्य नहीं होनी चाहिए। सरकारों में सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक स्तर के आईएएस, आईपीएस अधिकारियों को अलग-अलग सरकारी वाहन दिए गए हैं। कटौती उनमें बहुत जरूरी है। वे सभी 2-4 किमी दूर के सरकारी आवासों से दफ्तर तक आते हैं और फिर घर लौटते हैं। सरकारी वाहनों की ऐयाशी और भौकाल खत्म किए जाने चाहिए। ऐसे अधिकारियों को एक विशेष बसनुमा वाहन से दफ्तर लाया जाए और शाम को घर छोड़ा जाए। यह संवैधानिक प्रोटोकॉल नहीं है कि सभी अफसर 'महाराज' की तरह सुविधाएं भोगें। यदि देश में पेट्रोल-डीजल का संकट है, तो किफायत अपरिहार्य है। आपातस्थिति के लिए तो छूट हमेशा बनी रही है। दरअसल ये अधिकारी ही हमारी व्यवस्था के नीति-निर्माता हैं, लिहाजा निरंकुश-से हैं।

बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ऑनलाइन बैठकों की अपील की है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश भी जारी करवा दिए हैं, तो ये आला अफसर भी अमल करें। यदि प्रधानमंत्री की पूरी अपील को स्वीकार कर लागू किया जाए, तो साल भर में 11.5 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। यह बहुत बड़ी राशि है। यदि काफिला छोटा कर तेल बचाया जाता रहा, तो साल भर में करीब 91,250 लीटर डीजल बचेगा। इस तरह 1 करोड़ रुपए की बचत की जा सकेगी। यह शोशेबाजी, रुतबेबाजी अब छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध से उपजे संकट भारत की दहलीज तक आ गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक सार्वजनिक मंच से कहा है कि यदि ईरान युद्ध जारी रहा और लंबा खिंचा, तो सरकार को पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ाने पड़ेंगे। लिहाजा शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ ही गए। जाहिर है कि अब रसोई गैस का सिलेंडर भी महंगा होगा, क्योंकि ये सभी आयातित हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी बड़े दुखी अंदाज में खुलासा कर रहे हैं कि देश की तेल कंपनियों को 1000 करोड़ रुपए हररोज का औसतन घाटा झेलना पड़ रहा है। युद्ध के 75 दिनों में यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। बचत के ऐसे आह्वान लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह सरीखे प्रधानमंत्रियों ने भी किए थे। अब आईएमएफ के मानकों के मुताबिक, भारत अभी गंभीर संकट में नहीं है, करीब 11 माह के आयात के लिए विदेशी मुद्रा पर्याप्त है, लेकिन डॉलर की तुलना में 'रुपया' 96 के करीब पहुंच चुका है, आयात के लिए 34,000 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करना पड़ा है, लिहाजा सावधान होना तो जरूरी है।

## दवा नहीं, जहर का कारोबार

दवा नहीं, जहर का कारोबार



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

पिछले दिनों सामने आई खबरों ने पूरे देश को चिंता और बेचैनी में डाल दिया कि जीवनरक्षक और सामान्य उपयोग की अनेक दवाइयां गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा जारी ड्रग अलर्ट में जिन दवाओं के नमूने फेल पाए गए, उनमें हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मिर्गी, संक्रमण, विटामिन सप्लीमेंट और कफ सिरप जैसी आम उपयोग की दवाएं भी शामिल थीं। यह कोई सामान्य प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि मानव जीवन के साथ किया जा रहा ऐसा खतरनाक खिलवाड़ है, जिसने देश की स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जिस दवा को रोगी जीवन बचाने की आशा में खरीदता है, वही यदि उसके शरीर में जहर का काम करने लगे तो यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के पतन की पराकाष्ठा है। विडंबना यह है कि दवाओं के निर्माण और वितरण के लिए देश में कठोर नियम, निरीक्षण और परीक्षण की व्यवस्थाएं मौजूद हैं। कच्चे माल की गुणवत्ता से लेकर उत्पादन प्रक्रिया तक कई स्तरों पर जांच होती है, फिर भी बड़ी-बड़ी नामी कंपनियों की दवाइयां यदि अमानक पाई जाती हैं तो यह साफ संकेत है कि कहीं-न-कहीं मुनाफे की अंधी दौड़ ने नैतिकता और मानवता को कुचल दिया है। यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिन लोगों पर समाज की जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं।

भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी दवा उत्पादन शक्तियों में शामिल है। भारतीय दवाइयां अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और मध्य-पूर्व के अनेक देशों में निर्यात होती हैं। भारत को फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड कहा जाता है क्योंकि सस्ती और प्रभावी दवाओं की आपूर्ति में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन और आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति कर पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता और मानवीय प्रतिबद्धता का परिचय दिया था। जिन राज्यों में उत्पादित घटिया दवाओं का खुलासा हुआ, उनमें हिमाचल प्रदेश पहले पायदान पर रहा, फिर उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, सिक्किम, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्य शामिल हैं। यानी एक-दो राज्य नहीं, तमाम राज्यों के दवा उत्पादक इस अपवित्र कर्म में शामिल हैं। यूं कहें कि दाल में काला नहीं है बल्कि पूरी दाल काली है। विडंबना देखिए कि कफ सिरप के 17 नमूने फेल हुए हैं। अब यह साफ हो गया कि अफ्रीका व सेंट्रल एशिया के कुछ देशों तथा भारत के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के जो आरोप भारतीय दवा कंपनियों पर लगे थे, वे गलत नहीं थे, जिससे पूरी दुनिया में भारतीय दवा उद्योग की छवि खराब हुई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की प्रतिष्ठा को धक्का लगता है और दुनिया भारतीय दवा उद्योग को संदेह की दृष्टि से देखने लगती है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आ रही है जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत का सपना साकार करने की दिशा में अनेक नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से देश वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि नैतिकता, गुणवत्ता और विश्वसनीयता से भी जुड़ा हुआ है। यदि जीवनरक्षक दवाओं में ही मिलावट और घटियापन सामने आएगा, तो यह सारे सकारात्मक प्रयासों पर धब्बा लगाने जैसा होगा।



आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार दवा नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाए। केवल औपचारिक निरीक्षण और समय-समय पर जारी होने वाले ड्रग अलर्ट पर्याप्त नहीं हैं। दवा निर्माण इकाइयों की नियमित और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। जिन कंपनियों की दवाएं बार-बार मानकों पर फेल होती हैं, उनके लाइसेंस तुरंत रद्द किए जाएं और उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। दवा माफिया और नकली दवा बनाने वाले गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। यह भी जरूरी है कि दोषियों को केवल आर्थिक जुर्माने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें कठोर कारावास की सजा दी जाए ताकि दूसरों के लिए भी कड़ा संदेश जाए। यह भी एक गंभीर चिंता का विषय है कि कई बार राज्य सरकारें और नियामक एजेंसियां प्रभावशाली दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती दिखाई देती हैं। धनबल और प्रभाव के कारण जांच प्रक्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं और अंततः आम जनता ही इसकी कीमत चुकाती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक शासन और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों के लिए खतरनाक है।

रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। दवा उद्योग केवल व्यापार नहीं है, यह विश्वास का उद्योग है। यहां नैतिकता का महत्व सबसे अधिक होना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से आज लालच और मुनाफाखोरी ने इस क्षेत्र में भी गहरी जड़ें जमा ली हैं। नकली इंजेक्शन, मिलावटी दवाएं, एक्सपायरी दवाओं की री-पैकेजिंग और घटिया कच्चे माल के उपयोग जैसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि समाज में संवेदनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इंसान केवल अपने लाभ के लिए दूसरों की जिंदगी से खेलने को तैयार हो गया है। यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का भी संकेत है। आवश्यकता इस बात की भी है कि आम जनता को दवाओं के प्रति जागरूक बनाया जाए। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग और निर्माण तिथि की जांच करना, संदिग्ध दवाओं की शिकायत संबंधित विभागों को करना और बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं का सेवन न करना, ये सब छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं। मेडिकल स्टोरों की भी नियमित निगरानी होनी चाहिए ताकि नकली या घटिया दवाओं की बिक्री रोकी जा सके।

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निर्माता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चैपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। भारत आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर देश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, दूसरी ओर ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं हमारी नैतिक और प्रशासनिक कमजोरी को उजागर कर रही हैं। यदि हम सचमुच विकसित और विश्वसनीय भारत बनाना चाहते हैं, तो हमें केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि गुणवत्ता, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जीवनरक्षक दवाओं में मिलावट केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर लगा कलंक है। यह समय आत्ममंथन का है। सरकार, दवा उद्योग, चिकित्सा जगत और समाज-सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि दवा जीवन बचाने का माध्यम बने, मौत का व्यापार नहीं। तभी विकसित भारत का सपना वास्तविक अर्थों में सार्थक हो सकेगा।

## ट्रम्प की चीन यात्रा का अर्थ



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि वर्तमान में विश्व राजनीति में जो हड़कम्प मचा हुआ है उसके लिए पूरी तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जिम्मेदार हैं, क्योंकि उन्होंने अमेरिका को पुनः महान बनाने के चक्कर में पूरे विश्व क्रम को झिंझोड़ कर रख दिया है और यूरोप समेत समस्त एशिया व अफ्रीकी देशों के समक्ष आत्म सम्मान बचाने का संकट पैदा कर दिया है। भारत के पड़ोस ईरान में जो अमेरिका व इजराइल मिल कर ईरान के विरुद्ध युद्ध कर रहे हैं उससे विश्व के अधिसंख्य देशों के समक्ष ऊर्जा संकट पैदा हो गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति शेखी बघार रहे हैं कि अमेरिका के पास पैट्रोलियम तेल व गैस की कमी नहीं है। दरअसल यह अमेरिका की वह हठधर्मिता है जिसकी वजह से दुनिया के विकासशील एशियाई व अफ्रीकी देशों को अपने विकास के लिए कोई विकल्प नहीं सूझ रहा है। ऐसे विश्व वातावरण में ट्रम्प चीन की यात्रा पर हैं जहां वह इस देश के साथ अपने मतभेदों को दूर करने का प्रयास कर सकते हैं।

वास्तव में ट्रम्प चीन की यात्रा पर अपने राष्ट्रीय हित इस प्रकार साधने गये हैं कि चीन जैसा तेजी से विकास करता देश अमेरिका की सहायता के बिना कुछ न कर सके। मगर चीनी नेता भी बहुत तेज हैं और वे एशिया व अफ्रीका में अपने बढ़ते निवेश पर अमेरिकी नजर नहीं पड़ने देना चाहते। मगर यह भी सत्य है कि अमेरिका व चीन के बीच विश्वास की भारी कमी पैदा हो चुकी है जिसकी वजह से ट्रम्प कभी चीन पर भारी शुल्क दरें लगाने का ऐलान करते हैं तो कभी उसके साथ मतभेदों को दूर करने की तजवीजें ढूंढते हैं। चीन ने पिछले 15 वर्षों के दौरान आर्थिक मोर्चे पर जो बढ़त प्राप्त की है उसकी वजह से अमेरिका व चीन की अर्थ व्यवस्थाएं एक-दूसरे पर निर्भर होती जा रही हैं। एक तरफ चीन जहां दुनिया का उत्पादन केन्द्र बन चुका है और सामान्य उपभोक्ता सामग्री से लेकर टैक्नोलॉजी उत्पादन क्षेत्र तक में उसका दबदबा कायम हो चुका है वहीं अमेरिका उच्च टैक्नोलॉजी के क्षेत्र शोध व उन्नयन पर अपना कब्जा जमाये हुए हैं। अमेरिका की वरीयता है कि उसके बोइंग वायुयान से लेकर बीफ (मांस) सोयाबीन और बोर्ड ऑफ ट्रेड को संरक्षण मिले। बोर्ड ऑफ ट्रेड के माध्यम से अमेरिका सेमी कंडक्टर व कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) के क्षेत्र में निवेश बढ़ाकर चीन को पछाड़े। अमेरिका चाहता है कि ऐसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाकर वह चीन के साथ अपने कारोबार में सन्तुलन लाये। क्योंकि चीन अमेरिका को जितना निर्यात करता है अमेरिका उसके सामने कहीं नहीं टिकता है। दूसरी तरफ चीन चाहता है कि अमेरिका ताइवान के मामले में अपनी जिद छोड़े और उसे किसी प्रकार की मदद न दे। जहां तक व्यापार का सम्बन्ध है तो चीन की कोशिश है कि अमेरिका उसके साथ उच्च टैक्नोलॉजी साझा करे और उसके आयात पर शुल्क की मुनासिब दर ही लागू करे। मगर इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू ईरान में चल रही लड़ाई भी है। ईरान के पक्ष में रूस व चीन इस प्रकार हैं कि वे हर कूटनीतिक मोर्चे पर ईरान का समर्थन करते हैं और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका का कोई भी वार निरुद्देश्य करते रहते हैं। हालांकि चीन प्रत्यक्ष रूप से ईरान की सैनिक मदद नहीं कर रहा है मगर उससे तेल की खरीदारी जारी रख कर वह उसकी अर्थ व्यवस्था को ढहने से बचाने का प्रयास भी कर रहा है।

चीन अमेरिका को दुर्लभ खनिज पदार्थों की सप्लाई करने में भी कंजूसी बरत रहा है जबकि इन पदार्थों का दुनिया में वह सबसे बड़ा वितरक है। इससे अमेरिका के वाणिज्यिक विकास पर विपरीत असर पड़ रहा है। अतः चीन व अमेरिका इस समय एकङ्कदूसरे के साथ 'तू डाल-डाल मैं पात-पात' की तर्ज पर चल रहे हैं और सन्देश दे रहे हैं कि किसी एक की शर्त पर दोनों देशों के बीच कोई समझौता नहीं हो सकता। इसका विश्व व्यवस्था के क्रम पर उल्टा असर पड़ रहा है क्योंकि पहले से बनी व्यवस्था के तहत बने नियामक इस प्रकार टूट रहे हैं कि कथित विकसित यूरोपीय देश व विकासशील एशियाई देश एक ही पंक्ति में खड़े नजर आने लगते हैं। यह संस्थागत तरीके से विश्व क्रम को उलटने का फार्मूला है जो ट्रम्प का इजाद किया हुआ है। अतः ट्रम्प व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भेंट के बाद इस बात की संभावना ज्यादा है कि यदि दोनों देशों के बीच सम्बन्धों में और प्रगाढ़ता न भी आये तो स्थिरता जरूर आये। यह स्थिरता विश्व क्रम की स्थिरता के लिए बहुत जरूरी मानी जा रही है जिसके परिक्षेत्र में ईरान में चल रहा युद्ध भी आता है ।

चीन कूटनीतिक रूप से अमेरिका पर दबाव बना सकता है कि वह ईरान में स्थायी युद्ध विराम की घोषणा करे वरना चीन भी अमेरिका की भांति ताइवान को दी जा रही सैनिक मदद की तरह ईरान के पाले में खड़ा हो सकता है। ऐसी स्थिति भारत समेत विभिन्न अन्य देशों के लिए किसी भी तरह से प्रिय नहीं होगी क्योंकि तब युद्ध की विभीषिका नये तेवरों में प्रकट हो सकती है। अतः बहुत जरूरी है कि इन दोनों विश्व शक्तियों के बीच स्थिरता का वातावरण बने जिससे विश्व में बेचैनी और न बढ़े। मगर ट्रम्प के लिए यह समय बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि नवम्बर महीने में अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने हैं और इस दौरान ट्रम्प की अपने देश में लोकप्रियता काफी घट गई है। अतः उनके लिए जरूरी है कि वह चीन से खाली हाथ न लौटें।

## हमारा पार्षद कैसा हो

संतोष उत्सुक

हमारे शहर में स्थानीय लोकसभा यानी नगर परिषद का चुनाव घोषित हो गया है। अखबारों को नई मगर घिसी पिटी ख़बरें मिल गई हैं और वोटरों को एक और चुनाव। कॉलम छप रहे हैं, कैसा हो पार्षद, यानी उन्होंने औसत पार्षद के बारे में लोगों की राय पूछी है। राय जैसी भी हो लेकिन राय देने वालों की फ़ोटोज़ बढ़िया चमकदार छप रही हैं, जैसे आधार कार्ड या वोटर कार्ड धारक असली जीवन में नहीं पहचाना जाता कुछ ऐसा ही राय देने वाले लग रहे।




उनकी राय पढने के बाद जो मुझे समझ में आया उसके अनुसार हमारा पार्षद कुछ ऐसा होना चाहिए। उसे पार्षद बनते ही ठेकेदार का चोगा पहन लेना चाहिए और स्वार्थ भाव से सड़क, गली, नाली, सुरक्षा दीवार सेवा का ठेका लेने के लिए पूजा शुरू कर देनी चाहिए। पार्षद बनने के लिए किसी भी वार्ड से चुनाव जैसे कैसे ऐसे वैसे कर जीत लेना चाहिए। वह राजनीति को समाजसेवा का ज़ज्बा बताए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव ज़रूर करे। सबकी बातों को गंभीरता से न ले। खुद चुनाव लड़ने में कोई पेंच हो तो पत्नी को पार्षद बनवा देना चाहिए। हमारा पार्षद ऐसा होना चाहिए जो जन सुविधाओं, गलियों में गंदगी, बंद स्ट्रीट लाइटों और टूटी सड़कों पर ज़्यादा ध्यान न देकर कई तरह की राजनीति करे और अपने ख़ास बंदों के काम करवाए। मंच पर भाषण बढ़िया दे, अपना फायदा सोचे और अपनी राजनैतिक पार्टी को मज़बूत करे। उसकी छवि स्वच्छ होने की बिलकुल ज़रूरत नहीं। ऐसा कहना तो ख़्वाब में बात करना होगा कि पार्षद पद के उम्मीदवार में ईमानदारी होनी ज़रूरी है। पार्षद को बातें ज्यादा काम कम करना चाहिए। जीतने के बाद ख़ास ख़ास बंदों के फोन उठाने चाहिएं। दूसरी पार्टी के बंदों के फोन नम्बर डीलीट कर देना चाहिए। ऐसा भी कहा जाता है कि वार्ड की हर समस्या की ज़िम्मेदारी उसकी होती है। अगर ऐसा है तो वह अपने घर का काम कब करेगा। किसी ने कहा कि उसे बुद्धिजीवी होना चाहिए। बुद्धिजीवी राजनीति में आकर अबुद्धिजीवियों वाले उलटे, टेढ़े, मेढ़े भूरे और काले काम करेंगे तो पहले से जो अबुद्धिजीवी अराजनीति कर रहे हैं उनका भविष्य क्या होगा। किसी ने नहीं कहा कि संभावित पार्षद गंजा नहीं होना चाहिए। उसे सुन्दर और शाकाहारी होना चाहिए या उसे पहले से ही ठेकेदार होना चाहिए।

ऐसा होना मुश्किल है लेकिन लोग चाहते हैं कि वह सर्वधर्म सम्मान वाला हो। क्षेत्रवाद और धर्म जैसी संकीर्ण मानसिकता से दूर हो। पार्षद महिला हो तो उनका पति लीडर बनकर न घूमे। हर गली में नियमित रूप से जाए। लोगों के बोलने से पहले ही समस्याओं का समाधान करे। सड़कों को बिना गड्ढों के रखे। पता नहीं आम जनता, पार्षद जैसे राजनीतिज्ञ से भी इतना कुछ असंभव सा चाहती है। वह अपने घर के बाहर अभी अपने नाम का बोर्ड भी नहीं लगा पाता जनता काम बताना शुरू कर देती है। पार्षद बनने से पहले वह भी आम आदमी ही होता है। पार्षद बनने के बाद भी उसे अपने बच्चों और पत्नी के काम करने पड़ते हैं। इसलिए जैसे हम दूसरे राजनेताओं, विधायक और मंत्री से आशा रखते हैं वैसी ही उम्मीद उससे भी रखने में क्या हर्ज़ है, तो कहिए हमारा पार्षद कैसा हो, दूसरे नेताओं जैसा ही हो।

## ट्रंप और जिनपिंग की दोस्ती ने बदल डाले वैश्विक राजनीतिक समीकरण, क्वाड का भविष्य अधर में



नीरज कुमार दुबे

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा बदलती विश्व व्यवस्था का ऐसा प्रतीक बनकर सामने आई जिसने वैश्विक राजनीति की दिशा पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। बीजिंग में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ ट्रंप की लंबी बैठकों, व्यापारिक समझौतों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी सहयोग पर चर्चा तथा अमेरिकी उद्योगपतियों की भारी मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि तमाम टकरावों और आरोपों के बावजूद अमेरिका और चीन एक दूसरे से अलग नहीं हो सकते। इसी के साथ यह सवाल भी तेज हो गया है कि क्या इस यात्रा ने क्वॉड जैसे रणनीतिक समूहों के भविष्य पर भी अनिश्चितता पैदा कर दी है?

दिलचस्प बात यह है कि पिछले वर्ष जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी, तब ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका भारत को चीन और रूस के हाथों खो रहा है। यही नहीं, मोदी की चीन और रूस के नेताओं के साथ तस्वीरों को वाशिंगटन में रणनीतिक असहजता के रूप में देखा गया था। लेकिन अब वही ट्रंप खुद चीन की धरती पर शी जिनपिंग के साथ बैठकों में व्यस्त रहे। उनके साथ अमेरिका के सबसे बड़े उद्योगपति और तकनीकी कंपनियों के प्रमुख भी मौजूद रहे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि भारत का चीन से संवाद अमेरिका के लिए भारत को खो देना था, तो फिर ट्रंप की अपनी चीन यात्रा को क्या कहा जाए? क्या यह अमेरिकी यथार्थवाद है, आर्थिक मजबूरी है या फिर वैश्विक शक्ति संतुलन की नई स्वीकारोक्ति है?

ट्रंप की इस यात्रा ने यह भी साफ कर दिया कि चीन को अलग थलग करने की अमेरिकी रणनीति अब पहले जैसी प्रभावी नहीं रह गई है। वहीं बीजिंग ने ट्रंप की इस यात्रा को केवल कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं रहने दिया, बल्कि इसे अपनी तकनीकी, आर्थिक और सामरिक शक्ति के प्रदर्शन में बदल दिया। शहर की सड़कों पर चालक रहित विद्युत वाहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियां, मानवरूपी रोबोट और डिजिटल विज्ञापन चीन की नई ताकत का प्रदर्शन कर रहे थे। चीन दुनिया को यह संदेश देना चाहता था कि अब वह केवल सस्ती वस्तुएं बनाने वाला देश नहीं बल्कि भविष्य की तकनीकों का नेतृत्व करने वाली शक्ति बन चुका है। देखा जाये तो ट्रंप की यात्रा ऐसे समय हुई जब अमेरिका ईरान युद्ध के कारण कई मोर्चों पर दबाव में है। अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार चीन ने ईरान संकट का उपयोग अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच चीन ने ऊर्जा आपूर्ति और हथियारों के जरिये अपनी भूमिका बढ़ाई, जबकि अमेरिका युद्ध और आर्थिक दबावों में उलझा रहा। यही कारण है कि ट्रंप को अंततः बीजिंग पहुंचकर शी जिनपिंग से संवाद करना पड़ा।

बीजिंग में हुई बातचीत के दौरान ताइवान सबसे बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया। शी जिनपिंग ने साफ कहा कि यदि ताइवान के मुद्दे को ठीक ढंग से नहीं संभाला गया तो दोनों देशों के बीच टकराव और संघर्ष हो सकता है। यह बयान केवल चेतावनी नहीं था बल्कि बदलते शक्ति संतुलन का संकेत भी था। चीन अब अमेरिका से बराबरी की भाषा में बात कर रहा है।

ट्रंप की प्राथमिकता हालांकि व्यापार और निवेश रही। उनके साथ एलन मस्क, जेन्सन हुआंग और अन्य अमेरिकी उद्योगपति भी पहुंचे। यह इस बात का संकेत था कि अमेरिकी उद्योग जगत चीन से दूरी नहीं चाहता। दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था और विशाल तकनीकी बाजार से अलग होना अमेरिका के लिए आसान नहीं है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक बयान ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप की चीन यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई संवेदनशील मुद्दों पर व्यावहारिक सहयोग की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत दिए। बयान के अनुसार ट्रंप और शी जिनपिंग ने अमेरिकी कंपनियों के लिए चीन में बाजार पहुंच बढ़ाने, चीन के निवेश को अमेरिका में प्रोत्साहित करने और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों देशों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न होने देने पर भी सहमति जताई। चीन ने जलडमरूमध्य के सैन्यीकरण का विरोध दोहराया, जबकि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देने पर भी साझा रुख सामने आया। यह बयान इस बात का संकेत है कि तीखी प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक अविश्वास के बावजूद अमेरिका और चीन वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टकराव के बजाय नियंत्रित सहयोग की राह भी तलाश रहे हैं। यही वह बिंदु है जहां क्वॉड का भविष्य भी सवालों में घिरता दिखाई देता है। क्वॉड को लंबे समय से हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने वाले समूह के रूप में देखा जाता रहा है। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की यह साझेदारी चीन को लेकर साझा रणनीतिक चिंता पर आधारित मानी जाती है। लेकिन यदि अमेरिका का राष्ट्रपति खुद चीन के साथ संबंधों को स्थिर करने, व्यापार बढ़ाने और तकनीकी सहयोग तलाशने बीजिंग पहुंचता है, तो फिर क्वॉड की वास्तविक दिशा क्या रह जाएगी?

भारत के लिए यह प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में नई दिल्ली ने क्वॉड को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का अहम हिस्सा बनाया है। लेकिन ट्रंप की चीन यात्रा यह संकेत देती है कि अंततः अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही निर्णय लेगा। यदि आर्थिक या सामरिक कारणों से उसे चीन के साथ समझौता करना पड़े, तो वह पीछे नहीं हटेगा। ऐसे में भारत को यह समझना होगा कि वैश्विक राजनीति स्थायी मित्रताओं से अधिक स्थायी हितों पर चलती है।

ट्रंप की यात्रा ने एक और महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा अब केवल व्यापार युद्ध तक सीमित नहीं है। यह तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, दुर्लभ खनिज, चिप निर्माण, समुद्री मार्गों और वैश्विक प्रभाव की व्यापक लड़ाई बन चुकी है। लेकिन इस प्रतिस्पर्धा के बीच दोनों देश एक दूसरे पर निर्भर भी हैं। अमेरिका चीन को रोकना चाहता है, लेकिन उसकी कंपनियां चीन के बाजार और विनिर्माण क्षमता से अलग नहीं हो पा रहीं। दूसरी ओर चीन अमेरिकी तकनीक और वैश्विक वित्तीय संरचना से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता।

इसीलिए बीजिंग में ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात केवल दो नेताओं की बैठक नहीं थी। यह उस नई विश्व व्यवस्था की झलक थी जिसमें प्रतिद्वंद्विता और सहयोग साथ-साथ चलेंगे। दोनों देश सार्वजनिक रूप से एक दूसरे को चुनौती देंगे, लेकिन आर्थिक और तकनीकी स्तर पर पूरी तरह अलग भी नहीं होंगे।

इस पूरी प्रक्रिया में भारत की स्थिति बेहद जटिल हो जाती है। एक ओर वह अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी मजबूत कर रहा है, दूसरी ओर रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखता है और चीन के साथ संवाद भी बनाए हुए है। ट्रंप की चीन यात्रा भारत को यह संदेश भी देती है कि वैश्विक राजनीति में किसी एक धुरी पर पूरी तरह निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है।

# अमेरिका एक पतनशील राष्ट्र है...


## शी चिनफिंग की इस बात से ट्रंप ने क्यों जताई सहमति

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अपनी बीजिंग यात्रा के आखिरी दिन यह दावा किया कि चीनी नेता शी चिनफिंग ने उन्हें कई शानदार सफलताओं पर बधाई दी है। ट्रंप ने कहा कि जब चिनफिंग ने बहुत ही शालीनता से अमेरिका को शायद एक पतनशील राष्ट्र बताया, तो उनका यह इशारा ट्रंप से पहले की जो बाइडन सरकार की तरफ था। यह स्पष्ट नहीं था कि ट्रंप चिनफिंग की किसी बंद कमरे में हुई बातचीत का हवाला दे रहे थे या उनके थ्यूसीडाइड्स ट्रैप वाले बयान का। यात्रा के पहले दिन शी चिनफिंग ने कहा था कि अमेरिका-चीन संबंधों को स्थिर करना सिर्फ दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बहुत जरूरी है।

### थ्यूसीडाइड्स ट्रैप का जिक्र

हालांकि, शी चिनफिंग ने सार्वजनिक तौर पर पतनशील राष्ट्र शब्द का इस्तेमाल नहीं किया था, लेकिन उन्होंने यह सवाल जरूर उठाया था कि क्या दोनों महाशक्तियां थ्यूसीडाइड्स ट्रैप से बच सकती हैं। यह एक ऐसा राजनीतिक सिद्धांत है जो बताता है कि एक उभरती हुई शक्ति और पहले से स्थापित महाशक्ति के बीच युद्ध होना तय होता है।



सोशल प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पतन के बारे में शी चिनफिंग का आकलन 100% सही था। ट्रंप के अनुसार, बाइडन प्रशासन की इमिग्रेशन, जेंडर इक्वेलिटी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़ी नीतियों के कारण देश को अपार नुकसान उठाना पड़ा है।

ट्रंप ने लिखा,जब राष्ट्रपति शी ने बहुत ही शालीनता से अमेरिका को एक पतनशील राष्ट्र कहा, तो वह स्लीपी जो बाइडन और बाइडन प्रशासन के उन चार सालों के दौरान हुए भयानक नुकसान का जिक्र कर रहे थे। इस मामले में वह पूरी तरह सही थे।

उन्होंने आगे कहा कि खुली सीमाओं, भारी टैक्स, हर किसी के लिए ट्रांसजेंडर नीतियों, महिलाओं के खेलों में पुरुषों की भागीदारी, विविधता, समानता और समावेश, खराब व्यापार समझौतों और बढ़ते अपराध के कारण हमारे देश को बहुत नुकसान हुआ। ईरान और ताइवान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारी मतभेदों के बावजूद अमेरिकी नेता ने दावा किया कि दुनिया की दो सबसे बड़ी महाशक्तियों के बीच संबंध अच्छे हैं और लगातार बेहतर हो रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उनके कार्यकाल के 16 शानदार महीनों के दौरान अमेरिका ने अविश्वसनीय प्रगति की है। उन्होंने शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर, अपनी कथित सैन्य जीत, मजबूत जॉब मार्केट और निवेश के नए वादों का हवाला देते हुए इसे अमेरिका के पुनरुत्थान का संकेत बताया। ट्रंप ने लिखा कि राष्ट्रपति शी का इशारा अमेरिका की उस अविश्वसनीय प्रगति की ओर नहीं था जो ट्रंप प्रशासन के 16 शानदार महीनों में दुनिया ने देखी है। उन्होंने वेनेजुएला के साथ अच्छे संबंधों, ईरान के सैन्य पतन और अमेरिका में बाहरी लोगों द्वारा 18 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड निवेश का भी जिक्र किया। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि शी चिनफिंग ने इतने कम समय में मिली इन शानदार सफलताओं के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने यह स्वीकार किया कि दो साल पहले अमेरिका वास्तव में पतन की ओर था, लेकिन अब यह दुनिया का सबसे हॉट देश है।

हालांकि, अमेरिका-चीन संबंधों को लेकर ट्रंप का यह सकारात्मक रवैया दोनों देशों के बीच मौजूद कई कड़वी सच्चाइयों से मेल नहीं खाता है। ईरान में चल रहे संघर्ष को सुलझाने में अमेरिका ने चीन से अधिक भागीदारी की अपील की है, लेकिन बीजिंग ने सार्वजनिक तौर पर इसमें बहुत कम दिलचस्पी दिखाई है।

# ईंधन संकट से अंधेरे में डूबा क्यूबा, सड़कों पर उतरे सैकड़ों प्रदर्शनकारी; कचरा जलाकर किया विरोध



नई दिल्ली

क्यूबा देश पर इन दिनों ऊर्जा संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वहां के ऊर्जा मंत्री विसेंटे डे ला ओ लेवी ने इस बात की पुष्टि की है कि देश में ईंधन पूरी तरह खत्म हो चुका है। हालात इतने खराब है कि देश में डीजल और ईंधन की कमी के कारण 22 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। यह स्थिति अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण बनी है। वहां के लोगों को फिलहाल ब्लैकआउट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस हालात में देश की राजधानी हवाना शहर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भड़क उठे हैं। कई प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं और बिगड़ते ऊर्जा संकट से हताश होकर बत्तियां जलाओ के नारे लगा रहें हैं। इस दौरान लोगों ने बर्तन पीटने सहित कूड़े के ढेर में आग लगा दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऊर्जा मंत्री ने बताया, कच्चा तेल और ईंधन तेल दोनों में से हमारे पास बिल्कुल कुछ भी नहीं बचा है; इस वक्त हमारे पास एकमात्र चीज है। वह है कुओं से निकलने वाली गैस, जिसका उत्पादन बढ़ा दिया गया है। लेवी ने देश की स्थिति को बेहद तनावपूर्ण बताया। द गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार, ऊर्जा और खान मंत्री ने बताया कि देश ने भले ही पिछले दो सालों में 1,300 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने का काम किया है, फिर भी ईंधन की लगातार कमी के कारण बिजली ग्रिड अस्थिर हो रहा है और उसकी कार्यक्षमता घट रही है। इसमें एक बड़ी समस्या बड़े बैटरी भंडारण प्रणालियों की कमी है।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हवाना पर दबाव और बढ़ा दिया है। उन्होंने वेनेजुएला से होने वाली तेल की खेपों को रोकने और वैश्विक शुल्क लगाने की धमकी देने के बाद, अब कसम खाई है कि क्यूबा को अब और तेल या पैसा नहीं मिलेगा।

इस द्वीप के भविष्य को लेकर चल रही वार्ताओं के बीच, ट्रंप ने कहा, उन्हें क्यूबा पर अपने अधिकार में लेने की उम्मीद है। यह बयान उन्होंने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से बेदखल करने के प्रयास के बाद दिया था।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा की कार्यवाही का अब सीधा प्रसारण होगा: शुभेंदु अधिकारी

कोलकाता, (वार्ता)



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अब से राज्य विधानसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाएगा। श्री अधिकारी ने विधानसभा के पटल पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि राज्य के लोग विधानसभा की कार्यवाही को वास्तविक समय में देख सकें और अपने चुने हुए प्रतिनिधियों के प्रदर्शन का आकलन कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों ने विधायकों को वोट देकर सदन में भेजा है, वे अब देख सकेंगे कि उनके प्रतिनिधि सदन के भीतर चर्चाओं और बहसों में किस तरह भाग लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण मतदाताओं को यह निर्धारित करने में मदद करेगा कि उनके निर्वाचित नेता अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से निभा रहे हैं और जनता की चिंताओं को उचित तरीके से उठा रहे हैं या नहीं।

# 1500 ड्रोन और 100 से ज्यादा दागीं मिसाइलें... रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

नई दिल्ली

रूस ने यूक्रेन पर चार वर्ष से चल रहे युद्ध का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई प्रमुख शहरों पर बुधवार-गुरुवार को 1,560 से ज्यादा ड्रोन और करीब 100 मिसाइलें दागीं। इन हमलों में कीव में पांच लोग और अन्य स्थानों पर छह लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए हैं। हमलों से नागरिक सुविधाओं को भी भारी नुकसान हुआ है। यूक्रेन ने अमेरिका और चीन से रूसी हमलों को रुकवाने का अनुरोध किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि इनमें से ज्यादातर ड्रोन और मिसाइलें आकाश में ही नष्ट कर दिए गए लेकिन बाकी ने यूक्रेनी शहरों को भारी नुकसान पहुंचाया।

नष्ट किए गए ड्रोन और मिसाइलों के टुकड़ों से भी भवनों और नागरिक सुविधाओं को नुकसान हुआ है। जेलेंस्की ने कहा, इस हमले से जल्द युद्ध खत्म होने की संभावना पर विश्वास नहीं होता है। विदित हो कि हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध जल्द खत्म होने की संभावना जताई थी।

जेलेंस्की ने यूक्रेन की सुरक्षा के लिए सहयोगी देशों से ज्यादा सहायता और एयर डिफेंस सिस्टम की मांग की है। जेलेंस्की ने बताया है कि कीव के 20 स्थानों पर रूस के हमले हुए हैं। इन हमलों में पांच लोग मारे गए और दो बच्चों समेत 40 घायल हुए हैं। ड्रोन हमले में एक नौ मंजिला भवन ध्वस्त हो गया है। राहतकर्मी कंक्रीट की परतें हटाकर उनके नीचे दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। इसलिए हमले में मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है। गृह मंत्री इहोर क्लीमेंको ने 10 लोगों के लापता होने की जानकारी दी है।



जेलेंस्की ने बताया है कि ताजा रूसी हमलों में यूक्रेन में 180 ठिकानों को नुकसान हुआ है। इनमें 50 से ज्यादा आवासीय भवन हैं। हमलों से कीव की पानी-बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है। यूक्रेन के दूसरे बड़े शहर खार्कीव में हमले से तीन बच्चों समेत 28 लोग घायल हुए हैं।

ऊर्जा संयंत्रों पर हुए हमलों से देश के 11 प्रांतों की बिजली आपूर्ति में बाधा आई है। रूस ने ओडेसा बंदरगाह और रेल नेटवर्क को भी निशाना बनाया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने अमेरिका और चीन के नेताओं से रूस पर युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बनाने का अनुरोध किया है।

# ओडिशा में ईंधन की कोई कमी नहीं, लोग घबराहट में आकर खरीदारी न करें: पात्रा

भुवनेश्वर, (वार्ता)

ओडिशा में पिछले दो दिनों से पेट्रोल और डीजल की कमी के कारण घबराहट में हो रही खरीदारी के बीच राज्य के खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने शुक्रवार को जनता से पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाने या अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की और आश्वासन दिया कि राज्य में ईंधन की कोई कमी नहीं है।

तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने कहा कि ओडिशा में वर्तमान में अगले 13 दिनों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त पेट्रोल और डीजल का भंडार है।

श्री पात्रा की यह अपील ऐसे समय में आई है जब राज्य के कई हिस्सों में ईंधन स्टेशनों पर भारी भीड़ देखी गई और देर रात तक लंबी कतारें लगी रहीं। मांग में अचानक आई तेजी के कारण कुछ पेट्रोल पंपों को अस्थायी रूप से परिचालन बंद करना पड़ा, जबकि अन्य ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों को बेचे जाने वाले ईंधन की मात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया।

श्री पात्रा ने कहा कि ईंधन की खरीद में यह तेजी मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी को लेकर जनता के डर के कारण हुई है। इस आशंका के कारण व्यापक रूप से घबराहट में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे कई लोग ईंधन जमा करने के लिए बड़े कंटेनर और जेरी केन लेकर पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे।

मंत्री ने नागरिकों से ईंधन की जमाखोरी न करने या गलत जानकारी न फैलाने का आग्रह किया और स्पष्ट किया कि ओडिशा में ईंधन की उपलब्धता के लिए कोई तत्काल खतरा नहीं है।

श्री पात्रा ने यह भी नोट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा व्यापक आर्थिक सुदृढ़ीकरण उपायों के हिस्से के रूप में नागरिकों से ईंधन की खपत कम करने की हालिया अपील के बाद भ्रम फैल गया था।

स्थिति के दुरुपयोग को रोकने के लिए श्री पात्रा ने कहा कि अधिकारियों को ईंधन की कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ छापेमारी करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने पेट्रोल पंपों को सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया है ताकि आवश्यक परिवहन की सामान्य आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

मंत्री ने लोगों से पेट्रोल पंपों पर अत्यधिक भीड़ न लगाने की अपील की और चेतावनी दी कि अनावश्यक घबराहट से राज्य भर में ईंधन के सुचारू वितरण में व्यवधान आ सकता है।

## ससुराल में पत्नी को लेने आए युवक की तबीयत खराब होने से मौत

श्रीगंगानगर, (वार्ता)। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में अपनी ससुराल में आए दामाद की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। यह घटना गणेशगढ गांव की है। पुलिस ने इस संबंध में मृतक के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट पर जांच शुरू की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 28 वर्षीय सुनील गणेशगढ़ गांव के नजदीक एक ईंट भट्टे पर गुरुवार को आया था। देर शाम को उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई, जिस पर ससुराल वाले उसे तुरंत ही श्रीगंगानगर के जिला अस्पताल में ले गए। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# वैश्विक संस्थाओं में सुधार विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता


नयी दिल्ली, (वार्ता)

भारत ने वैश्विक शासन संस्थाओं में तत्काल सुधारों की पुरजोर मांग करते हुए कहा है कि मौजूदा बहुपक्षीय व्यवस्था मौजूदा भू-राजनीतिक और आर्थिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिन की बैठक के दूसरे और अंतिम दिन वैश्विक शासन और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार विषय पर खुले सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ये सुधार विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की जोरदार वकालत की और कहा कि एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व अब भी अपर्याप्त है। भारत ने सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र सुधारों पर चरणबद्ध तरीके से वार्ता शुरू करने का भी आग्रह किया और अंतर-सरकारी वार्ता प्रक्रिया तथा ब्रिक्स जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन में हुई प्रगति का उल्लेख किया। आर्थिक चुनौतियों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार की मांग की, जिसमें अधिक मजबूत और जवाबदेह बहुपक्षीय विकास बैंकों तथा विकास और जलवायु वित्त तक आसान पहुंच पर जोर दिया गया। भारत ने वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार का भी समर्थन किया और गैर-बाजार प्रथाओं तथा आपूर्ति श्रृंखला के केंद्रीकरण पर चिंता जताते हुए विश्व व्यापार संगठन में नियम-आधारित व्यवस्था को आवश्यक बताया। सुधार प्रक्रिया के अंतर्गत बहुपक्षवाद लोकतांत्रिक, समावेशी और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। सहयोग, संवाद और सुधार अधिक न्यायसंगत और प्रतिनिधिक वैश्विक व्यवस्था के निर्माण के लिए आवश्यक है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# संजय दत्त स्टारर 'आखिरी सवाल' की दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की तारीफ

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संजय दत्त स्टारर फिल्म 'आखिरी सवाल' को देखने के बाद इसकी तारीफ की है। फिल्म आखिरी सवाल के टीज़र और हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने दर्शकों के बीच जबरदस्त चर्चा पैदा कर दी है। संजय दत्त स्टारर यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। थिएटर रिलीज से पहले मेकर्स ने 13 मई को दिल्ली में इसका भव्य प्रीमियर आयोजित किया, जो हाल के समय में राजधानी के सबसे बड़े फिल्मी आयोजनों में से एक बन गया। इस खास शाम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं, जिन्होंने फिल्म की कास्ट और टीम के साथ इसे देखा।प्रीमियर के बाद उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर आखिरी सवाल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि फिल्म राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के प्रेरणादायक सफर को शानदार तरीके से दिखाती है और समाज सेवा एवं राष्ट्र भावना जगाने में उसके योगदान को सामने लाती है। साथ ही उन्होंने फिल्म की दमदार कहानी, निर्देशक और कलाकारों की परफॉर्मेंस की भी सराहना की। श्रीमती गुप्ता ने ट्वीट किया, फिल्म आख़री सवाल की स्टारकास्ट और टीम के साथ इस विशेष फिल्म को देखने का अवसर मिला। यह फिल्म राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की प्रेरणादायी यात्रा, राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान, सेवा, संगठन और सांस्कृतिक चेतना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास करती है। देश के सामाजिक और वैचारिक जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रसंगों को भी गंभीरता से उठाया गया है।




# 59 वर्ष की हुई माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आज 58 वर्ष की हो गई। माधुरी दीक्षित का जन्म 15 मई 1967 को मुंबई में एक मध्यमवर्गीय मराठी ब्राह्मण परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई से हासिल की। इसके बाद उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी में माइक्राबॉयलोजिस्ट बनने के लिये दाखिला ले लिया। इस बीच उन्होंने लगभग आठ वर्ष तक कथक नृत्य की शिक्षा भी हासिल की। उन्होंने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1984 में राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म अबोध से की थी,लेकिन वह उस समय तक अभिनेत्री बनने में कोई खास दिलचस्पी नहीं रखती थीं। गर्मी की छुट्टियों में फिल्म अबोध की शूटिंग खत्म कर माधुरी ने कॉलेज में दाखिला ले लिया। फिल्म अबोध बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई, लेकिन माधुरी ने कई फिल्ममेकर्स का ध्यान खींच लिया। उन्हें लगातार फिल्मों के ऑफर मिलने लगे। यह देख माधुरी ने भी कॉलेज की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी और फिल्मी करियर को चुन लिया। माधुरी दीक्षित की किस्मत का सितारा वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म तेजाब से चमका। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने अनिल कपूर की प्रेयसी की भूमिका निभायी थी ।फिल्म में उनपर फिल्माया गीत %एक दो तीन% उन दिनो श्रोताओ के बीच छा गया था। फिल्म की सफलता के बाद माधुरी दीक्षित फिल्म इंडस्ट्री में अपनी सही पहचान पाने में कुछ हद तक कामयाब हो गयी। वर्ष 1990 में माधुरी दीक्षित के सिने करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म दिल प्रदर्शित हुयी ।फिल्म में माधुरी दीक्षित और आमिर खान की जोड़ी को सिने दर्शको ने काफी पसंद किया ।फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी, साथ ही फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये माधुरी दीक्षित को अपने सिने करियर का पहला फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ। वर्ष 1991 माधुरी दीक्षित के सिने करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनके अभिनय के नये रंग दर्शको को देखने को मिले। इस वर्ष उनकी 100 डेज,साजन,प्रहार,जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी। इन फिल्मों की सफलता के बाद माधुरी दीक्षित शोहरत की बुंलदियों पर जा पहुंची । वर्ष 1992 में माधुरी दीक्षित की एक और अहम फिल्म फिल्म बेटा प्रदर्शित हुयी।,वर्ष 1994 में राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म हम आपके है कौन माधुरी दीक्षित की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म में शुमार की जाती है ।नब्बे के दशक में माधुरी हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस थीं, जिसके चलते उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वर्ष 2002 में माधुरी दीक्षित को शरत चंद्र के मशहूर उपन्यास देवदास पर बनी फिल्म में काम करने का अवसर मिला। संजय लीला भंसाली की इसी नाम से बनी फिल्म में चन्द्रमुखी के अपने किरदार से माधुरी ने दर्शको का दिल जीत लिया और अपने दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयी ।माधुरी दीक्षित के सिने करियर में उनकी जोड़ी अभिनेता अनिल कपूर साथ काफी पसंद की गयी ।भारतीय सिनेमा में माधुरी के योगदान को देखते हुए वर्ष 2008 में उन्हें पद्मश्री से अलंकृत किया गया ।वर्ष 2002 में प्रदर्शित फिल्म हम तुम्हारे है सनम के बाद माधुरी दीक्षित ने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया और वैवाहिक जीवन बिताने लगी। वर्ष 2007 में फिल्म आजा नच ले के जरिये उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने सिने करियर की दूसरी पारी शुरू की लेकिन इस फिल्म की असफलता के बाद उन्होंने एक बार फिर से फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया ।माधुरी दीक्षित ने वर्ष 2013 में प्रदर्शित फिल्म ये जवानी है दीवानी से इंडस्ट्री में कमबैक किया है। इसके बाद माधुरी ने डेढ़ इश्किया, गुलाब गैंग, मराठी फिल्म बकेट लिस्ट,कलंक ,टोटल धमाल और भूल भुलैया 3 में काम किया है।



# आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने इंदौर में बढ़ाया 'पति पत्नी और वो दो' का क्रेज

अपनी बहुप्रतीक्षित कॉमेडी एंटरटेनर 'पति पत्नी और वो दो' की रिलीज से पहले अभिनेता आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने इंदौर में प्रमोशनल टूर के दौरान खूब धमाल मचाया। आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने शहर के दौरे की शुरुआत स्थानीय मीडिया से बातचीत के साथ की, जहाँ उन्होंने फिल्म, अपने किरदारों और रिलीज से पहले ट्रेलर और गानों को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स के बारे में बात की ।इसके बाद दोनों इंदौर के एक लोकप्रिय कॉलेज पहुंचे, जहाँ उन्होंने छात्रों से मुलाकात की, फिल्म के गानों पर डांस किया और दर्शकों से जबरदस्त प्यार पाया। दोनों की एक झलक पाने के लिए फैंस की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे माहौल बेहद जोशीला और उत्साहपूर्ण हो गया। इंदौर दौरे को और यादगार बनाते हुए आयुष्मान और रकुल ने शहर के प्रसिद्ध छप्पन दुकान मार्केट में भी रुककर स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ उठाया और फैंस एवं स्थानीय लोगों के साथ समय बिताया। गुलशन कुमार, बी आर चोपड़ा और टी- सीरीज प्रस्तुत,टी - सीरीज फिल्म्स और बी आर स्टूडियोज़ प्रोडक्शन की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' का निर्देशन मुदस्सर अज़ीज़ ने किया है, जबकि इसे भूषण कुमार, रेणु रवि चोपड़ा और कृष्ण कुमार ने प्रोड्यूस किया है और जुनो चोपड़ा क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं। यह फिल्म 15 मई को रिलीज होगी।



## प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा जिले के प्रभारी मंत्री और उपाध्यक्ष जिला विकास सलाहकार समिति श्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में 16 मई 2026 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सभी जिला प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो 2 जून को जिले का भ्रमण कर बैठक लेंगे

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के माननीय सदस्य श्री प्रियांक कानूनगो 02 जून 2026 को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आप दोपहर 03:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेंगे। इस निर्धारित भ्रमण का उद्देश्य मानवाधिकार और समावेशी विकास से संबंधित प्रमुख विषयगत क्षेत्रों में क्रियान्वयन की स्थिति और जमीनी हकीकतों की व्यापक समीक्षा करना है।

## मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनांतर्गत झींगा पालन, मत्स्य बीज संवर्धन के लिए आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग नरसिंहपुर श्रीमती बबीता चौरसिया ने बताया कि मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनांतर्गत ग्रामीण मौसमी तालाबों में झींगा पालन, मत्स्य बीज संवर्धन आदि के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। इस योजना के तहत जिले के सभी वर्ग के हितग्राही, एनआरएलएम स्वसहायता समूह, मछुआ समूह एवं मछुआ सहकारी समिति सदस्य पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि इस योजनांतर्गत सभी वर्ग के हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित इकाई लागत का 40 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला पंचायत परिसर में स्थित सहायक संचालक मत्स्योद्योग नरसिंहपुर के कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है और पात्र हितग्राही अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

## मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं का लाभ लेने चयनित 73 ग्रामों में निवासरत एसटी वर्ग से आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग नरसिंहपुर श्रीमती बबीता चौरसिया ने बताया कि प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति, समूह व समिति मत्स्य विक्रय हेतु मोटर साईकिल विथ आइस बॉक्स, मत्स्य पालन हेतु पौण्ड बायोफ्लॉक, आरएएस एवं स्वयं की भूमि में तालाब निर्माण आदि के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन जिला पंचायत परिसर नरसिंहपुर में स्थित सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय में कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए चयनित 73 ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति- एसटी के हितग्राहियों के लिए ही लागू है। इस अभियान अंतर्गत व्यक्तिगत हितग्राही को शासन के द्वारा निर्धारित इकाई लागत का 90 प्रतिशत, समूह एवं समिति की स्थिति में शतप्रतिशत अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक निरस्त

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 15 मई 2026 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। आगामी बैठक की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

# पीआईसी की बैठक में शहर के विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत






## कार्यालय का औचक निरीक्षण

करेली(स्वतंत्र मत)।

नगर पालिका परिषद करेली की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार द्वारा गुरुवार सुबह 10 बजे नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी कार्यालय समय पर उपस्थित नहीं मिले, जिस पर अध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचकर जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की समझाइश दी गई।

### कार्य में लापरवाही पर ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए ठेकेदार भूमि कंस्ट्रक्शन गोटेगांव एवं सुमन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लापरवाहीपूर्ण कार्य किए जाने पर नाराजगी जताई। अनेक नोटिस एवं मौखिक समझाइश के बावजूद कार्यों में सुधार नहीं होने तथा शासन को हो रहे नुकसान को देखते हुए संबंधित ठेकेदारों की जमा राशि राजसात कर ठेका समाप्त (टर्मिनेट) किए जाने के निर्देश दिए गए।

### पूर्व में भी ठेकदारों पर की गई थी कार्यवाही

ऋतुराज बसंत कंस्ट्रक्शन एंड ट्रेडिंग भिंड के लक्ष्मी नारायण वार्ड में भोले चौरसिया से जगदीश पेंटर के मकान तक सीसी रोड निर्माण एवं सुनील राजपूत के सामने नाली कवर कार्य समय से प्रारंभ नहीं करने पर एवं माफीदार कंस्ट्रक्शन सूरवारी गोटेगांव के जयप्रकाश वार्ड, राधा वल्लभ वार्ड श्वेतांबर मंदिर के सामने से नाले तक विकास डेयरी से नाले तक निर्माण एवं पेपर ब्लॉक कार्य, इकबाल खान एवं भूपेन पटेल के सामने सीसी सड़क निर्माण कार्य की निविदा निरस्त कर राशि राजसाद की गई थी। धमनी नदी पर धीमी गति एवं लापरवाहीपूर्ण कार्य किए जाने के कारण भी संबंधित ठेकेदार पर राशि जप्त कर टर्मिनेट की कार्रवाई की जा चुकी है।

### बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों को मंजूरी

इसके बाद नगर पालिका कार्यालय सभाकक्ष में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक, जल संरक्षण एवं अन्य विकास कार्यों से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में हनुमान वार्ड में हनुमान मंदिर से सरसला मंदिर होते हुए बाबू चौक तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं निरंजन वार्ड में शैलेन्द्र गुप्ता से राजू ठाकुर के मकान तक, कमलेश सोनी के मकान से श्यामलाल के मकान तक तथा विक्रम ठाकुर के मकान से डॉ. सोनी के बगीचा तक नाली निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्यों पर सहमति दी गई।

### विभिन्न वार्डों में पेवर ब्लॉक से सौंदर्यकरण

राधाबल्लभ वार्ड में दीक्षा बुटिक से धूनी अखाड़ा तक, वैभव रावत से पस्टारिया तक तथा नर्मदा मेडिकल के बाजू से पटवा के मकान तक नाली निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य स्वीकृत किए गए। इसके साथ ही नगर पालिका पंप हाउस से अभिषेक यादव तक एवं अशोक पस्टारिया से पंडित जी तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य भी मंजूर किया गया।

महादेव वार्ड में नायक प्रेस से छत्तर वकील तक, अवधेश खरे से सगीर खान के मकान होते हुए छत्तर वकील तक, विकास सोनी से प्रवीण कौरव तक तथा भगीरथ कौरव से अनुराग वर्मा तक पेवर ब्लॉक रोड एवं नाली मरम्मत कार्यों को स्वीकृति दी गई। गणेश वार्ड में संजय राय के मकान से सोनी के मकान के पीछे तक सड़क निर्माण, शरद अग्रवाल की दुकान से रामरतन शर्मा के मकान तक, तुलसा बाई के घर से रामरतन शर्मा के घर तक तथा रमेश पटेल जी के मकान के पीछे से राजेश कहार तक नाली एवं सड़क निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा गणेश वार्ड में बब्लू भाईजान के घर से ब्रह्मानंद के घर तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को भी मंजूरी प्रदान की गई।

नरसिंह वार्ड में चौधरी शिक्षिका के घर से बालाजी नगर मेन रोड तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली। वहीं लक्ष्मीनारायण वार्ड में शील दुबे से सुहाने जी के मकान होते हुए जीतू जैन के मकान तक नाली मरम्मत एवं प्रीकास्ट रखने के कार्य किए जाएंगे। जलगंगा संवर्धन योजना अंतर्गत हेडपंप, प्लेटफॉर्म एवं सोकपिट निर्माण तथा शासकीय कार्यालय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्यों पर भी निर्णय लिया गया। वहीं अंबेडकर वार्ड में मोहनलाल मेहरा के मकान से राजकुमार मेहरा तक, राजेश रघुवंशी से राजू मेहरा तक, मुंडे काछी से राजू मेहरा तक तथा माधव झिरवार से सीताराम लुहार तक नाली निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई।

### 15 वार्डों में विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य

इसके अतिरिक्त निकाय अंतर्गत 15 वार्डों में विद्युत पोल शिफ्टिंग कार्य, सुभाष वार्ड में विट्ठबाबू के मकान से रावत के मकान तक नाली निर्माण कार्य, विद्युत शाखा हेतु सामग्री दरें आमंत्रित करने तथा संविदा कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा पर भी चर्चा की गई,एवं अनिल मेहतर सफाई संरक्षक के 3 बर्ष पूर्ण होने पर परीक्षा अवधि समाप्त करने की भी चर्चा कर निर्णय लिए गए। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जलप्रदाय परियोजना एवं धमनी नदी जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही शास्त्री वार्ड स्थित व्यायामशाला एवं राजेंद्र वार्ड में भवन निर्माण कार्यों के स्थल परिवर्तन संबंधी प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण एवं नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

# वन रक्षक का गजब कारनामा

## सागौन की अवैध कटाई कर महाराष्ट्र में बेचा

कटंगी(स्वतंत्र मत)।



बालाघाट जिले के दक्षिण वन मंडल सामान्य वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले कन्हडगांव सर्कल के आम्बेझरी बीट में घटित घटना ने पूरे वन विभाग को हिला कर रख दिया है। वन रक्षक संतोष चौबे और उनके दो वन चौकीदारों पर 6 बेशकीमती सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई कर उन्हें महाराष्ट्र प्रांत में बेचने का कथित आरोप लगने का मामला सामने आया है। इस घटना ने फिर एक बार वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। परिक्षेत्र सहायक ओ.पी.जगने के मुताबिक आम्बेझरी कक्ष क्रमांक 570 में वन रक्षक संतोष चौबे ने अपने दो चौकीदारों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से सागौन के पेड़ों की कटाई कराई है यह मामला उनके संज्ञान में आया। मौका निरीक्षण और चौकीदारों सहित वन रक्षक के बयान के आधार पर प्रतिवेदन बनाकर वन परिक्षेत्र अधिकारी को भेजा गया है। परिक्षेत्र अधिकारी बी.एल.चढ़ार ने बताया की विभागीय कार्रवाई जारी है। बता दें सागौन, को जंगल का सोना कहा जाता है। सागौन अपनी मजबूती और टिकाऊपन के कारण अत्यधिक मूल्यवान माना जाता है। जिसके पेड़ों को काटकर कथित तौर पर महाराष्ट्र में बेच दिया गया। वहीं सबूत मिटाने के लिए पेड़ों के ठूंठों पर आग लगा दी गई ताकि किसी को कटाई का प्रमाण न मिल सके। लेकिन वन विभाग की सतर्कता और डिप्टी रेंजर ओमप्रकाश जगने की त्वरित कार्रवाई ने इस षड्यंत्र को उजागर कर दिया। 13 मई को विभागीय अफसरों के संज्ञान में यह मामला आया। जिसके बाद जांच कार्रवाई शुरू की गई है।

### वन रक्षक और चौकीदारों के लिए गए कथन

जंगल से पेड़ों की कटाई की सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर ओमप्रकाश जगने मौके पर पहुंचे। निरीक्षण करने पर उन्होंने पाया कि आम्बेझरी बीट में सागौन के पेड़ों की कटाई की गई है। गहन जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि इस अवैध कार्य में बीट गार्ड संतोष चौबे और उनके दो चौकीदार सीधे तौर पर शामिल हैं। चौकीदारों ने अपने कथन में बताया कि संतोष चौबे ने पेड़ों की कटाई कर महाराष्ट्र के लोभी गांव में सागौन बेचा है जबकि वन रक्षक ने अपने कथन में ठीक इसके विपरित बात बताई है। वन रक्षक के अनुसार उसे सूचना मिली थी कि सागौन की अवैध तस्करी हो रही थी। जिसका वह पीछा कर रहे थे। डिप्टी रेंजर ने तीनों के कथनों के आधार पर प्रतिवेदन बनाकर आगे की कार्रवाई के लिए इसे कटंगी रेंज अधिकारी को सौंप दिया।

### वन रक्षक की करतूत से वन विभाग पर सवाल

वन विभाग का मुख्य कार्य जंगलों की सुरक्षा, वन्यजीवों का संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन है। लेकिन जब विभाग के ही कर्मचारी अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं, तो यह पूरे सिस्टम की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि यदि निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत न हो, तो जंगलों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में भी वन रक्षक और चौकीदारों पर कठोर कार्रवाई की संभावना है। रेंजर के मुताबिक दोषियों पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# जिला स्तरीय स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप व रोजगार के अवसर हेतु युवा संगम कार्यक्रम 18 मई को करेली में

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि राज्य शासन और जिला प्रशासन नरसिंहपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 18 मई को महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किए जाएंगे। विभिन्न विभागों के द्वारा स्वरोजगारमूलक योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर निजी प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। जिले के विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोक्ता जिन्हें अपनी कम्पनी/ शोरूम, होटल एवं अन्य प्रतिष्ठित निजी संस्थानों के लिए कर्मचारियों की आवश्यक है, तो वह भी इस मेला स्थल आकर अपना स्टॉल लगा सकते हैं और आवश्यकतानुसार चयन कर युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद करेली जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**Municipal Council Kareli Dist.- Narsinghpur (m.p)**
(Main Road, Kareli Phone : 07793-270046 Email : cmokareli@mpurban.gov.in)

क्रमांक 1078/ नामां / रा.शा./2026 करेली, दिनांक 15/05/2026

**नामान्तरण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भवन / भूमि का नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि / भवन पर नाम परिवर्तन हेतु यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 ( पंद्रह ) दिवस के भीतर नगरपालिका परिषद कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के समक्ष संबंधित लिखित दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत न होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही यथाविधि अमल में लाई जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्र | हस्तांतरण का नाम | हस्तांतरिती कर्ता का नाम | वार्ड | भवन/ भूमि | खसरा नंबर/ रकबा | नाम परिवर्तन हेतु अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22/2026-27 | श्री रमेश कुमार एवं राकेश कुमार पिता श्री लालता प्रसाद सेन | श्री रोशनलाल पिता श्री गोविंदी लोधी | महादेव वार्ड | भवन | खसरा नंबर 349/2 (S) मेंसे रकबा 1000 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 2 | 23/2026-27 | श्री रकेश पिता श्री नेतराम मेहरा | श्री चंद्रभान सिंह पिता श्री रोशन सिंह लोधी | महादेव वार्ड | भवन | खसरा नंबर 349/50/2 (S) मेंसे रकबा 426 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 3 | 24/2026-27 | श्री राकेश कुमार पिता श्री लालता प्रसाद सेन | श्री भूपेंद्र पिता रामेश्वर प्रसाद सेन | महादेव वार्ड | भवन | खसरा नंबर 349/37 (S) मेंसे रकबा 800 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 4 | 25/2026-27 | श्री रामलाल पिता श्री गोविंदीलाल कतिया | श्री हरीश शर्मा एवं श्री मोहम्मद अनवार | महादेव वार्ड | खुली भूमि | खसरा नंबर 349/1/2 (S) मेंसे रकबा 770.5 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 5 | 26/2026-27 | श्री रुद्र ब्रजपुरिया बलि संजय ब्रजपुरिया | स्व. श्रीमती विमला पति श्री प्रकाशचंद ब्रजपुरिया | राम वार्ड | भवन | नजूल शीट क्र. 5 प्लाट क्र. 65/4 रकबा 428.6 वर्गफुट | रजिस्टर्ड वसीयतनामा एवं नजूल संशोधित रिकार्ड के आधार पर |
| 6 | 27/2026-27 | श्री संजय कुमार पिता श्री प्रकाशचंद ब्रजपुरिया | स्व. श्रीमती विमला पति श्री प्रकाशचंद ब्रजपुरिया | राम वार्ड | भवन | नजूल शीट क्र. 5 प्लाट क्र. 56/5 रकबा 265.3 वर्गफुट | रजिस्टर्ड वसीयतनामा एवं नजूल संशोधित रिकार्ड के आधार पर |
| 7 | 28/2026-27 | श्री राजेंद्र कुमार पिता श्री प्रकाशचंद ब्रजपुरिया | स्व. श्रीमती विमला पति श्री प्रकाशचंद ब्रजपुरिया | राम वार्ड | भवन | खसरा नंबर 117/10 (S) रकबा 2000 वर्गफुट | रजिस्टर्ड वसीयतनामा एवं संशोधित खसरा रिकार्ड के आधार पर |
| 8 | 29/2026-27 | श्री ऋषि कुमार पिता प्रकाश ब्रजपुरिया | स्व. श्रीमती विमला पति श्री प्रकाशचंद ब्रजपुरिया | राम वार्ड | भवन | खसरा नंबर 117/13 (S), 117/18 रकबा 2000 वर्गफुट | रजिस्टर्ड वसीयतनामा एवं संशोधित खसरा रिकार्ड के आधार पर |
| 9 | 30/2026-27 | श्री अभिनय ब्रजपुरिया बली ऋषि ब्रजपुरिया | स्व. श्रीमती विमला पति श्री प्रकाशचंद ब्रजपुरिया | राम वार्ड | भवन | नजूल शीट क्र. 5 प्लाट क्र. 65/2 रकबा 444 वर्गफुट | रजिस्टर्ड वसीयतनामा एवं नजूल संशोधित रिकार्ड के आधार पर |
| 10 | 31/2026-27 | सैयद निखत पिता श्री आशिब अली | श्री मुस्ताक अली पिता श्री मुमताज अली | हनुमान | खुली भूमि | खसरा नंबर 173/8/1 (S) रकबा 500 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 11 | 32/2026-27 | श्रीमती पूनम पति दुर्गेश एवं श्रीमती स्वाति पति श्री योगेश नेमा | श्री लक्ष्मीनारायण पिता श्री रामस्वरूप सोनी | लक्ष्मी नारायण वार्ड | भवन | जनपद भूखंड क्र 363/1 ब, 363/2 मेंसे रकबा 995 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, जनपद नामांतरण के आधार पर |
| 12 | 33/2026-27 | सीमाजान दत्तक कलीजान | कलीजान | नरसिंह वार्ड | भवन | खसरा नंबर 342/22 (S), 342/91 मेंसे रकबा 1123 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 13 | 34/2026-27 | श्रीमती लक्ष्मी पति श्री नितिन दुबे | श्री राजदीप आढ़िया एवं श्रीमती राधा चढ़ार | हनुमान वार्ड | खुली भूमि | खसरा नंबर 176/4/1 (S) मेंसे रकबा 480 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 14 | 35/2026-27 | श्रीमती दीपा पति श्री मुकेश जैन | श्री रजनीश एवं ममत्व जैन पिता श्री धरमचंद जैन | डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड | खुली भूमि | न.पा. करेली गनेशगंज नजूल शीट क्र. 2 प्लाट क्र. 2/50 रकबा 2500 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 15 | 36/2026-27 | श्रीमती राजकुमारी पति श्री संजय कुमार नागवंशी | श्री कमल कुमार पिता श्री शुभकरण लूनावत | निरंजन वार्ड | खुली भूमि | खसरा नंबर 160/6 (S), 160/6, 171/8, 171/9 मेंसे रकबा 975 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 16 | 37/2026-27 | श्री देवांश पिता मनोज कुमार नेमा | श्री उमेशचंद पिता श्री दीपचंद जैन | नेताजी सुभाषचंद बोस वार्ड | खुली भूमि | खसरा नंबर 148/1/1/1/1/1/1 (S) मेंसे रकबा 1500 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, के आधार पर |
| 17 | 38/2026-27 | श्रीमती अंशिका पति श्री अभिषेक जैन | श्री नीतेश पिता श्री ब्रजभान मिश्रा | निरंजन वार्ड | भवन | खसरा नंबर 123/113 (S) मेंसे रकबा 1890 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, के आधार पर |
| 18 | 39/2026-27 | श्री सोनाली पति श्री नवीनचंद जैन | श्री राकेश सिंह पिता श्री रोशन सिंह राजपूत | गनेशगंज वार्ड | खुली भूमि | खसरा नंबर 119/26/1/1/3 (S), मेंसे रकबा 1125 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, के आधार पर |

**नामांतरण शाखा प्रभारी**
**नगरपालिका परिषद करेली**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद करेली**

# आजीविका मिशन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लाई जाए तेजी : कलेक्टर

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एनआरएलएम की समीक्षा बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।




कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की समीक्षा बैठक लेकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन की गतिविधियों में नवाचार और गति लाकर अधिक से अधिक स्व-सहायता समूहों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक विकासखंड में स्वदेशी पौधों के बीजों के साथ एक-एक लाख सीड बॉल तैयार किए जाएं। इसके लिए प्रत्येक क्लस्टर में विषयवार प्रोजेक्ट तैयार कर योजनाओं का लाभ व्यापक स्तर पर समूह सदस्यों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने जिला परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिए कि सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक स्थापित करने तथा एक हजार जल भरण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। एक बगिया माँ के नाम परियोजना के अंतर्गत समूहों को प्रशिक्षण प्रदान कर सब्जी उत्पादन हेतु प्रेरित करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से फेंसिंग कराने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि उपयंत्री, एपीओ एवं बीएम संयुक्त रूप से तीन दिवस के भीतर कार्यों का परीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिला पंचायत की 70 दुकानों को स्व-सहायता समूहों को आवंटित करने तथा विभिन्न गतिविधियों को विकसित करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने नर्मदा तटों पर फूलों की खेती को बढ़ावा देने एवं खेतों में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। दीदी कैफे में स्थानीय उत्पाद जैसे कैंडी, शहद, कुकीज एवं मुरब्बा उपलब्ध कराने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में अनुसूचित जनजाति, आरईएस एवं महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान, समग्र ई-केवायसी तथा प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान अंतर्गत पीएम जनमन आवास योजनाओं में प्रगति लाकर सभी निर्माण कार्य बरसात से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री उदय सिंह भदौरिया, जिला प्रबंधक एनआरएलएम श्रीमती मीना परते सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह की तिथियां तय

कटनी (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत जिले में सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रमों की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने योजना के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम कटनी, जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं नगर परिषद बरही में देवउठनी ग्यारस के अवसर पर शुक्रवार 20 नवम्बर को आयोजन होगा। इसके लिये आवेदन की अंतिम तिथि 5 नवंबर है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, नगर परिषद कैमोर एवं नगर परिषद विजयराघवगढ़ में शनिवार 12 दिसम्बर को सामूहिक विवाह



संपन्न होंगे। इसके लिये आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवंबर है। वहीं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, जनपद पंचायत रीठी एवं जनपद पंचायत बड़वारा में गुरूवार 11 फरवरी 2027 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिये आवेदन की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2027 है। योजना का लाभ केवल उन जोड़ों को मिलेगा जो गरीबी रेखा के अंतर्गत आते हैं तथा जिनका सत्यापन बीपीएल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज हो। प्रत्येक आयोजन में न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व वर-वधू या उनके माता-पिता द्वारा संयुक्त रूप से आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन प्राप्त होते ही उसे ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा और आवेदक को पावती दी जाएगी। ई-केवाईसी या समग्र जानकारी में त्रुटि होने पर आवेदन तत्काल वापस कर सूचित किया जाएगा। योजना के तहत 49 हजार रुपये की राशि सीधे कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवेदन जांच के दौरान वधू के पड़ोसियों का पंचनामा एवं सरपंच के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। आयुक्त के प्रतिनिधि तथा सीईओ एवं सीएमओ द्वारा रेंडम जांच की जाएगी। सभी आवेदनों की पात्रता जांच विवाह तिथि से 7 दिन पहले पूरी करना सुनिश्चित किया जाएगा। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं और सक्षम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।



# बच्चियों को मिल रहा व्यक्तित्व विकास और संस्कारों का प्रशिक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)

अखिल विश्व गायत्री परिवार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम कन्या कौशल शिविर का भव्य शुभारंभ 8 मई 2026 को प्रात: 8:30 बजे स्थानीय रंगनाथ मंदिर प्रांगण में मनोनीत जिला समन्वयक कमल राज अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस शिविर में प्रथम दिन लगभग 50 कन्याओं ने अपनी उपस्थिति दी। पांचवे दिन तक यह उपस्थित 100 कन्याओं तक हो गई है। 6 बच्चों का जन्मदिन दीप यज्ञ के माध्यम से मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी गायत्री शक्तिपीठ कटनी की ट्रस्टी ज्योति श्रीवास्तव द्वारा शिविर का कुशल संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षक के रूप में पुष्पा तिवारी, डॉक्टर लक्ष्मी द्विवेदी, देव संस्कृति विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक लव सिंह चौहान, प्राचार्य रोशनी प्यासी, हरिशंकर दहिया, हरिशंकर गुप्ता, महेंद्र खरे, राकेश निषाद, डॉ विद्याभूषण खरे, सुरभि सिंह, धीरज नामदेव, नीति अगरवाल ने प्रशिक्षण में निर्धारित व्यवस्थाएं संभाली जिसमें कन्याओं को पांच तरह के अंकुरित अनाज का स्वादिष्ट मिश्रण, के अलावा हर दिन बदल बदल कर नया नाश्ता परोसा जा रहा है। प्रत्येक बच्चे को गायत्री परिवार की पत्र पत्रिकाओं का निशुल्क वितरण एवं गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिका प्रदान की जा रही है। योग व्यायाम एवं मानसिक स्वास्थ्य, आत्मरक्षा के गुण, ध्यान, बौद्धिक प्रखरता को कहानियों तथा दृष्टांतों के माध्यम से सामने रखा कर प्रेरणा दी जा रही है। मंदिर प्रांगण में उपस्थित लोगों अभिभावकों ने इस शिविर की सराहना करते हुए अन्य बच्चियों को भी शिविर में भेजने के लिए उत्सुकता दिखाई।

# लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य इकाइयों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वाली औद्योगिक इकाईयों का औचक निरीक्षण कर मिलावटी एवं गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने औद्योगिक क्षेत्र लमतरा स्थित खाद्य इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को महावीर ट्रेडिंग कंपनी में सरसों, जो मसालों में उपयोग होती है, को फिल्टर कर बोरों में पैक कर बाजार में विक्रय किए जाने की जानकारी मिली। वहीं खाद्य पदार्थों का प्रोसेसिंग और स्टोरेज अत्यंत गंदगी व अस्वस्थ्यकर परिस्थितियों में पाया गया। इसके अलावा सरसों के फिल्टर किए गए वेस्ट से तेल निकालकर एक टैंक में संग्रहित किया गया था, जिसका सैंपल मांगने पर संचालकों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री संचालक मौके पर मौजूद नहीं मिले और सूचना देने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए। प्रभारी द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट तथा खाद्य पदार्थों



की जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। टीम ने मौके से सरसों के दो सैंपल लेकर जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए हैं। इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुये फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में लमतरा स्थित क्षितिज फूड मसाला फैक्ट्री में भी निरीक्षण कर धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह पूरी कार्रवाई तहसीलदार आकाश नीरज की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी एवं नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

कटनी (स्वतंत्रमत)।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पीएसवाई प्रीलिमिनरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर आयोजित सम्मान समारोह में जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने प्रतिभाशाली छात्रों को पदक एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में छात्रा निर्वी प्रसाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश स्तर पर पाँचवाँ स्थान हासिल कर विद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि अर्जित की। उनकी इस सफलता पर मध्यप्रदेश शासन की ओर से 1200 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। वहीं अमेया मिश्रा एवं रचित रंजन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रजत पदक से सम्मानित किया गया। छात्र अजिंक्य प्रसाद ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता ने विद्यालय परिवार में हर्ष एवं गर्व का वातावरण निर्मित कर दिया। विद्यालय के शिक्षक सौरभ सामंता एवं



अजीत दुबे ने विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन करते हुए उन्हें परीक्षा के लिए प्रेरित एवं तैयार किया। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास ही उनकी सफलता का मुख्य आधार है। विद्यालय की प्राचार्य सीमा दुबे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपप्राचार्य शबनम अख्तर ने विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। समारोह के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# कटनी जिले के थानों का हो रहा कायाकल्प

## आईएसओ प्रमाणन की दिशा में तेजी से बढ़ रहे कदम

कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी जिले में पुलिस व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले के थानों का व्यापक कायाकल्प किया जा रहा है। आईएसओ प्रमाण पत्र वितरण टीम के प्रस्तावित निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए सभी थानों में रंगरोगन, साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। कटनी पुलिस द्वारा जन पुलिसिंग के प्रयासों के तहत थानों की केवल बाहरी साज-सज्जा ही नहीं, बल्कि उनकी कार्यप्रणाली को भी उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। थाना परिसरों के आंतरिक एवं बाहरी स्वरूप में बदलाव कर उन्हें नागरिक-अनुकूल बनाया जा रहा है, वहीं शिकायतों



के त्वरित एवं कुशल निपटारे, न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। आईएसओ प्रमाणित पुलिस स्टेशन का उद्देश्य ऐसे थानों का निर्माण करना है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन के गुणवत्ता प्रबंधन मानकों को पूरा करते हों। इन मानकों के अंतर्गत जांच प्रक्रिया, शिकायत निवारण, रिकॉर्ड प्रबंधन, विभागीय कार्यप्रणाली, नागरिक सेवाएं तथा पुलिस कर्मियों की व्यवहार कुशलता जैसे विभिन्न मापदंड शामिल हैं। इसी क्रम में कटनी जिले के सभी चयनित थानों में प्रशासनिक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण एवं मानकीकरण भी किया जा रहा है। इसी तैयारी के तहत पुलिस अधीक्षक ने थाना एनकेजे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वयं साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने में सहभागिता की। इस पहल से थाना स्टाफ में उत्साह एवं जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत हुई। कटनी पुलिस का यह प्रयास न केवल थानों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आमजन को बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने, विश्वास बढ़ाने तथा पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक उल्लेखनीय पहल माना जा रहा है।

# नारी सम्मान एवं साहित्य सृजन का अनूठा संगम: मातृ शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुई महापौर

कटनी (स्वतंत्रमत)

मातृ शक्ति सम्मान समारोह एवं माँ पुस्तक विमोचन कार्यक्रम महिला सम्मान, संवेदनाओं और साहित्यिक चेतना का प्रेरणादायी आयोजन बनकर उभरा। बुधवार 13 मई को आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सहभागिता करते हुए महिलाओं को संबोधित किया और समाज निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदी रचनाकार मंच के संस्थापक/अध्यक्ष राघवेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की संचालिका समाजसेवी अधिवक्ता रेखा अंशु तिवारी रहीं। आयोजन



सर्वधर्म जनसेवा मंच समिति एवं हिंदी लेखिका संघ जिला कटनी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभागार में मातृ शक्ति के सम्मान और महिला सशक्तिकरण को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया तथा (माँ) विषय पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि नारी केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की आधारशिला होती है। एक माँ अपने संस्कारों, त्याग और समर्पण से समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और उन्हें आगे बढ़ाने के प्रयास किसी भी सभ्य समाज की पहचान हैं। महापौर ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज को नई दिशा दे रही है। उन्होंने महिलाओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को समाजहित में उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं महिलाओं ने मातृ शक्ति के सम्मान और साहित्यिक गतिविधियों को समाज के लिए सकारात्मक पहल बताया।

# नीट पेपर लीक : एनएसयूआई का झालमुड़ी बेंचकर अनोखा प्रदर्शन

कटनी (स्वतंत्रमत)

हाल ही में नीट का पेपर लीक होने से आक्रोशित कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने कचहरी चौक



में अनोखे ढंग से प्रदर्शन किया एवं आम राहगीरों को झालमुड़ी बांटी। एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खटिक के नेतृत्व में छात्रों ने डाक्टर की ड्रेस, हाँथों में डिग्री एवं तख्तियां पकड़ कर ठेले में झालमुड़ी बेंचकर मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने बताया कि आज भाजपा सरकार में शिक्षित युवा झालमुड़ी बेंचने को मजबूर है, सांकेतिक प्रदर्शन से सरकार को जगाने का कार्य किया गया है एवं शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की गई है। पिछले सात वर्षों में 70 बार देश में पेपर लीक हुए है। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल एग्ज़ाम्स को कमर्शियल एग्जाम में बदल दिया गया है, लगभग 23 लाख छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ चुका है, पेपर लीक की घटना के बाद से कई छात्रों के आत्महत्या करने की खबर सामने आ रही है। सरकार को जिम्मेदारी तय करनी चाहिए जांच की एक टाइमलाइन तय होनी चाहिए एवं सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की निगरानी में जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा जल्द होनी चाहिए, एनटीए भी अपना काम जिम्मेदारी से नहीं कर रही है, सारा काम आउटसोर्स के माध्यम से हो रहा है। पूरा सिस्टम अमीरों के लिए बनाया गया है, गरीब और होनहार बच्चों से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन, कमल पांडेय, आनंद पटेल, राकेश गुड्डू द्विवेदी, विनीत जयसवाल, सेवादल अध्यक्ष मंगल सिंह, चोखे भाई, शशांक गुप्ता, सूर्यकांत कुशवाहा, अभिषेक प्यासी, प्रिंस वंशकार, देवी दीन गुप्ता, राहुल पटेरिया, कपिल रजक, विजय मंगल चौधरी, अवध यादव, राघवेंद्र सिंह, प्रिंस गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नारायण निषाद, संदीप हाड़ा, सौरभ पांडेय, शैख़ शाहिद, बिट्टन तिवारी सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को सफल बनाने ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया तालाब



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड के पठरा गांव में बजरंग गौशाला के पास मानव जीवन विकास समिति सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह के प्रयास से 40 फीट लंबा और 30 फीट चौड़ा एवं 10 फीट गहरा तालाब का निर्माण कराया गया है। मानव जीवन विकास समिति द्वारा लगातार जल संरक्षण को लेकर कार्य किए जा रहे है। जल संरक्षण को लेकर सराहनीय पहल है दूर दूर से लोग आ रहे देखने। आपको बता दे कि पठरा गांव अपने चारों तरफसे जंगल से घिरा हुआ है जहां पर अनगिनत छोटे बड़े जानवर एवं पशु आपको देखने को मिलेंगे। पेड़ पौधे की हरियाली भी देख सुखद अनुभव मिलता है। चिड़ियों का चहचहाना, कोयल की सुरीली धुन, जानवरों का हुंकार राहगीरों का मन मोह रहा है। वैसे तो जल संरक्षण को लेकर कार्य सभी अपने अपने तरीके से कर रहे है लेकिन समिति का कार्य कुछ अलग ही उदाहरण बनता है। इनका कार्य वृहद रूप में होता है जिससे सैकड़ों नहीं हजारों और लाखों की संख्या में लाभ पहुंचता है। ऐसा ही आप देखेंगे इस तालाब का उदाहरण जिसमें पानी भरने से गौशाला के पशुओं सहित लाखों जीव जंतु, जानवर और पक्षियों को पानी मिलेगा। समिति का मानना है कि यह कार्य जल संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा और अन्य गांवों के लोगों को भी जल बचाने के लिए प्रेरित करेगा।

# जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की ओर बड़ा कदम

## राजीव गांधी वार्ड में 35 लाख की लागत से बनने वाले नाले का भूमिपूजन संपन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को राजीव गांधी वार्ड में लंबे समय से बनी जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान हेतु लगभग 35 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित नाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद प्रेमवती रजक एवं मेयर इन काउंसिल सदस्यों की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत करते हुए क्षेत्र में शुरू हो रहे विकास कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान कार्यक्रम में महापौर ने वार्ड की कन्याओं को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। महापौर ने कहा कि नगर



निगम का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों की दैनिक समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए शहर के विभिन्न वार्डों में सुनियोजित तरीके से नाला एवं सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद प्रेमवती रजक ने कहा कि यह कार्य वार्डवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसके पूर्ण होने से आवागमन सुगम होगा और आसपास के रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, सुरेंद्र गुप्ता, बीना बैनर्जी, उमेंद्र अहिरवार, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, मंडल अध्यक्ष रजत जैन जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय नागरिकों एवं निगम अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# गुजरात की नजरें प्लेऑफ और केकेआर की जीत पर

कोलकाता (वार्ता)।



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के पूर्व स्टार शुभमन गिल शनिवार को ईडन गार्डन्स में वापसी कर रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग के 60वें मैच में केकेआर का सामना इन-फ़ॉर्म गुजरात टाइटन्स से होगा, जो इमोशन, प्रेशर और प्लेऑफ़ के असर से भरा होगा। केकेआर के लिए, इक्वेशन सीधा है लेकिन मुश्किल है - जीतो या अपनी प्लेऑफ़ की उम्मीदों को खत्म होते देखो। इस बीच, गुजरात टाइटन्स एक शानदार बदलाव के बाद क्वालिफ़िकेशन के कगार पर है, जिसने उन्हें लगातार पाँच जीत के साथ टेबल के टॉप हाफ़ में पहुँचाया है। मैच स्वाभाविक रूप से गिल के इर्द-गिर्द घूम रहा है, जिन्हें कभी केकेआर का लंबे समय तक चेहरा माना जाता था, लेकिन उनके इस कदम ने उन्हें गुजरात टाइटन्स का कैप्टन और बैटिंग पिलर बना दिया।

इस सीज़न की शुरुआत में, गिल ने अपनी पुरानी टीम के ख़िलाफ़ 86 रन की शानदार पारी खेली थी, जिससे जीटी ने 181 रन का पीछा करते हुए पाँच विकेट से जीत हासिल की थी। उस नतीजे ने कोलकाता के ख़िलाफ़ गुजरात का अपराजेय रथ तीन मैचों तक बढ़ा दिया। अब, गिल उस मैदान पर लौट रहे हैं जहाँ उन्हें कभी अटूट सपोर्ट मिला था, और शायद केकेआर के कैंपेन को पूरी तरह खत्म करने की ज़िम्मेदारी भी उन पर है। जीटी कोलकाता में टूर्नामेंट की सबसे बैलेंस्ड टीमों में से एक दिख रही है। उनकी बैटिंग गिल और साई सुदर्शन की कंसिस्टेंसी के आस-पास घूमती रही है, जो इस सीज़न के सबसे अच्छे परफॉर्मर में से एक बनकर उभरे हैं। सुदर्शन पहले ही एक सेंचुरी और पाँच हाफ-सेंचुरी के साथ 500 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं, जबकि गिल ने लीग में सबसे भरोसेमंद टॉप-ऑर्डर बैट्समैन में से एक के तौर पर अपनी रेप्युटेशन बनाए रखी है।

तीसरे नंबर पर जोस बटलर की मौजूदगी ने गुजरात के टॉप ऑर्डर को और मज़बूत किया है, जिससे टाइटन्स को पावरप्ले और मिडिल ओवर दोनों में हावी होने की काबिलियत मिली है। जब उनका मिडिल ऑर्डर पूरी तरह से नहीं चला है, तब भी गुजरात के बॉलिंग अटैक ने ज़बरदस्त एफिशिएंसी से इसकी भरपाई की है। साउथ अफ्रीकी पेसर कगिसो रबाडा ने 21 विकेट लेकर अटैक को लीड किया है, जबकि ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने ज़रूरी ब्रेकथ्रू दिए हैं और प्रेशर सिचुएशन में कंट्रोल बनाए रखा है। गुजरात के बॉलर्स ने पिछले चार मैचों में 39 विकेट लिए हैं, जिससे पता चलता है कि उनकी जीत का सिलसिला किस तरह से चला है।

हालांकि, केकेआर ने सीजन की शुरुआत में लगभग बाहर होने के बाद वापसी के संकेत दिए हैं। राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लगातार चार जीत ने कैंप के अंदर भरोसा जगाया, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद उनकी लय रुक गई। युवा बैट्समैन अंगकृष रघुवंशी इस सीजन में केकेआर के लिए सबसे बड़ी पॉजिटिव बात बनकर उभरे हैं। इस टीनएजर ने प्रेशर में खूब रन बनाए हैं और पारी को संभालने में भी काफी सहज दिख रहे हैं। धमाकेदार ओपनर फिन एलन ने भी बेखौफ बल्लेबाजी करके केकेआर की शुरुआत को बदल दिया है, जबकि रिंकू सिंह मिडिल ऑर्डर में फिनिशिंग पावर देना जारी रखे हुए हैं। केकेआर के लिए सबसे बड़ी चुनौती गुजरात के पेस अटैक को संभालना और उनके मजबूत टॉप ऑर्डर को रोकना हो सकता है। साथ ही, मेज़बान टीम ईडन गार्डन्स की टर्निंग कंडीशंस का फायदा उठाने के लिए अनुभवी स्पिनर्स सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती पर काफी निर्भर रहेगी। पारंपरिक रूप से मज़बूत घरेलू सपोर्ट मिलने के बावजूद, केकेआर को इस सीज़न में ईडन गार्डन्स में संघर्ष करना पड़ा है, और दबाव में अहम मैच हारे हैं। इसके उलट, गुजरात मुश्किल हालात में ज़्यादा शांत दिखी है। गिल उस फ्रेंचाइज़ी का सामना करने के लिए वापस आ रहे हैं जहाँ से उनका आईपीएल सफ़र शुरू हुआ था और केकेआर अपने सीज़न को ज़िंदा रखने के लिए लड़ रही है, शनिवार का मुकाबला प्लेऑफ़ के आधिकारिक तौर पर शुरू होने से बहुत पहले नॉकआउट मुकाबले जैसा होगा।

## भारत की हरजिंदर कौर चौथे स्थान पर रहीं

**गांधीनगर (वार्ता)।** एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में महिलाओं की 69किग्रा कैटेगरी में डीपीआर कोरिया की सॉन्ग कुक हयांग ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने गांधीनगर के महात्मा मंदिर गांधीनगर एग्जीबिशन हॉल में क्लीन एंड जर्क और टोटल कैटेगरी में तीन गोल्ड मेडल जीते और नए रिकॉर्ड बनाए। डीपीआर कोरिया को रिप्रेजेंट करते हुए, सॉन्ग कुक हयांग ने 112किग्रा स्नैच और शानदार 151किग्रा क्लीन एंड जर्क के साथ कॉम्पिटिशन में दबदबा बनाया,



और कुल 263किग्रा का विनिंग टोटल दर्ज किया। उनके 151किग्रा क्लीन एंड जर्क ने कैटेगरी में एक नया आईडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और एशियन रिकॉर्ड बनाया। चीनी ताइपे की चेन वेन-हुई ने कुल 239किग्रा (104किग्रा स्नैच और 135किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर सिल्वर मेडल जीता, जबकि जापान की मियागोए यूई ने कुल 219किग्रा (94किग्रा और 125किग्रा) उठाकर ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। भारत की हरजिंदर कौर ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन किया, कुल 217किग्रा के साथ चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन पोडियम से चूक गईं।



## सोनम उत्तम मस्कर ने जीता 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक

**भोपाल, (वार्ता)।** रेलवे की सोनम उत्तम मस्कर ने भोपाल स्थित मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल महिला स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोनम ने फाइनल में 252.1 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। गुजरात की इलावेनिल वलारिवन ने 251.7 अंक के साथ रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की आर्या बोरसे ने 230.4 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की श्रद्धा दिवाटे 209.7 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। क्वालिफिकेशन राउंड में महाराष्ट्र की शाम्भवी श्रवण क्षीरसागर ने 633.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इलावेनिल 632.8 अंक के साथ दूसरे और आर्या 631.4 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। केरल की विदार्सा के. विनोद ने भी 631.4 अंक हासिल करते हुए चौथे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया।

### 10 मीटर एयर राइफल जूनियर महिला

पश्चिम बंगाल की तिलोत्तमा सेन ने फाइनल में 253.4 अंक हासिल कर जूनियर महिला वर्ग का खिताब जीता। शाम्भवी 253.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अन्वी विक्रम राठौड़ ने 230.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र की अरित्रा सिंह 208.8 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

### 10 मीटर एयर राइफल यूथ महिला

कर्नाटक की सान्वी आर.पी. ने फाइनल में 251.2 अंक के साथ यूथ महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। पंजाब की ओजस्वी ठाकुर ने 251.1 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि महाराष्ट्र की सानिया शेख ने 229.2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

# स्वितोलिना तीसरी बार फाइनल में, खिताबी मुकाबला गॉफ से

**रोम (वार्ता)।** हाल के वर्षों में डब्ल्यूटीए टूर पर एलिना स्वितोलिना और इगा स्वियाटेक से ज़्यादा शानदार प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ी शायद ही कोई रहे हों। इस जोड़ी ने टूर्नामेंट के पिछले 10 एडिशन में मिलकर पांच टाइटल जीते हैं लेकिन इस साल सिर्फ़ एक ही टाइटल मैच में वापस लौटी क्योंकि गुरुवार के सेमीफाइनल में उनका आमना-सामना हुआ। शुक्रवार को आधी रात के बाद, दो बार की चैंपियन स्वितोलिना ने सेमीफाइनल में तीन बार की विनर स्वियाटेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराया और 2017-18 में लगातार दो ट्रॉफी जीतने के बाद पहली बार टाइटल मैच में वापसी की। फाइनल में उनका सामना कोको गॉफ से होगा। उन्होंने इस साल अमेरिकी खिलाड़ी को दो बार हराया है क्योंकि दोनों महिलाएं सीजन का अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने की कोशिश कर रही हैं। स्वितोलिना ने स्वियाटेक को 2 घंटे 14 मिनट में हराने के बाद कहा, इतने सालों बाद फिर से फाइनल में होना बहुत ही अजीब एहसास है।मुझे लगता है कि इसे इतने शानदार तरीके से करना बहुत ही शानदार



एहसास है। एलेना रायबाकिना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जीत में 16 ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, स्वितोलिना की जीत की खास बात स्वियाटेक के मौकों को रोकने में भी इसी तरह का अच्छा प्रदर्शन करना था। उन्होंने सेमीफ़ाइनल में 16 में से 11 ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें फ़ाइनल सेट में मिले सभी पाँच पॉइंट शामिल थे। इससे टूर्नामेंट में पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 के लिए पिछले दो राउंड के बाद भी एक बड़ा ट्रेंड जारी रहा।

# मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करने की जरूरत नहीं : कोहली

**बेंगलुरु (वार्ता)।** विराट कोहली 2027 का वनडे विश्व कप खेलना चाहते हैं लेकिन इसके साथ ही वह ऐसे माहौल का हिस्सा नहीं होना चाहते जहां उन्हें यह महसूस हो कि उन्हें अपनी क्षमता और अहमियत साबित करनी पड़ रही है। टेस्ट और टी 20 से संन्यास ले चुके कोहली ने सीधे तौर पर यह तो नहीं कहा कि भारतीय टीम का माहौल ऐसा है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के एक पोडकास्ट में उन्होंने कहा कि वह ऐसी जगह काम करने के इच्छुक नहीं हैं जहां लोग कहते हैं कि हमें आपकी काबिलियत पर भरोसा है और एक सप्ताह के भीतर ही वह आपके काम करने के तरीके पर ही सवाल उठाने लगते हैं। कोहली ने कहा, हम 2026 के मध्य में हैं, यह सवाल मेरे से काफ़ी बार पूछा गया है। क्या आप 27 का विश्व कप खेलना चाहते हैं निश्चित तौर पर, अगर मैं क्रिकेट खेल रहा हूं तो इसका मतलब है कि मैं खेलना चाहता हूं। मैं इसे जारी रखना चाहता हूं। भारत के लिए विश्व कप खेलना एक शानदार अनुभव होता है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ खेली अपनी पिछली सात वनडे पारियों में तीन शतक और तीन अर्धशतक लगाए हैं। इस बीच उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी में भी हिस्सा लिया था और दो मुक़ाबलों में उन्होंने 131 और 77 रनों की पारी खेली थी। मेरी सोच स्पष्ट है। अगर मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं और अपना योगदान देता हूं और उस माहौल में सभी को ऐसा लगता है कि मैं कुछ योगदान दे सकता हूं तो मैं उसका हिस्सा रहूंगा। लेकिन अगर मुझे ऐसा महसूस कराया जाता है कि मुझे अपनी क्षमता और अहमयित साबित करने की ज़रूरत है तो मैं वहां नहीं रहूंगा। क्योंकि मैं अपनी तैयारी के प्रति ईमानदार हूं। मैं जिस तरह से खेल को अप्रोच करता हूं उसके प्रति भी ईमानदार रहता हूं। मैं काफ़ी मेहनत करता हूं। मैं ईश्वर का शुक्रगुज़ार हूं कि उन्होंने मुझे क्रिकेट करियर में सबकुछ दिया जो मुझे मिला है। मैं इस अवसर के लिए खुद को भाग्याशाली और आभारी महसूस करता हूं। और जब मैं खेलने जाता हूं तो किसी भी



दूसरे खिलाड़ी या उससे ज़्यादा मेहनत करता हूं। अगर आप चाहते हैं कि मैं किसी वनडे मैच में बाउंड्री से बाउंड्री तक दौड़ूं तो मैं बिना किसी शिकायत के ऐसा करूंगा तो मैं उस हिसाब से तैयारी करता हूं। मैं इस हिसाब से खुद को तैयार करता हूं कि मैं 50 ओवर तक हर एक गेंद पर ऐसे फ़ील्डिंग करूंगा जैसे वो मेरे करियर की आख़िरी गेंद हो। मैं उसी तरह बल्लेबाज़ी करूंगा और विकेटों के बीच दौड़ लगाऊंगा। और टीम के लिए जो कुछ भी मुमकिन होगा मैं वैसा करूंगा। इस तरह से काम करने के बाद भी अगर मुझे ऐसी जगह रहना पड़े जहां मुझे अपनी क्षमता और अहमियत साबित करनी पड़े तो वह जगह मेरे लिए नहीं है और इस बारे में मेरे विचार एकदम स्पष्ट हैं। कोहली ने कहा कि वह अब बस आनंद उठाने के लिए खेल रहे हैं न कि किसी को कुछ साबित करने के लिए। कोहली ने कहा, इसलिए जब मैं दोबारा खेलने गया तो मैं पूरी तरह से स्पष्ट था। मैं वहां किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं जा रहा हूं।

# सप्ताह के अंतिम दिन शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई, (वार्ता)।

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों और रुपये में जारी नरमी के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार शुरुआती तेजी खोते हुए गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 160.73 अंक (0.21 प्रतिशत) नीचे 75,237.99 अंक पर रहा। सुबह बाजार में तेजी थी और एक समय यह 472 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि बाद में बिकवाली के जोर पकड़ने से सेंसेक्स लाल निशान में चला गया। रुपये में जारी गिरावट से भी बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हुई। रुपया आज पहली बार 96.50 प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 46.10 अंक यानी 0.19 फीसदी गिरकर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो दिन बाजार में तेजी रही थी। वृहत बाजार में ज्यादा गिरावट देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.49 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.61



प्रतिशत फिसल गया। धातु, तेल एवं गैस, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों ने बाजार पर दबाव बनाया। वहीं, आईटी, मीडिया और एफएमसीजी समूहों में तेजी रही। एनएसई में जिन 3,366 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,027 के शेयर टूट गये जबकि 1,215 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। अन्य 124 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 के शेयर लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 1.97 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। इटरनल का शेयर 1.93 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.87, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.83, भारतीय स्टेट बैंक का 1.69, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.56 और बीईएल का 1.22 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। एलएंडटी, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, एशियन पेंट्स और एनटीपीसी के शेयर भी फिसल गये। इंफोसिस का शेयर 2.08 प्रतिशत की बढ़त में रहा। टेक महिंद्रा का शेयर 1.86 प्रतिशत, पावर ग्रिड का 1.34, अडानी पोर्ट्स का 1.27, मारुति सुजुकी का 1.14, भारती एयरटेल का 1.13, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.08 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का एक प्रतिशत चढ़ा। सन फार्मा, टाइटन, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडिगो और आईटीसी के शेयरों में भी मजबूती देखी गयी। वैश्विक स्तर शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.99 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग, 1.62 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.02 प्रतिशत फिसल गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.74 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.67 प्रतिशत नीचे था।

## रुपये में ऐतिहासिक गिरावट

***मुंबई ( वार्ता )।*** *अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को पहली बार 96 प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया और अंत में 17 पैसे की गिरावट के साथ 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह भारतीय मुद्रा का अब तक का सबसे निचला बंद स्तर है। इससे पहले, बीच कारोबार में यह 96.14 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक टूट गयी थी। पहली बार एक डॉलर 96 रुपये से ऊपर बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर 95.64 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाला रुपया आज 22 पैसे की गिरावट में 95.64 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। यह नीचे 96.14 रुपये प्रति डॉलर और ऊपर 95.70 रुपये प्रति डॉलर तक गया। अंत में यह 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।*

# सोने का आयात बिल अप्रैल में 82 प्रतिशत बढ़ा

## पेट्रोलियम का 10 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली (वार्ता)।

वित्त वर्ष 2026-27 के पहले महीने अप्रैल में सोने के आयात का देश का खर्च 82 प्रतिशत बढ़ गया जबकि पेट्रोलियम आयात में 10 प्रतिशत की कमी देखी गयी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अप्रैल 2026 में 562.69 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया गया जो पिछले साल अप्रैल की तुलना में 81.69 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 में विदेश से 309.70 करोड़ डॉलर का सोना खरीदा गया था। अप्रैल में चांदी का आयात भी 157 प्रतिशत बढ़कर 41.11 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। सोने-चांदी के आयात में इस वृद्धि का मुख्य कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले एक साल में दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में आया उछाल है। दूसरी तरफ, मूल्य के आधार पर पेट्रोलियम का आयात 10.03 प्रतिशत कम हुआ है। अप्रैल 2026 में देश ने 1,862.60 करोड़ डॉलर का पेट्रोलियम आयात किया। एक साल पहले यह आयात 2,070.15 करोड़ डॉलर



का रहा था। पेट्रोलियम आयात में यह कमी पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के कारण आयी है। भारत जिन देशों से आयात करता है उनमें शीर्ष पांच देशों में अप्रैल में चीन, रूस और सऊदी अरब से आयात बढ़ा है जबकि अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से कम हुआ है। चीन से आयात 20.9 प्रतिशत बढ़कर 1,197.2 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। रूस दूसरे नंबर पर रहा जिससे अप्रैल में 736.3 करोड़ डॉलर का आयात किया गया। यह एक साल पहले के मुकाबले 18.2 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि शीर्ष पांच के देशों में रूस अकेला ऐसा देश है जिससे वित्त वर्ष 2025-26 में आयात में कमी आयी थी। अप्रैल में सऊदी अरब से आयात 30.3 प्रतिशत बढ़कर 384.6 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया।

# चावल, दालों में तेजी, तेलों में घट-बढ़



नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ दालों में भी तेजी देखी गयी। गेहूं और चीनी में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 18 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 2,787 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा तीन रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। तुअर दाल 19 रुपये और उड़द दाल 17 रुपये महंगी हुई। मूंग दाल भी पांच रुपये ऊपर रहा। चना दाल की कीमत पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 24 रिंगिट चढ़कर 4,417 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 73.87 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 58 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। वनस्पति पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही टिका रहा। वहीं, पाम ऑयल 80 रुपये और सोया तेल 66 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सरसों तेल की 29 रुपये गिर गयी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी की कीमत गत दिवस से स्तर पर ही पड़ी रही।दाल चना 7667.11 रुपये, मसूर काली 8114.78 रुपये, मूंग दाल 10177.70 रुपये, उड़द दाल 10841.24 रुपये, तुअर दाल 11262.71 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2787.23 रुपये और चावल 3867.06 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3257.68 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4322.70 रुपये और गुड़ 5049.95 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** स्वर्ण भंडार में तेज उछाल के कारण देश का विदेशी मुद्रा भंडार 08 मई को समाप्त सप्ताह में 6.295 अरब डॉलर बढ़कर सप्ताहांत पर 696.988 अरब डॉलर पर रहा। इससे पहले 01 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.693 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 08 मई को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5,637 अरब डॉलर बढ़कर 120.853 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 56.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 552.387 करोड़ रुपये हो गयी। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड को भी शामिल किया जाता है जिनके मूल्य का आंकलन डॉलर के मुकाबले उनकी संदर्भ दर से होता है।

# अप्रैल 2026 में भारत का निर्यात मजबूत बना रहा : फियो अध्यक्ष

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन्स (फियो) ने देश से वाणिज्यिक वस्तु निर्यात के अप्रैल 2026 के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा है कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश के निर्यात में मजबूत मासिक वृद्धि घरेलू निर्यात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाती है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2026 में भारत का वस्तु निर्यात 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 43.56 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अप्रैल 2025 में यह 38.28 अरब अमेरिकी डॉलर था। इसी दौरान आयात भी पिछले वर्ष इसी अवधि के 65.38 अरब अमेरिकी डॉलर



बढ़कर से 71.94 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अप्रैल में कुल निर्यात (वस्तुएं एवं सेवाएं) 80.80 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। इन आंकड़ों पर फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि अप्रैल 2026 में वस्तु निर्यात में हुई वृद्धि भारतीय निर्यातकों की मजबूत क्षमता और अनुकूलनशीलता को दर्शाती है, विशेषकर ऐसे समय में जब वैश्विक व्यापार वातावरण लगातार अनिश्चित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और बढ़ती लॉजिस्टिक लागतों के बावजूद भारतीय निर्यातकों ने प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। अप्रैल 2026 में हालांकि भारत का वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 28.38 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। फियो अध्यक्ष ने कहा कि व्यापार घाटे में यह वृद्धि मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण हुई है। इससे वैश्विक शिपिंग मार्ग प्रभावित हुए, माल ढुलाई और ऊर्जा लागत बढ़ी तथा भारत के आयात बिल पर महत्वपूर्ण असर पड़ा। श्री रल्हन ने कहा , विशेष रूप से पेट्रोलियम और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि तथा पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी ने व्यापार घाटे को और बढ़ाने में योगदान दिया है। फिर भी वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 80.80 अरब अमेरिकी डॉलर रहने से यह संकेत मिलता है कि भारत का बाहरी व्यापार क्षेत्र अभी भी मजबूत स्थिति में बना हुआ है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी)-इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी भू-राजनीतिक तनावों के कारण वैश्विक व्यापार में भारी

# आदि उत्सव जनजातीय गौरव, संस्कृति और उद्यमिता का है अदभुत संगम : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री रामनगर में आयोजित आदि उत्सव में वर्चुअली हुए शामिल



भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आदि उत्सव जैसे आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विरासत से विकास के संकल्प को पूरा करने का माध्यम भी हैं। जनजातीय संस्कृति से जुड़ी वैभवशाली परम्पराओं के प्रदर्शन और संरक्षण में ऐसे उत्सवों का विशेष महत्व है। पिछले एक दशक से यह आयोजन जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव हमारी प्राकृतिक, सांस्कृतिक और वैभवशाली विरासत को सहेजने के साथ आधुनिक उद्यमिता के माध्यम से उसे नए आयाम देने का सशक्त मंच बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह उत्सव ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो होली और दीपावली एक साथ आ गई हों। उन्होंने मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, सिवनी, उमरिया और छिंदवाड़ा अंचल से पहुंचे गोंड एवं बैगा समाज के भाई-बहनों का स्वागत करते हुए आयोजन की भव्यता की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंडला जिले में रामनगर में हुए आदि उत्सव को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला का गोंड आर्ट, कर्मा, सैला और रीना नृत्य तथा बैगा समाज का परधोनी नृत्य जनजातीय संस्कृति की सुंदर अभिव्यक्ति हैं। इन परंपराओं को संरक्षित करने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने कोदो-कुटकी सहित अन्य मोटे अनाजों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए विशेष अभियान चलाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह उत्सव जनजातीय महापुरुषों और वीर नायकों बिरसामुंडा, रानी दुर्गावती, टंट्याभील, राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथशाह, दलपतशाह की शौर्य गाथाओं का स्मरण कराने वाला प्रेरणादायी मंच भी है।

### आदि उत्सव में हुआ है शिल्पियों का संगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत एक दशक से आदि उत्सव का आयोजन हो रहा है जो प्रशंसनीय है। आदि उत्सव में बैगा ही नहीं गौंड और अन्य जनजातीय बंधु हिस्सा ले रहे हैं। आदि शिल्प में उद्यमियों और शिल्पियों का संगम भी हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजाति बोली और परंपराओं को हमें अगली पीढ़ी तक ले जाना है। जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पारंपरिक वाद्य यंत्र भी यहां उपयोग में लाए गए हैं। साथ ही कर्मा सेला, लोक नृत्य की छटा बिखरी है। श्रीअन्न का उत्सव भी मनाया जा रहा है। प्रदेश में कोदो कुटकी के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया गया है।

### जनजातियों के लिए बढ़ाया है बजट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए 47 हजार 425 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया। तेंदूपत्ता संग्रह कार्य का लाभ जनजाति समाज को मिल रहा है। पीएम जनमन और धरती आबा अभियान से जनजातियों का हित संवर्धन हुआ है। वन धन केंद्रों के माध्यम से भी जनजातीय वर्ग लाभान्वित हो रहा है। अधोसंरचना विकास के कई कार्य किए जा रहे हैं। आकांक्षा योजना के क्रियान्वयन और सांदीपनि एवं एकलव्य विद्यालयों से जनजाति समाज के विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। सिकल सेल जैसे रोगों के नियंत्रण की पहल भी की गई है।

### गोंडवाना गौरव को नई पहचान दे रहा 'आदि उत्सव'

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने कहा कि गोंडवाना राजवंश के इस ऐतिहासिक महल का जीर्णोद्धार कराने के बाद वर्ष 2016 से लगातार यह आदि उत्सव आयोजित किया जा रहा है। जनजातीय गौरव को सम्मान देने की पहल सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी, जब 1999 में उन्होंने पहली बार जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन किया। मंडला के इस महल के जीर्णोद्धार के लिए मंत्रालय ने 1.97 करोड़ रुपये स्वीकृत किये। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, प्रधानमंत्री जनमन, आहार अनुदान, विभिन्न छात्रवृत्तियाँ, जनजातीय बच्चों की उच्च शिक्षा जैसे अनेक काम जनजातीय समाज के कल्याण के लिए किये जा रहे हैं।

### आदि उत्सव राष्ट्रीय स्तर पर बना रहा विशिष्ट पहचान

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने कहा कि रामनगर का 'आदि उत्सव' अब केवल क्षेत्रीय आयोजन नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय अस्मिता, संस्कृति और गौरव के प्रतीक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है।

### आदि उत्सव भावी पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि यह आयोजन जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर आज तक राज परिवार, पंडा, पुजारी एवं भूमका समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने जनजातीय विरासत और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई है।

---

मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने

# प्रशासनिक व्यवस्था को मज़ाक बना दिया है : जीतू पटवारी

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर प्रशासनिक अराजकता, शिक्षकों के साथ अन्याय और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में प्रशासनिक ढांचा पूरी तरह चरमरा गया है। सरकार को यह तक नहीं पता कि लाखों कर्मचारी किस विभाग के अंतर्गत आते हैं और उनकी पेंशन की जिम्मेदारी किसकी है। श्री पटवारी ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लगभग 3 लाख शिक्षकों को अपना कर्मचारी मानने से इंकार किया जाना बेहद गंभीर और अमानवीय मामला है। इस निर्णय के कारण लाखों शिक्षकों की पुरानी पेंशन, सेवा सुरक्षा और लगभग 20 वर्षों की वरिष्ठता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रशासनिक व्यवस्था एक क्रूर मज़ाक बन चुकी है। जो शिक्षक वर्षों से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं, आज वही अपने भविष्य और अधिकारों को लेकर असुरक्षित हैं। सरकार को तत्काल स्पष्ट करना चाहिए कि इन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका, पेंशन और वरिष्ठता की जिम्मेदारी कौन लेगा। श्री पटवारी ने कहा कि एक ओर प्रदेश के लाखों युवा रोजगार की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार लगातार नौकरियां समाप्त कर रही है। मध्य प्रदेश रोजगार पोर्टल पर 25 लाख से अधिक युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया है, जो इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में बेरोजगारी भयावह स्तर पर पहुंच चुकी है। श्री पटवारी ने आरोप लगाया कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के बजाय सरकार ने प्रदेश में 1.2 लाख से अधिक पद समाप्त कर दिए। सरकार यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है कि उसके पास वेतन देने के लिए बजट नहीं है। यदि सरकार के पास कर्मचारियों और युवाओं के लिए बजट नहीं है, तो फिर हजारों करोड़ रुपये के कर्ज लेकर इवेंटबाज़ी और प्रचार पर खर्च कैसे किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के तथाकथित रोजगार मेले केवल दिखावा और प्रचार का माध्यम बन चुके हैं। एक लाख से अधिक पद समाप्त कर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उसे प्रदेश के युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय प्रदेश को बेरोजगारी की ओर धकेल रही है।

श्री पटवारी ने मांग की कि सरकार तत्काल शिक्षकों से जुड़े फैसले को वापस ले और सभी शिक्षकों को नियमानुसार पेंशन, सेवा सुरक्षा एवं वरिष्ठता का लाभ सुनिश्चित करे। साथ ही समाप्त किए गए पदों को पुनः बहाल कर नए पद सृजित किए जाएं ताकि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी शिक्षकों, कर्मचारियों और बेरोजगार युवाओं के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी।

---

# प्रभारी मंत्री परमार ने जिले के पत्रकारों से की चर्चा, विभिन्न मुद्दों पर दी जानकारी



दमोह (स्वतंत्र मत)। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय मुद्दों से लेकर जिले के विकास कार्यों तक विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। पत्रकार वार्ता में सांसद राहुल सिंह लोधी, संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी तथा हटा विधायक उमादेवी खटीक, गोपाल पटैल भी उपस्थित थे। पत्रकार वार्ता में प्रभारी मंत्री ने राष्ट्रीय संकट के समय जनता की भूमिका, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान, आर्थिक स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, पेयजल व्यवस्था, गेहूं उपार्जन, जल संरक्षण, सांदीपनी विद्यालयों और विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से जानकारी साझा की।

राष्ट्रीय संकट में जनता की भूमिका पर रखे विचार

प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक परंपरा रही है कि जब भी देश किसी संकट से गुजरा है, तब जनता और सरकार ने मिलकर उसका सामना किया है।

उन्होंने कहा कि देश ने युद्ध, आर्थिक चुनौतियों और महामारी जैसे कठिन दौर देखे हैंए लेकिन हर बार जनता की सहभागिता और विश्वास ने देश को मजबूत किया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का उदाहरण देते हुए कहा कि पाकिस्तान युद्ध और खाद्यान्न संकट के समय शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था तथा देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास रखने की अपील की थी। उस समय लोगों ने व्यक्तिगत सुविधाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी थी।

---

# गुरुदेव के आशीर्वाद से ही सनातन और सत्य मार्ग का अनुसरण करने की मिलती है प्रेरणा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में जय गुरुदेव आश्रम में श्री गुरुदेव से की भेंट गुरुदेव के अमृत प्रवचन का श्रवण किया



भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में जय गुरुदेव आश्रम में गुरुदेव महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया और उनके अमृत प्रवचनों का श्रवण किया। गुरुदेव उमाकांत जी महाराज ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सदा ऐसे ही समाज की सेवा में लगे रहे और सत्य, सनातन, अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए जन सेवा करते रहें। आज आप अपने कार्यों से जनता के प्यारे बन गए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुदेव के निर्देश पर मंच से ही गुरुदेव के अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरुदेव की उज्जैन में आना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरुवर को देखकर ऐसा लगता है कि स्वयं ईश्वर को देख लिया हो, यह आश्रम परमात्मा का घर है, परमात्मा का आशीर्वाद है कि हमें गुरुवर का आशीर्वाद उनके स्वरूप में मिल रहा है और जीवन में सत्य कार्य करने का जो मार्गदर्शन हमें गुरुवर के चरणों से मिलता है उसे जीवन जीने का नया मार्ग हमें प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाराज जी का आशीर्वाद चिर काल तक हम सभी को मिलता रहे और आनंद के साथ जीवन का यापन करें। सनातन धर्म में मान्यता है कि 84 लाख योनियों के बाद हमें यह मानव जीवन मिलता है। इस मानव जीवन को सही तरीके से जीने का जो मार्ग आपके द्वारा बताया जाता है उससे जीवन सरल और संयमित होकर जीने का मार्ग मिल जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की महाराज जी की कृपा से हमने प्रदेश में गौशालाओं को बनाने और संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। उज्जैन सहित अन्य धार्मिक नगरों में भी शराब बंदी के लागू की है और प्रदेश में उज्जैन ओंकारेश्वर, महेश्वर दतिया, पीतांबरा पीठ, सलकनपुर, ओरछा, चित्रकूट सहित 19 नगर में शराबबंदी का आदेश भगवत कृपा से ही हो पाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन को हम मेट्रो सिटी के साथ-साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक नगरी के रूप में भी स्थापित कर पाएंगे।

---

# श्री शिव साईं धाम में प्रथम शनि जयंती

## महामहोत्सव का आयोजन आज

दमोह (स्वतंत्र मत)। शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री शिव साई धाम वेलाताल टापू पर 16 मई को प्रथम श्री शनि जयंती महामहोत्सव का दिव्य एवं आयोजन किया जायेगा। आयोजन के अंतर्गत प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक श्री शनि देव का पूजन एवं अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात 9 बजे से 12 बजे तक हवन एवं महाआरती का आयोजन होगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी भक्तजन सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे।

---

# भाजपा जिला कोर कमेटी एवं मासिक जिला बैठक संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)।




भाजपा जिला कोर कमेटी एवं मासिक जिला बैठक का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय दमोह में आयोजित की गई। जिले की कोर कमेटी की बैठक में दमोह जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, प्रदेश महामंत्री महामंत्री एवं संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे, जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री श्रीमती अर्चना सिंह, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरेए राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री लखन पटेल, विधायक जयंत मलैया, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी की उपस्थिति बैठक में रही। कोर कमेटी बैठक में जिले से संबंधित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। जिला बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे तथा जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह उपस्थित रहीं।

---

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक का पथरिया दौरा

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति कार्यालय का किया भ्रमण। जनसहभागिता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। सदस्यों के साथ आगामी गतिविधियों पर की चर्चा। पथरिया मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में संचालित नवांकुर संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति बांसा कलां, पथरिया में संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया द्वारा संस्था कार्यालय का भ्रमण किया गया। इस दौरान संस्था के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा सदस्यों से परिचय प्राप्त कर आगामी कार्ययोजनाओं एवं सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत नंदरई स्थित नर्सरी का भी निरीक्षण किया गया।

नगर विकास समिति के सदस्यों एवं मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं के साथ बैठक आयोजित कर जनसहभागिता से समाजहित में कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

---

# मध्यप्रदेश पुलिस की नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

## विगत 5 दिनों में प्रदेशभर में लगभग 1 करोड़ 43 लाख रुपये से अधिक के मादक पदार्थ जब्त



भोपाल (स्वतंत्र मत)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कार्यवाही के दौरान विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने विगत 5 दिनों में 1 करोड़ 43 लाख रूपए से अधिक के मादक पदार्थ, तस्करी में प्रयुक्त वाहन, मोबाइल फोन एवं अन्य सामग्री जब्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।शहडोलः पुलिस द्वारा अवैध गांजा तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग 04 क्विंटल अवैध गांजा, 03 चारपहिया वाहन एवं 07 मोबाइल फोन सहित 75 लाख रूपए की संपत्ति जब्त कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**मंदसौरः** जिले में पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की है। थाना नाहरगढ़ पुलिस ने एक कार से 01 किलो अवैध एमडी ड्रग्स जब्त कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्यवाही में लगभग 30 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की गई। वहीं थाना अफजलपुर पुलिस ने अवैध डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपी को वाहन सहित गिरफ्तार कर लगभग 8 लाख 24 हजार रुपये की संपत्ति जप्त की है। दोनों कार्यवाहियों में लगभग 38 लाख 24 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति जप्त की है।

**रतलामः** जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई करते हुए थाना रिंगनोद पुलिस ने एमडी ड्रग्स सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर 5 लाख 50 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं थाना बरखेड़ा पुलिस ने 735 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक आरोपी एवं एक विधि विरूद्ध बालक को पकड़ा। दोनों कार्यवाहियों में पुलिस ने लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये की संपत्ति जप्त की है।

**राजगढ़ः** जिले में ऑपरेशन शुद्धि के तहत कार्यवाही करते हुए थाना छापीहेड़ा पुलिस ने स्मैक एवं एक्टिवा स्कूटी सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 लाख 20 हजार रूपए की संपत्ति जब्त की है। वहीं बोडा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40.30 ग्राम अवैध स्मैक ( 5 लाख रूपए) जब्त किया।

**गुनाः** जिले के मृगवास थाना पुलिस ने राजस्थान से स्मैक तस्करी कर रहे अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित लगभग 06 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**भोपालः** थाना हनुमानगंज पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 37 ग्राम एमडी ड्रग्स (लगभग 04 लाख रुपये) जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**रीवाः** रीवा के थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए 608 शीशी कोडीन युक्त नशीली कफ सिरप जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जप्त कफ सिरप की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 22 हजार रुपये है।

**सीहोरः** जिले के थाना शाहगंज पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8 किलो 459 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर लगभग 90 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**बैतूलः** जिले के सारणी थाना पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 4.783 किलोग्राम गांजा जब्त किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह घोषणा करता हूँ कि मैं प्रदीप कुमार, निवासी मकान क्रमांक 64, जे.डी.ए. स्कीम क्रमांक 41, एकता नगर, विजय नगर, जबलपुर, अपना नाम प्रदीप कुमार से बदलकर प्रदीप कुमार जैन कर रहा हूँ, जहाँ प्रदीप कुमार मेरा पूर्ण पुराना नाम है तथा प्रदीप कुमार जैन मेरा पूर्ण नया नाम है।

मेरा पुराना नाम
प्रदीप कुमार

मेरा नया नाम
प्रदीप कुमार जैन

**नाम परिवर्तन**

मैं SUSHMA SOY MURUM पिता DAVID SOY MURUM निवासी Qtrs No. RB-2 241 / 23, BEHIND RAILWAY HOSPITAL INDRA MARKET, JABALPUR, MADHYA PRADESH - 482001 कथन करती हूँ कि मेरे मैट्रिक (10th) के सर्टीफिकेट / मार्कशिट में मेरा नाम SUSHMA SOY MURMU पिता DAVID SOY MURUM लिखा है जिसे मैने बदलकर SUSHMA SOY MURUM पिता DAVID SOY MURUM कर लिया है। अतः मुझे SUSHMA SOY MURUM पिता DAVID SOY MURUM नाम से जाना व लिखा जाये

पूर्व का नाम
SUSHMA SOY MURMU
पिता का नाम
DAVID SOY MURUM
परिवर्तित नाम
SUSHMA SOY MURUM
पिता का नाम
DAVID SOY MURUM
पता : Qtrs No.: RB-2, 241 / 23,
BEHIND RAILWAY HOSPITAL, INDRA MARKET, JABALPUR, MADHYA PRADESH -482001



## ➤ खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही

# गंदगी के बीच लोगों को खिलाई जा रही चाट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । खाद्य विभाग द्वार शुक्रवार को दीक्षितपुरा स्थित ठाकुर चाट भण्डार का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्रई कुमार दुबे ने बताया कि जिस जगह पर चाट और उससे जुड़ी सामग्री बनाई जा रही थी, वहां न तो छत थी और न ही दीवारें थीं। चारों तरफ बदबूदार माहौल के बीच खाने पीने की चीजें तैयार की जा रही थीं, जिस पर टीम ने तत्काल प्रभाव से खाद्य सामग्री का निर्माण रुकवा दिया। बिना लाइसेंस और गंदगी के बीच खाद्य सामग्री का निर्माण करने के इस मामले में ठाकुर चाट भंडार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम तहत मामला दर्ज किया गया है

## ➤ घर के अंदर घुसकर वृद्धा से छीना मंगलसूत्र

# गढ़ा थाना क्षेत्र में वारदात, आरोपी की तलाश में पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। चोरों के हौसले अब इतने बुलंद है कि अब वह घर के अंदर घुसकर वारदात को अंजाम दे रहे है। दरअसल गढ़ा थाने में 52 वर्षीय प्रमोद यादव, निवासी बेदीनगर गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 70 वर्षीय मां राजकुमारी यादव उसके साथ रहती हैं। 14 मई की शाम मां अपने कमरे के पास थी अचानक उनके चिल्लाने की आवाज आने पर जाकर देखा तो एक लडका हरी शर्ट काला पेंट पहने भागते दिखा और मॉ ने बताया कि युवक उनका मंगलसूत्र छीनकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया है।








# हितकारिणी समर कैंप में छात्रों ने सीखी एक से बढ़कर एक विधाएं

## 15 दिवसीय समर कैंप का हुआ भव्य समापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र खेल, युवा कल्याण विभाग तथा हितकारिणी सभा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह शुक्रवार को हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज के हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि हितकारिणी सभा की सभापति सुनयना पटेरिया रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसभापति मुकुल खम्परिया ने की। हितकारिणी विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में समर कैंप का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए बताया की जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अतः छात्रों को खेलों में लगातार बने रहना चाहिए।



सुनयना पटेरिया में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अपने पसंदीदा खेलों में रुचि के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर ने बताया कि इस वर्ष समर कैंप में कुछ नई विधाओं को भी समाहित किया था, जिसका बहुत अच्छा अनुभव रहा ।

### सामूहिक जुंबा एवं योग का प्रदर्शन

खो-खो कबड्डी वॉलीबॉल योग के अतिरिक्त इस वर्ष छात्रों को पिकल बॉल, जुंबा, रग्बी तथा थिएटर मंचन का भी प्रशिक्षण दिया गया । जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन के पूर्व शहीद स्मारक गोल बाजार स्थित मैदान में छात्र-छात्राओं ने जुंबा एवं योग का सामूहिक प्रदर्शन कर सभी को सम्मोहित किया । समर कैंप में छात्र-छात्राओं को विद्या परिषद द्वारा टी-शर्ट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान हितकारिणी विद्यालयों के प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव, चित्र परिहार, स्नेह लता श्रीवास्तव, माधुरी शुक्ला, सारिका मिश्रा तथा खेल अधिकारी उपस्थित रहे । समर कैंप को सफल बनाने में खेल अधिकारी दिनेश सिंह, राजेंद्र तिवारी, संयोजक राजीव श्रीवास्तव, शेखर खंपरिया, अंजली शर्मा, मीनाक्षी धुरिया, दिनेश झरिया एवं अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

# देवास हादसे के बाद शहर के अवैध पटाखा भंडारों पर प्रशासन की पैनी नजर



## पनागर में कई ठिकानों पर हुई छापेमार कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

देवास पटाखा फैक्ट्री हादसे के बाद जबलपुर में भी जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। शक्रवार को जिले के पनागर तहसील में प्रशासन ने अवैध पटाखा भंडारण और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को लेकर व्यापक जांच अभियान चलाया है। जिला प्रशासन की टीम ने पनागर क्षेत्र के विभिन्न संदिग्ध स्थानों का दौरा किया और स्टॉक की बारीकी से जांच की। इस संबंध में एसडीएम अभिषेक सिंह ठाकुर ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में स्थित सभी प्रमुख पटाखा दुकानों और गोदामों का निरीक्षण किया जा चुका है, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। विशेष रूप से पनागर क्षेत्र में चार दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया, जिनमें से 3 दुकानों के स्टॉक को अधिकारियों ने मौके पर परखा।

वहीं एक दुकान को पूर्व में ही कोर्ट के आदेशानुसार सील कर दिया गया था। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान केवल पनागर तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पटाखों का भंडारण और बिक्री निर्धारित नियमों के तहत ही हो।

## प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री बे-रोकटोक जारी

पहले हरदा में, अब देवास में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से स्पष्ट हुआ कि 2 वर्ष पूर्व के नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश का पालन नहीं किया गया है। मुख्य सचिव, डीजीपी तथा जिला प्रशासन ने एनजीटी के आदेश की अनदेखी की तथा प्रतिबंधित पटाखों का उत्पादन बेरोकटोक जारी रहा। उक्त आशय कहते हुए याचिकाकर्ता डॉ.पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि जब एनजीटी के 2 वर्ष पूर्व के-दि. 12 जुलाई 2024 के आदेश का पालन नहीं हुआ तब उन्होंने एनजीटी पुनः मिस्लेनियस याचिका दायर की थी। इस याचिका पर 12 मई 2026 को न्या. शेव कुमार सिंग तथा एक्सपर्ट मेम्बर डॉ. अफरोज अहमद ने सख्त आदेश दिया कि पुलिस की जिम्मेदारी है अन्यथा संबंधित थाना अधिकारियों पर कोर्ट के अवहेलना का केस दायर किया जाये।

## खेत में पड़ा मिला युवक का शव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। पाटन थाना अंतर्गत ग्राम कटरा बेलखेड़ा में खेत के पास एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पर पहुँची पुलिस को 32 वर्षीय देवी सिंह लोधी निवासी ग्राम धमनी,पाटन ने बताया कि उसका 30 वर्षीय भाई जीवन सिंह निवासी ग्राम धमनी अपनी पत्नी का इलाज कराने राम डाक्टर कटरा के पास गया था। पत्नी और बाइक को वहीँ छोड़कर शाम लगभग 6 बजे पैदल कहीं चला गया था। जब उसने भाई जीवन सिंह की तलाश कि तो वह नही मिला। आज भांजा नीलेश सिंह लोधी ने उसे खेत में आकर बताया कि मामा जीवन सिंह का शव कटरा के कोटवार के खेत में पड़ा है, वह अपने परिवार सहित नीलेश के साथ कटरा बेलखेड़ा गांव कोटवार के खेत जाकर देखे उसके भाई का शव पड़ा मिला जिसकी गर्दन में चोट, वायीं ऑख के पास चोट का काला निशान, दाहिने हाथ में 2 दिन पुरानी चोट है।

## निगमायुक्त ने जांची कई वार्डो की साफ-सफाई



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से साफ-सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आधारताल संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति को देखा और स्वच्छता कर्मियों को नियमित रूप से कचरा उठाने तथा सड़कों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निगमायुक्त ने मौके पर ही अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और वार्डों की छोटी-मोटी समस्याओं को तत्काल दूर करने के कड़े निर्देश दिए।

## कांग्रेस आज निकालेगी मशाल जुलूस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलों में नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में मशाल जुलूस आयोजित किए जा रहे हैं। सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि इसी क्रम में शहर कांग्रेस द्वारा भी विद्यार्थियों के हितों की रक्षा, दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर 16 मई शनिवार शाम 6:30 बजे विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मशाल जुलूस रसल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर राजीव गांधी चौक तक होगा।

## पकरिया रोड स्टेशन पर नहीं रुकेंगी 3 ट्रेनें, कई होंगी रेगुलेट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। पमरे के जबलपुर मंडल अंतर्गत रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशन पर प्री-नॉनइंटरलॉकिंग एवं नॉनइंटरलॉकिंग का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस बुनियादी ढांचे के उन्नयन और विकास कार्य के चलते पकरिया रोड स्टेशन पर पश्चिम मध्य रेल से शुरू और समाप्त होने वाली 3 प्रमुख ट्रेनों का चार दिनों तक ठहराव अस्थाई रूप से निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही, इस मार्ग से गुजरने वाली कई अन्य ट्रेनों के समय में भी फेरबदल करते हुए उन्हें रेगुलेट कर चलाया जाएगा। जिन तीन ट्रेनों का ठहराव पकरिया रोड स्टेशन पर नहीं होगा, उनमें इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस



(11273) आगामी 17 से 20 मई तक, जबलपुर-रीवा शटल एक्सप्रेस (11705) और कटनी-सतना मेमू ट्रेन (61605) दिनांक 18 मई से 21 मई तक इस स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। ट्रेनों के ठहराव बंद होने के साथ-साथ परिचालन आवश्यकताओं को देखते हुए कई ट्रेनों को रास्ते में रोककर यानी रेगुलेट कर चलाया जाएगा।

# राष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लेने आज शहर में रहेंगे भारत के प्रधान न्यायाधीश

## डिजिटल न्याय व्यवस्था पर होगा मंथन

## कानून मंत्री सहित सुको के 9 जज होंगे शामिल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शहर में आज शनिवार को न्यायपालिका में टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंटीग्रेशन को लेकर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में सुप्रीम कोर्ट के 9 जज शामिल होने जा रहे है। कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश सहित केंद्रीय कानून मंत्री और मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। इसे लेकर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। दरअसल मप्र हाईकोर्ट की ओर से शनिवार को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। फ्रेगमेंटेशन टू फ्यूजन एम्पॉवरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन विषय पर आधारित यह सेमिनार नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर में आज सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत होंगे। वहीं मोहन यादव और अर्जुन राम मेघवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

***डिजिटल न्याय प्रणाली की दिशा होगी तय***- मप्र हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह के मुताबिक सेमिनार में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, जस्टिस पीएस नरसिम्हा, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा, जस्टिस पीबी वारले, जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह, जस्टिस आर महादेवन, जस्टिस मनमोहन और जस्टिस आलोक अराधे भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा संजीव सचदेवा सहित हाईकोर्ट के सभी न्यायाधीश कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सेमिनार में ई-कोर्ट सिस्टम, डेटा इंटीग्रेशन, यूनिफाइड डिजिटल प्लेटफॉर्म और तकनीक आधारित न्याय व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। माना जा रहा है कि यह आयोजन देश की भविष्य की डिजिटल न्याय प्रणाली की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## स्टेशन ऑपरेटर के साथ मारपीट मामले में जल्द गिरफ्तारी की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर ओएंडएम सर्किल के अंतर्गत पाटन संभाग में सबस्टेशन में ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटर चंद्रभान पटेल एवं हेल्पर के साथ उपभोक्ता सुशील पटेल एवं नितीश दुबे सहित लगभग 8-10 लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट के मामले में मप्र विमं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 14 मई की रात लगभग 1 बजे बिजली उपभोक्ता द्वारा की गई मारपीट में आउटसोर्स कर्मी सबस्टेशन ऑपरेटर चंद्रभान पटेल के हाथ, पैर एवं आंख में गंभीर चोट आई है। उसका हाथ में फैक्चर हो गया है। वहीं घटना की जानकारी डीसी के कनिष्ठ अभियंता एवं सहायक अभियंता को दी गई थी।





South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

| | |
|---|---|
| PATI PATNI AUR WOH DO (HIN) | 9:00 AM, 10:10 AM, 11:30 AM, 2:00 PM, 4:30 PM, 7:00 PM, 9:30 PM & 10:35 PM \| RUBY 9:00 PM |
| AAKHRI SAWAL (HIN) | RUBY 4:30 PM & 9:30 PM |
| BHOOTH BANGLA (HIN) | 12:30 PM, 3:40 PM, 6:50 PM & 10:00 PM |
| IIZ: INDIAN INSTITUTE OF ZOMBIES (HIN) | RUBY 9:30 AM |
| KRISHNAVATARAM PART 1 (HIN) | 9:40 AM, 12:30 PM & 3:25 PM \| RUBY 6:45 PM |
| DAADI KI SHAADI (HIN) | RUBY 1:50 PM |
| MORTAL KOMBAT II (HIN/ENG) | RUBY HIN - 12:00 PM<br>RUBY ENG - 2:10 PM |
| RAJA SHIVAJI (HIN) | RUBY 10:30 AM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 4:20 PM & 6:40 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HIN) | 6:20 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC 5 BIG SCREENS Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508





हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**